# शिक्षा विभाग में शासकीय राशि की हेरा-फेरी करने के आरोप-प्रत्यारोप का दौर थमने का नाम ही नहीं ले रहा

## एक प्रधान अध्यापक ने लगाया पूर्व बीआरसी और एक स्कूली सामग्री का विक्रय करने वाले दुकान संचालक पर शासकीय राशि में हेरा-फेरी करने का आरोप

बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। इन दिनों शिक्षा विभाग में शासकीय राशि को हेरा फेरी करने का मामला थमने का नाम ही नहीं ले रहा, अभी कुछ दिन पहले बालाघाट विकासखंड में करोड़ों की शासकीय राशि का हेर फेर हुआ था, उसके बाद बीआरसी कार्यालय में पूर्व बीआरसी द्वारा शासकीय राशि को अपने खाते में बुलाए जाने का मामला चल ही रहा है, उसके बाद पुनः एक अध्यापक द्वारा पूर्व बीआरसी पर शाला विकास के नाम पर आने वाली राशि में फिर हेर फेर करने का आरोप पूर्व बीआरसी और एक दुकान संचालक पर लगाया गया है। आपको बता दे की जहां एक ओर शासन प्रशासन द्वारा यह अपील की जाती है कि शासन से आने वाली योजनाएं व शासकीय राशि को अंतिम छोर के व्यक्तियों तक पहुंचाया जाए, किंतु देखने को यह आ रहा है कि शासकीय अधिकारी और शासकीय कर्मचारियों के द्वारा ही शासकीय राशि की हेरा फेरी कर अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर शासकीय राशि का हेरा फेरी के आरोप लगाये जा रहे हैं, ताजा मामला शिक्षा विभाग से जुड़ा हुआ है इसके पहले भी शिक्षा विभाग में करोड़ों की शासकीय राशि की हेरा फेरी करने का मामला विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बालाघाट में हुआ था, उसके बाद बीआरसी कार्यालय में पूर्व बीआरसी उमेश गौतम द्वारा शासकीय राशि को अपने खाते में बुलाने का मामला अभी चल ही रहा है कि वही शासकीय प्राथमिक शाला गठियाटोला के प्रधान अध्यापक द्वारा पूर्व बीआरसी और एक आशीष प्रकाशन स्टेशनरी दुकान के संचालक पर शाला विकास की राशि में हेर फेर करने का आरोप लगाए गए हैं ।

### जब तक पूर्व बीआरसी उमेश गौतम द्वारा सामग्री देने को नहीं कहा जाएगा ,तब तक सामग्री नहीं देंगे - चंदूलाल हिरेद्रंवर

जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला गठियाटोला के प्रधान अध्यापक चंदूलाल हिरेद्रंवर द्वारा बताया गया कि वर्ष 2023 में फरवरी माह में शाला विकास की राशि 11000 रुपए आई थी, जिससे स्कूल में उपयोग



आने वाली सामग्री का क्रय करना था और पूर्व बीआरसी द्वारा उन्हें अपने परिचित आशीष प्रकाशन के दुकान संचालक के वेंडर के यहां के बिल लाने और लगाने को कहा गया और उनके द्वारा आशीष प्रकाशन के वेंडर के खाते में 11000 रूपये की राशि डलवा दी गई, किंतु जब वह राशि डालने के बाद सामग्री क्रय करने गए तो वेंडर द्वारा उन्हें सामग्री देने से मना कर दिया गया, उन्होंने कहा कि जब तक पूर्व बीआरसी उमेश गौतम द्वारा सामग्री देने को नहीं कहा जाएगा ,तब तक वह सामग्री नहीं देंगे ,जब प्रधान अध्यापक द्वारा इसकी जानकारी पूर्व बीआरसी उमेश गौतम को दी गई, तो उनके द्वारा प्रधान अध्यापक से कहा गया कि वह जाए और उनसे 6000 रूपये की राशि ले ले, जब प्रधान अध्यापक द्वारा आशीष प्रशासन के संचालक से सामग्री की जगह पैसे मांगा गया तब भी उन्होंने उन्हें बिना पूर्व बीआरसी के कोई भी राशि या सामग्री देने से मना कर दिया गया जब इसकी जानकारी पुनः पूर्व बीआरसी को दी गई तो उन्होंने साफ कह दिया कि वह उनके और वेंडर के बीच में नहीं पढ़ना चाहते ,वह अपने स्तर से मामले को निपटाए ,उसके बाद 11000रूपये की राशि और ना ही सामग्री वेंडर के द्वारा दी गई , उसके बाद प्रधान अध्यापक द्वारा इस सत्र में 6000 रूपये की राशि चेक के माध्यम से सामग्री का ऋय किया गया है, किंतु खाते में राशि नहीं होने की वजह से उन्होंने उनसे कहा कि पुराने 11000 रूपये की राशि में से वह 6000 रूपये काट ले, तब दुकान मालिक द्वारा कहा गया कि पुरानी 11000 की कोई राशि नहीं है और उन्हें पुनः 6000 रूपये देना होगा, जबकि प्रधान अध्यापक का कहना है कि जो पुरानी 11000 रूपये की राशि है उसका लेनदेन और हिसाब किताब हुआ ही नहीं, जिसकी शिकायत उन्होंने शिक्षा विभाग और जिला कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा के यहां भी किया हैं, और अब प्रधान अध्यापक का कहना है कि इस मामले में संबंधित विभाग के द्वारा जांच की कार्रवाई की जाए जिससे जो पूर्व बीआरसी उमेश गौतम और आशीष प्रकाशन के ऊपर कार्रवाई करते हुए शासकीय राशि का हिसाब ले।

### राशि डलवाने के पहले ही बिल और सामग्री ले ली थी- आशीष

जब हमारे द्वारा इस विषय को लेकर आशीष प्रकाशन के संचालक से चर्चा की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि जो प्राथमिक शाला गठियाटोला के प्रधान अध्यापक द्वारा आरोप लगाए गए हैं वह गलत है



उनके द्वारा जो शाला विकास की राशि आई थी, उसके बिल और उसकी सामग्री उन्हें पहले ही दे दी गई है और उसमें पूर्व बीआरसी का कोई भी विषय नहीं है उन्होंने बताया कि उन्होंने राशि डलवाने के पहले ही बिल और सामग्री ले ली थी, उसके बाद राशि डलवाई गई है और उन पर जो आरोप लगाए जा रहे हैं वह पूर्णतः निराधार हैं।

### दुर्भावना वश मुझ पर आरोप लगा रहे हैं - उमेश गौतम

जब हमारे द्वारा इस विषय को लेकर पूर्व बीआरसी उमेश गौतम से दूरभाष पर चर्चा की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि जो प्रधान अध्यापक द्वारा उन पर आरोप लगाए गए हैं, वह सब झूठे हैं क्योंकि जिस राशि की बात कर रहे हैं उसे राशि के विषय में उनका किसी प्रकार का कोई हस्तक्षेप नहीं रहता है वह दुर्भावना वश उन पर आरोप लगा रहे हैं।

### जल्द ही इस विषय में जांच की कार्यवाही की जायेगी - दशरथ गौतम

जब हमारे द्वारा इस पूरे विषय को लेकर वर्तमान प्रभारी बीआरसी दशरथ गौतम से दूरभाष पर चर्चा की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि उन्हें डीपीसी कार्यालय से एक जांच करने के लिए विषय मिला है वह संभवतः यही है किंतु अभी परीक्षाओं का दौरा होने की वजह से उन्होंने इस मामले में टीम नहीं बनाई है ,जल्द ही वह एक टीम गठित कर इस मामले में जांच की कार्रवाई करवाएंगे, उसके बाद ही वह बता पाएंगे कि यह विषय किस प्रकार का है ,किंतु वह जल्द ही इस विषय में जांच की कार्यवाही करवायेगे ।

# जिला अधिवक्ता संघ बालाघाट की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिलाअधिवक्ता संघ बालाघाट के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण




का समारोह नगर के एक निजी लान अयोजित किया गया। शनिवार की देर शाम अयोजित इस शपथ ग्रहण के कार्यक्रम में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर से न्याय मूर्ति संजय द्विवेदी , शैलेंद्र वर्मा, मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के सदस्य संजय वर्मा, अध्यक्ष मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ जबलपुर और परितोष त्रिवेदी सचिव मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ जबलपुर प्रमुख रूप से विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश चंद्र थपलियाल प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा की गई।कार्यक्रम में बालाघाट जिले के समस्त न्यायालय के न्यायाधीश गण तथा समस्त न्यायालय के अधिवक्ता गण उपस्थित थे।जिले में अधिवक्ता संघ द्वारा ऐसा अभिनव समागम प्रथम बार हुआ।कार्यक्रम में न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी द्वारा समस्त कार्यकारिणी को प्रमाण पत्र वितरित कर पदभार ग्रहण कराया जिसमें अध्यक्ष आनंद टेमरे अधिवक्ता ,उपाध्यक्ष मीना कुर्वे, सचिन महेंद्र मधु बिसेन, सहसचिव श्रीमती संगीता नागेश्वर, आनंद मेश्राम, कोषाध्यक्ष संजय अग्निहोत्री ,ग्रंथपाल धनंजय देशमुख, कार्यकारिणी सदस्य अनिल अग्रवाल तिलक कावरे, श्रीमती सायरा शेख, शुभम बोस, श्रीमती दिनेश्वरी राणा, सत्य प्रकाश शुल्के, राकेश सिंगारे, आनंद गजभिए, श्रीमती गीतेश्वरी कुंजाम को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।कार्यक्रम में बालाघाट,कटंगी वारासिवनी, बैहर, किरनापुर से अधिवक्ता गण भी उपस्थित रहे। समस्त अधिवक्ता गणों की उपस्थिति में पदभार ग्रहण का भव्य आयोजन सम्पन्न किया गया ।

# एम.पी.ट्रांसको बालाघाट में आज मनाया जायेगा राष्ट्रीय लाइनमैन दिवस

## सम्मानित किए जाएंगे बालाघाट के लाइनमैन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। प्रत्येक मौसम की विषम से विषम परिस्थितियों और दुर्गम भौगोलिक क्षेत्रों में मध्य प्रदेश की 41 हजार सर्किट कि.मी. से अधिक की अति उच्च दाब ट्रांसमिशन लाइनों के माध्यम से मध्यप्रदेश में भरोसेमंद विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित रखने वाले एम.पी. ट्रांस्को की महत्वपूर्ण कड़ी लाइनमैन के योगदान को मान्यता देकर आदर-भावना प्रकट करने एम.पी. ट्रांस्को (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) बालाघाट के ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस कार्यालय में 04 मार्च को राष्ट्रीय लाइनमैन एवं राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया जायेगा। इसके तहत बालाघाट सहित एम.पी. ट्रांस्को के 40 ट्रांसमिशन लाइन मेंनटेनेंस कार्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर एम पी ट्रांसको के असाधारण कार्य क्षमता दिखाने वाले लाइनमैनों

# तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई मारपीट में तीन घायल

## घायलों का जिला अस्पताल में चल रहा उपचार

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। जिले के तीन अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुई मारपीट की घटना में तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।घायलों में थाना हट्टा ग्राम नहरवानी वार्ड नंबर 8 निवासी 26 वर्षीय तरुण पिता गणेश चौहान, थाना भरवेली, धन्सुआ ग्राम गढ़िया टोला निवासी 45 वर्षीय चैनवंती बाई पति तरवन टेकाम और कोतवाली थाना वार्ड नंबर 24 निवासी 49 वर्षीय लक्ष्मी बाई पति अनूप मेश्राम के नाम का समावेश है। जिन्हें मारपीट में घायल होने पर उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार जारी है।**



### पुरानी रंजिश को लेकर की गई मारपीट में तरुण घायल

मारपीट का पहला मामला हट्टा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम केशलेवाड़ा का है। जहां पैदल घर जा रहे एक व्यक्ति का धक्का लगने से पुरानी रंजिश को लेकर तीन से चार लोगों ने एक व्यक्ति की पिटाई कर दी।जहा मारपीट में गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्ति का नाम ग्राम नहरवानी वार्ड नंबर 8 निवासी 26 वर्षीय तरुण पिता गणेश चौहान बताया गया है जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नहरवानी निवासी तरुण स्ट्रीट लाइट लगाने का काम करता है जो बीती रात केशलेवाड़ा निवासी अपने बड़े पिता घनश्याम चौहान के घर किसी काम से गया था।रात्रि करीब 11 बजे तरुण अपने बड़े पिता के घर से पैदल वापस अपने घर नहरवानी के लिए निकला था, तभी रास्ते से एक बारात केशलेवाड़ा जा रही थी। इसी दरमियान किसी व्यक्ति को तरुण का धक्का लग गया जहां पुरानी रंजीश को लेकर तीन से चार लोगों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।उधर घटना की जानकारी मिलने पर तरुण के परिजनों ने बीच बचाव किया वहीं मामले की सूचना डायल 100 पर पुलिस को दी। जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने तरुण को उपचार के लिए डायल हंड्रेड की मदद से जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया है। जहां उसका उपचार जारी है।

### चरित्र संदेह को लेकर पति ने पत्नी से की मारपीट

मारपीट का दूसरा मामला भरवेली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पोस्ट धन्सुआ के ग्राम गढ़िया टोला का है। जहां चरित्र सन्देह को लेकर एक पति ने अपनी पत्नी की पिटाई कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पति के द्वारा की गई मारपीट में गंभीर रूप से घायल हुई महिला का नाम गढ़िया टोला वार्ड नंबर 13 निवासी 45 वर्षीय चैनवंती बाई पति तरवन टेकाम बताया गया है। जिसका जिला अस्पताल में उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भरवेली थाना गढ़िया टोला निवासी चैनवंती बाई टेकाम खेतीबाड़ी का काम करती है। जिसका पति तरवन टेकाम आए दिनों किसी न किसी बात पर पत्नी के चरित्र पर शक कर विवाद करता रहता है। बताया जा रहा है कि चरित्र सन्देह को लेकर अक्सर पति-पत्नी के बीच झगड़े होते रहते है।जानकारी के अनुसार शनिवार को चैनवंती बाई समग्र आईडी से नाम काटने के लिए चिखलाझोड़ी पंचायत गई थी। जहां से वापस घर आने में उसे देरी हो गई। जहां देरी से घर पहुंचने पर पति तरवन टेकाम ने पुनः पत्नी के चरित्र पर शक करते हुए उसके साथ विवाद शुरू कर दिया। जहां तू -तू ,मैं -मै, से शुरू हुआ यह विवाद जल्द ही हातापाई में बदल गया और आवेश में आकर पति तरवन ने पत्नी चैनवंती बाई की बे-दम पिटाई कर दी. वहीं गुप्तांग में वार करने से पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई.जिसकी सम्पूर्ण जानकारी चैनवंती ने अपनी बहन के घर जाकर बहन और अन्य परिजनों को दी। जिस पर उसके परिजनों ने निजी वाहन से चैनवंती को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया है जहां उसका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि यहां पहला मामला नहीं है जब तरवन टेकाम ने चरित्र संदेह को लेकर पत्नी चैनवंती से मारपीट की हो, बल्कि इसके पूर्व भी परसवाड़ा से घर देरी से लौटने सहित अन्य मामलों को लेकर भी तरवन ने चैनवंती बाई के साथ मारपीट की है।

### पड़ोसियों ने महिला पड़ोसी की कर दि पिटाई

मारपीट का तीसरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 24 का बताया गया है जहां पड़ोसी पति-पत्नी ने मिलकर एक महिला की पिटाई कर उसे घायल कर दिया। जिसे उपचार के लिए उनके परिजनों द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मारपीट की इस घटना में घायल हुई महिला का नाम वार्ड नंबर 24 निवासी 49 वर्षीय लक्ष्मी बाई पति अनूप मेंश्राम बताया गया है। जिसका जिला अस्पताल में उपचार जारी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 24 निवासी लक्ष्मीबाई दूसरों के घरों में झाड़ू पोछा का काम करती है, जो शनिवार की शाम अपने पुत्र राजा मेश्राम के साथ अपनी पड़ोसन श्रद्धा मंडलकर के भाई चिंटू भोंडे के बारे में कुछ बात कर रही थी। जिसे पड़ोसन श्रद्धा ने सुन ली ,भाई की बुराई करने पर नाराज हुई पड़ोसन श्रद्धा पति अजय मंडलकर लक्ष्मीबाई मेश्राम के घर पहुंच गई और गाली गलौज कर अपशब्दों का उपयोग करने लगी। जहां गाली देने से मना करने पर वह मारपीट पर उतारू हो गई जिस पर लक्ष्मी मेश्राम ने डायल 100 में फोन कर मामले की जानकारी पुलिस को दी और मदद के लिए पुलिस को उनके घर आने को कहा। जहां लक्ष्मीबाई अभी पुलिस आने का इंतजार कर रही थी की पड़ोसन श्रद्धा के पति अजय मंडलकर ने गाली गलौज कर श्रद्धा के साथ मारपीट शुरू कर दी। जहां इस मारपीट में लक्ष्मीबाई के घायल होने पर उनके परिजनों ने 108 एंबुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया है जहां उसका उपचार जारी है।

# पीजी कॉलेज में अयोजित दो दिवसीय विज्ञान महोत्सव सम्पन्न

## मॉडल प्रतियोगिता में स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को विभिन्न पुरस्कारों के किए गए वितरण

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिले के अग्रणी महाविद्यालय शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में दो दिवसीय विज्ञान महोत्सव का पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न महाविद्यालय से आए युवा वैज्ञानिकों ने अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर तीन कैटेगरी में (विज्ञान, कृषि, कला, एवं भाषा तथा वाणिज्य प्रबंधन एवं विधि के अंतर्गत) कुल 72 प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया गया जिसमें कुल 128 विद्यार्थियों ने सहभागिता दर्ज की । यह अन्वेषण प्रतियोगिता दो चरणों में संपन्न हुई जिसमें प्रथम चरण में विद्यार्थियों द्वारा अपने मॉडल का प्रदर्शन किया गया जिसमें प्रत्येक केटेगरी से 5-5 प्रोजेक्ट का चयन किया गया।तो वही द्वितीय चरण में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन द्वारा प्रत्येक केटेगरी से प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोजेक्ट का चयन किया गया। तीन कैटेगरी में स्नातक के स्नातकोत्तर स्तर पर कुल 18 पुरस्कार का वितरण किया गया।जिसमें प्रथम स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को नगद 5000 रु, द्वितीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को नगद 3000 रु और तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को नगद 1000 रु पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए गए । इस दो दिवसीय विज्ञान महोत्सव में डॉ. संजय ढोबले, प्राध्यापक भौतिक शास्त्र नागपुर विश्वविद्यालय , डॉक्टर पी. बी.मेश्राम, वैज्ञानिक टी.एफ. आर. आई. द्वारा अतिथि व्याख्यान दिया गया



। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की जन भागीदारी अध्यक्ष श्रीमती मौसम हरिंखेड़े के साथ साथ नगर के गणमान्य नागरिकों एवं उद्योगपतियों में किरण भाई त्रिवेदी, संजय वैध, अमरपाल गांधी, संतोष जायसवाल, आशीष श्रीवास्तव, कैलाश अग्रवाल, संतोष मिश्रा, अतुल पारधी, श्री चंदेले ,और श्री शुक्ला , द्वारा विद्यार्थियों को पुरस्कार राशि प्रदान की गई। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी. आर. चंदेलकर,वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. गोविंद सिरसाटे, डॉ. पी. एस. कातूलकर, डॉ सीमा श्रीवास्तव एवं डॉ. कंचन मसराम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ. एम.एस. मरकाम, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. दुर्गेश अगासे रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के अंतर्गत डॉ. प्रवीण कौशले, डॉ. सरिता चौरे, प्रो. राकेश पटले, प्रो. आनंद पारधी,प्रो प्रशांत डहाटे, डॉ. साजिया तबस्सुम, डॉ पुष्पलता कमलेशिया, प्रो सुजाता साल्वे,डॉ. लालसिंह सोलंकी, प्रो. सविता गेडाम डॉ. रानू राहंगडाले,प्रो खिलेश्वर ठाकरे, प्रो संजय बिसेन, डॉ ताराचंद बड़घैया एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा ।

### युवाओं में वैज्ञानिक सोच पैदा करना ही प्रमुख उद्देश्य

आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम के समापन पर मंचीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभिन्न वक्ताओं ने इस विज्ञान इन्वेंशन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की जमकर सरहाना की आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपने उद्बोधन में महाविद्यालय की जन भागीदारी अध्यक्ष श्रीमती मौसम हरिनखेडे ने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन के लिए मैं महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन समिति को बधाई प्रेषित करती हूं जिसने जिले की वैज्ञानिक प्रतिभाओं को इतना सुंदर मंच दिया ।तो वही उद्योगपति किरण भाई त्रिवेदी ने जिले के औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं वैज्ञानिक प्रतिभाओं के समन्वय से नवाचार संभव होने की बात कही। इसके अलावा पीएस कातूलकर ने महाविद्यालय की वैज्ञानिक प्रतिभाओं के लिए प्राणी शास्त्र एवं वाणिज्य विभाग में शोध केंद्र की स्थापना करने एवं इन विषयों में पीएचडी की व्यवस्था करने की बात कही तो वही डॉ. पी. आर. चंदेलकर ने इस कार्यक्रम का उद्देश्य के बारे में बताया जिन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि जागरूक कर देश के लिए युवा वैज्ञानिक तैयार करना ही इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है। तो वही अंत मे प्रो डॉ दुर्गेश अगासे ने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के संयोजन से भारतीय शोध की नई संभावनाओं पर कार्य की बात कही। जहां अंत में विभिन्न पुरस्कारों का वितरण कर पीजी कालेज में आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन किया गया।

# संत श्री नरहरि पुण्योत्सव एवं महासम्मेलन सम्पन्न

## महासम्मेलन में विभिन्न कार्यक्रमों के हुये आयोजन


बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज के तत्वावधान में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सन्त श्री नरहरि पुण्योत्सव एवं महासम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसके तहत सुबहा से लेकर शाम तक विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए। यह महासम्मेलन भटेरा चौकी के समीप स्थानीय नरहरि भवन में रविवार 03 मार्च को आयोजित किया गया। 19 वे वर्ष अयोजित इस कार्यक्रम की शुरुवात सर्वप्रथम भगवान गणेश, माँ सरस्वती और नरहरि महाराज के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजन व आरती के साथ कि गई ततपश्चात आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया गया, जिसके उपरांत समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी तो वही कार्यक्रम के दौरान समाज के मेधावी छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह सहित विभिन्न पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसके उपरांत यूवक युवती परिचय कार्यक्रम के साथ अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न कराए गए तो वही समाज के बुजुर्गों को पुष्पगुच्छ, शाल ,श्री फल देकर सम्मानित किया गया।जिसके उपरांत मंचीय उद्बोधन का दौर शुरू हुआ जहां समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी ने समाज संगठन की एकता को बनाए रखने, समाज संगठन को मजबूती प्रदान कर हर किसी का सहयोग करने और सभी को साथ मिलकर चलने की बात कही।जिसके उपरांत सुरुचि भोज व महाप्रसाद वितरण के साथ देर शाम कार्यक्रम का सम्पन्न किया गया।अयोजित कार्यक्रम को लेकर की गई चर्चा के दौरान महारास्ट्रीयन स्वर्णकार के समाज के जिलाध्यक्ष अशोक फाये ने बताया कि यह कार्यक्रम




हमारे ईष्ट देव श्री नरहरि महाराज की याद में प्रतिवर्ष मानाया जाता है।जिसमें यह वर्ष 19वा वर्ष है, इस आयोजन की सबसे खास बात यह है कि महारास्ट्रीयन स्वर्णकार समाज की एकता का प्रतीक है ,प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी स्वाजातीय बंधु,भगिनी, बड़े-बुजुर्ग एवम बच्चे भी एक छत के नीचे एकत्रित होकर इस महोत्सव के साक्षी बनते है, वही प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन कर इस समारोह का समापन किया गया है।

# थाना में जनसंवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## जनप्रतिनिधि एवं आमजनों ने क्षेत्र की व्यवस्था को सुधारने दिये अपने-अपने सुझाव, यातायात व्यवस्था को सुधारने एवं अवैध शराब विक्रय पर प्रतिबंध लगाने की प्रशासन से की मांग





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानसुार प्रदेश के सभी थानों में ३ मार्च को जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में नगर मुख्यालय स्थित थाना में ३ मार्च को जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम थाना प्रभारी हेमंत नायक, पांढरवानी सरपंच अनीस खान, पनबिहरी सरपंच विरेन्द्र बनवाले, कंजई सरपंच अधि. आनंद बिसेन, मो. अय्युब भारती, वरिष्ठ नागरिक गिरीश पाठक, पूर्व जनपद सदस्य शैलेष केकती सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों ने अपने-अपने क्षेत्र में हो रही समस्या को पुलिस के सामने रखा और कहा कि क्षेत्र में जगह-जगह अवैध शराब का विक्रय किया जा रहा है जिससे ग्राम का माहौल खराब हो रहा है एवं अपराध की घटनाएं बढ़ रही है। साथ ही इस अवैध शराब विक्रय के चलते युवा-बुजुर्ग सभी शराब पीने के आदि हो रहे है जिससे कारण सबसे अधिक महिलाएं परेशान है इसलिए अवैध शराब विक्रय पर प्रतिबंध लगाने, वार्षिक परीक्षा वर्तमान में जारी है परन्तु देररात्रि का वैवाहिक कार्यक्रमों में डीजे बजाये जा रहे है उस पर प्रतिबंध लगाने एवं नगर मुख्यालय की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने , रात्रि के समय खेतों से लकड़ी एवं चोरी की जो वारदात घटित हो रही है उस पर अंकुश लगाने सहित अन्य मांग करते हुए अपने-अपने सुझाव दिये और कहा कि लालबर्रा क्षेत्र शांति का टापु रहा है एवं सभी समुदाय के लोग भाई-चारे के साथ रहते है। जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पनबिहरी सरपंच वीरेन्द्र बनवाले ने कहा कि पंचायतों के चौक-चौराहों में भी सीसीटीव्ही कैमरे लगाये जाना चाहिए जिससे ग्राम में लुटपाट व दुर्घटनाओं की घटनाओं पर अंकुश लगेगा और पुलिस की रात्रि गश्त भी होनी चाहिए। कंजई सरपंच अधि. आनंद बिसेन ने कहा कि पुलिस प्रशासन की यह जनसंवाद कार्यक्रम एक सराहनीय पहल है जिसके माध्यम से सभी अपनी-अपनी बाते रखकर सुझाव दे सकते है और पुलिस प्रशासन की मदद से क्षेत्र में हो रही गतिविधियों के बारे में सांझा कर अपराधों पर अंकुश लगाने का प्रयास करें। साथ ही यह भी कहा कि पूर्व में ग्राम सुरक्षा समिति बनाई गई थी परन्तु उक्त समिति वर्तमान में कोई काम नही कर रही है इसलिए थाना प्रभारी से मांग है कि समिति के सदस्यों से संपर्क कर उन्हे एक्टिव करें जिनके माध्यम से अपराधों की जानकारी पुलिस प्रशासन को मिल जाती है परन्तु पुलिस प्रशासन को भी गोपनीयता बनाये रखना चाहिए और वर्तमान समय में बोर्ड एवं स्थानीय कक्षाओं की वार्षिक परीक्षा जारी है किन्तु वैवाहिक कार्यक्रम में देररात्रि तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों को तेज आवाज में बजाया जा रहा है। जिससे छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित होती है। इसलिए पुलिस प्रशासन रात्रि गश्त कर रात १० बजे के बाद तेज गति से ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाने वालों पर कार्यवाही करें। श्री बिसेन ने कहा कि मेरे द्वारा स्वयं के खर्च पर कंजई बेरियर एवं बस स्टैण्ड में सीसीटीव्ही कैमरे लगाये गये है जिससे अगर कोई घटनाकारित कर फरार होते है तो वे कैमरों में कैद हो जायेगें जिन्हे पकड़ने में मदद मिलेगी इसलिए सभी सरपंच को भी अपने-अपने पंचायत से प्रस्ताव लेकर चौक-चौराहों में सीसीटीव्ही कैमरे लगाना चाहिए जिससे अपराधों पर भी अंकुश लगेगा। पांढरवानी सरपंच अनीस खान ने कहा कि आगामी ८ मार्च को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर धार्मिक स्थलों पर मेला लगेगा इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से पुलिसकर्मी की डयूटी लगाने की मांग की। साथ ही यह भी कहा कि लालबर्रा की यातायात व्यवस्था बिगड़ चुकी है जिसके कारण लोगों को आवागमन करने में परेशानी होती है इसलिए पुलिसकर्मी की बस स्टैण्ड में ड्यूटी लगाई जाये और दुकान के सामने अव्यवस्थित तरीके से सामान रखने वाले दुकानदारों पर भी कार्यवाही करें एवं ऑटो चालकों को लिए अस्थाई स्टैण्ड समनापुर रोड़ में बनाने की मांग की। श्री खान ने कहा कि अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस को क्षेत्र में गश्त बढ़ाना चाहिए जिसमें सभी जनप्रतिनिधि पुलिस प्रशासन को सहयोग करेगें और आगामी समय से ईद का पर्व प्रारंभ होने वाला है। इस दौरान मस्जिदों में देररात तक इबादत की जाती है परन्तु पुलिस प्रशासन के द्वारा रात्रि के समय गश्त कर लोगों को रात्रि के समय बाहर घुमने से मना किया जा रहा है इसलिए ईद पर्व के द्वारा मुस्लिम भाईयों को मस्जिद से वापस जाते समय परेशान न किया जाये। जनपद सदस्य प्रतिनिधि बालकरण पंचेश्वर ने पांढरवानी सरपंच के कार्यों की सराहना करते हुए हाई स्कूल मार्ग में लाईट लगाने के लिए एनओसी दिये जाने की मांग की है ताकि शहर की सुन्दरता बढ़ सके। जिस पर पांढरवानी सरपंच श्री खान ने जनपद से पत्र आने पर एनओसी देने की बात कही। बेहरई सरपंच दुर्गा टेंभरे ने कहा कि गांव में अगर कोई विवाद व अन्य मामले होते है तो जनप्रतिनिधि प्रयास करें कि उक्त मामले थाने तक न पहुंचे गांव में ही समाधान करवाने का प्रयास करें। जनसंवाद कार्यक्रम को अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। वहीं थाना प्रभारी हेमंत नायक ने कहा कि जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों ने जो सुझाव दिये है उस पर उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में काम किया जायेगा और सभी के सहयोग से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाने के साथ ही अपराधों पर अंकुश लगाने का काम किया जायेगा। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान गा कर जनसंवाद कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# एनएसएस के शिविरार्थियों ने धार्मिक स्थलों की सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश


लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ५ किमी. दूर ग्राम पंचायत धरपीवाड़ा में शासकीय महाविद्यालय की एनएसएस का ७ दिवसीय शिविर गत दिवस से जारी है और शिविर के छटवें दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको का स्वास्थ्य जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य पर आधारित सात दिवसीय शिविर के छटवें दिन शिविर में शामिल समस्त शिविरार्थियों



ने ग्राम धरपीवाड़ा में शिविर प्रभारी मनीष शिवहरे के मार्गदर्शन में रैली निकालकर कृषि पशुपालन एवं स्वच्छता से संबंधित नारों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया तत्पश्चात योगा एवं ध्यान (आनापान) किया। साथ ही धार्मिक स्थलों की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्ययोजना के अन्तर्गत आज ग्राम धरपीवाड़ा के धार्मिक स्थलों की साफ सफाई की एवं शिविरार्थियों द्वारा भजन गाया गया। जिसके बाद दोपहर में बौध्दिक परिचर्चा कृषि पालन एवं स्वच्छता पर आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम पशु चिकित्सक लालबर्रा सुश्री शिल्पा साहू के मुख्य अतिथि, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्रकुमार खण्डायत की अध्यक्षता एवं सहायक पशु चिकित्सक सुश्री आंचल डोंगरे, कृषि विस्तार अधिकारी केएस चौधरी के विशेष आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। इस ७ दिवसीस राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणजनों को जागरूक करने के साथ ही शिविरार्थियों को भी विशेष जानकारी प्रदान की जा रही है। वहीं पशुपालन एवं स्वच्छता पर आयोजित बौध्दिक परिचर्चा में उपस्थित अतिथियों ने पशु विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी और शिविरार्थियों को अनुशासन में रहकर अच्छी पढ़ाई कर भविष्य बेहतर बनाने की बात कही गई। कार्यक्रम का मंच संचालन दिव्या यादव दल प्रभारी रानी लक्ष्मी बाई ग्रुप एवं आभार प्रदर्शन डॉ. प्रदीपकुमार भिमटे कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना लालबर्रा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्रीमती ओलरिका बरवा, श्रीमती जया खरगाल, डॉ. आशीष बागड़े, डॉ. विवेक खरगाल, शिविर प्रभारी मनीष शिवहरे, व्यंकट नगपुरे, लकेश गेडाम, रामदयाल मथारे सहित शिविरार्थी उपस्थित रहे।

# पोटियापाट के तुमडीटोला-मगरदर्रा घाट में पांच दिवसीय यज्ञ एवं विविध धार्मिक कार्यक्रम ६ से

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ४ किमी. दूर ग्राम पंचायत बम्हनी के आगे लालबर्रा से समनापुर मार्ग वैनगंगा नदी स्थित पोटियापाट तुमड़ीटोला-मगरदर्रा के जय मुक्तेश्वर महादेव धाम में आगामी ६ मार्च से पांच दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया गया है। तत्संबंध में जानकारी देते हुए समस्त आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि मुक्तेश्वर महादेव धाम लालबर्रा से समनापुर मार्ग वैनगंगा तट पर स्थित पोटियापाट तुमड़ीटोला-मगरदर्रा घाट में आगामी ६ मार्च से विविध धार्मिक एवं यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें ६ मार्च को प्रात: ८ बजे कलश यात्रा, शिव महिमा कथा, ७ मार्च को प्रात: ८ बजे से वेदि पुजन, यज्ञ मंडप पुजन, जजमान प्रवेश, ८ मार्च को प्रात: ५ बजे से रूदी पाठ, शिव महाभिषेक, शिवलिंग पूजन, यज्ञ प्रारंभ, ९ मार्च को प्रात: १० बजे से सर्वकामना, सर्वबाधा निवारण हेतु महायज्ञ एवं संध्या कालिन गंगा जी की महाआरती, १० मार्च को प्रात: ११ बजे से पितृ पूजन तर्पण, यज्ञ पूर्णाहुति के बाद महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील समस्त भक्तगण वैनगंगा तट पोटियापाट लालबर्रा के पदाधिकारी एवं सदस्यगणों ने की है।




# श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर में ५ दिवसीय श्री पार्थिव शिव पूजन आज से

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)।नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत मानपुर के अस्पताल कालोनी स्थित श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री भोलेशंकर जनकल्याण समिति मानपुर-लालबर्रा के तत्वाधान में ४ मार्च से ५ दिवसीय श्री पार्थिव शिव पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। तत्संबंध में जानकारी देते हुए श्री भोलेशंकर जनकल्याण समिति हास्पिटल कालोनी मानपुर के पदाधिकारियों ने बताया कि ४ मार्च से ५ दिवसीय श्री पार्थिव शिव पूजन कार्यक्रम का आयोजन



किया गया है जिसमें ४ मार्च से लेकर ८ मार्च तक प्रतिदिन दोपहर २ बजे से शाम ४ बजे तक पार्थिव पूजन, ८ मार्च को शाम ५ बजे भव्य शिव बारात (श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर से प्रस्थान करेगी) एवं ९ मार्च को दोपहर ३ बजे से हवन-पूजन, महाआरती के पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील श्री भोलेश्वर जनकल्याण समिति हॉस्पिटल कालोनी मानपुर-लालबर्रा के पदाधिकारियों ने की है।

# पनबिहरी प्रजापिता ब्र. ई. वि.वि. सेवा केन्द्र में ब्रम्हाभोज एवं मुरली का हुआ आयोजन





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत पनबिहरी स्थित प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में ३ मार्च को ब्रम्हा भोज एवं मुरली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बालाघाट की ब्रम्हाकुमारी माधुरी बहन एवं अन्य बहनों एवं भाईयों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने परमपिता परमेश्वर शिव बाबा के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया तत्पश्चात मुरली कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। जिसमें सभी उपस्थितजनों ने मुरली पढ़कर परमात्मा परमेश्वर शिव बाबा को याद कर धार्मिक ज्ञान प्राप्त किये। जिसके बाद पुरूषोत्तम सोलंकी भाई के द्वारा पूर्व संकल्पों को पूरा करते हुए ब्रम्हाभोज का आयोजन किया गया और सभी ने ब्रम्हाभोज ग्रहण कर धर्मलाभ अर्जित किये। इस ब्रम्हाभोज एवं मुरली कार्यक्रम के अवसर पर विविध धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ब्रम्हाकुमारी बहनों के द्वारा ब्रम्हा भोज के महत्व को सरलतम रूप से रखते हुए वर्तमान परिवेश में ब्रम्हा भोज क्यों करना चाहिए, इसका महत्व क्या है एवं शरीर में यह भोजन किस प्रकार से कार्य करता है उसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही परमपिता परमात्मा शिव बाबा के बताये गये सत्य के मार्ग पर चलने की बात सभी से कही गई। चर्चा में प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बालाघाट की माधुरी बहन ने बताया कि लालबर्रा सेवा केन्द्र में ब्रम्हाभोज एवं मुरली का आयोजन किया गया और जिस तरह से किसी शुभ कार्य में भंडारा यानि महाप्रसादी का वितरण किया जाता है उसी तरह से हमारे यह ब्रम्हा भोजन का आयोजन किया जाता है परमपिता परमात्मा भगवान भोलेनाथ की याद में। आगे माधुरी बहन ने बताया कि यह ब्रम्हा भोज ब्रम्हाकुमारी बहनों के द्वारा बनाया जाता है, यह सात्विक भोजन होता है जिसे भगवान को भोग लगाने के बाद वितरण किया जाता है और यह भोजन तन, मन को स्वस्थ करता है। इस तरह का भोजन हमेशा विभिन्न सेवा केंद्र में रखा जाता है। साथ ही यह भी बताया कि आज हमारे समाज में, परिवारों में अशांति, कलह का माहौल है, आपसी मनमुटाव है जिससे दुर कैसे रहे उसके बारे में ब्रम्हापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय सेवा केन्द्र आश्रम में भक्तजनों को ज्ञान दिया जाता है। कि जिस तरह से हमारी पांचो उंगलियां बराबर नहीं होती है फिर भी वह एकजुट होकर सभी कार्यों को करते है। इसी तरह से हमारे परिवार एवं समाज में संगठन, एकता होनी चाहिए और सभी में आपस में प्रेम शांति बनी रहे यही संदेश सभी को देना चाहते है। इस अवसर पर परमपिता परमात्मा शिव बाबा के मधुर गीतों की प्रस्तुती मनोहर भाई, संजय भाई, डिलेश्वरी बहन, दीपक भाई, हेमा बहन के द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अनुसूईया बहन, उज्जवला बहना, जयश्री बहन, अलका बहन, संगीता बहन, पुजा बहन, भारती बहन, अर्चना बहन, दीपिका बहन, श्यामा बहन, पुनम बहन, उषा बहन, रविना बहन सहित अन्य ब्रम्हकुमारी बहने एवं भाई उपस्थित रहे।

# बकोड़ा पंचायत को सांसद ने प्रदान की फायर टेंकर

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ४ किमी. दूर ग्राम पंचायत बकोड़ा को सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन के द्वारा सांसद निधि से फायर टेंकर प्रदान की गई है। जिस पर बकोड़ा सरपंच श्रीमती पुष्पा नागेश्वर एवं ग्रामीणों ने फायर टेंडर प्रदान करने पर बालाघाट-सिवनी सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन का आभार व्यक्त कर पंचायत क्षेत्र के विकास में इसी तरह सहयोग करने की अपील की है। चर्चा में ग्राम पंचायत बकोड़ा सरपंच श्रीमती पुष्पा श्रीराम नागेश्वर ने बताया कि ६ माह पूर्व सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन से संपर्क कर फायर टेंकर की मांग की गई थी कि ग्राम में धार्मिक, सामाजिक या अन्य कार्यों के लिए आवश्यकता है। जिसके बाद सांसद डॉ. बिसेन के द्वारा पंचायत की मांग पर फायर टेंकर प्रदान की गई है जिससे अब फायर टेंकर से पीने का पानी, आगजनी की घटना, ग्रीष्म ऋतु में जल संकट होने पर वार्डों में जल प्रदाय करने में उपयोग किया जायेगा। साथ ही यह भी बताया कि पंचायत क्षेत्र में आगजनी की घटना होने पर बालाघाट एवं वारासिवनी से फायर बिग्रेड वाहन बुलाया जाता है परन्तु उनके आते तक आगजनी में काफी नुकसान हो जाता है परन्तु अब पंचायत के पास फायर टेंकर होने पर ग्राम में आगजनी जैसी घटना होती है तो उस पर इस फायर टेंकर के पानी से काबू पाया जा सकता है। श्रीमती नागेश्वर ने बताया कि सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन के द्वारा पंचायत को फायर टेंकर प्रदान करने से ग्रामीणजनों में हर्ष की लहर व्याप्त है और सभी ने सांसद महोदय का आभार व्यक्त किया है। आभार व्यक्त करने वालों में सरपंच श्रीमती पुष्पा नागेश्वर, उपसरपंच श्रीनिवास कावरे, सरपंच प्रतिनिधि श्रीराम नागेश्वर, पंच रामू गौचंद, राजेन्द्र कावरे, दिलीप भोयर, रामेश्वर कावरे, दिलीप पंचेश्वर, हीरत पंचेश्वर, लालचंद कावरे सहित अन्य ग्रामीणजन शामिल है।




# कटंगटोला में चलाया गया स्वच्छता अभियान

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय की ग्राम पंचायत पांढरवानी के अंतर्गत आने वाले ग्राम कटंगटोला में सार्वजनिक विकास समिति के द्वारा गत दिवस ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाकर ग्राम की साफ-सफाई की गई और ग्रामीणजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही इस अभियान को निरंतर चलाने का सभी ने संकल्प लिया है। इस स्वच्छता अभियान के तहत सार्वजनिक विकास समिति के पदाधिकारी एवं ग्रामीणों ने धार्मिक, सार्वजनिक सहित अन्य स्थानों की साफ-सफाई कर ग्रामीणजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और अपने आसपास स्वच्छता बनाये रखने की अपील की। साथ ही सड़क पर रखे कृषि संबंधित सामग्री एवं अन्य उपकरण को हटाने की भी अपील की गई है ताकि ग्राम में स्वच्छता बनी रहे और लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही माह के १ तारीख को ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर सार्वजनिक विकास समिति के पदाधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



कंजई में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# पुलिस थाना में जनसंवाद का हुआ आयोजन

## पुलिस से अपेक्षा एवं सुझाव पर हुई चर्चा






वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। पुलिस थाना वारासिवनी परिसर में ३ मार्च को आगामी होली पर्व एवं रमजान को लेकर पुलिस जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर क्षेत्रीय विधायक विवेक पटेल ,थाना प्रभारी बिभेन्द्रु व्यंकट टांडिया सहित अन्य पुलिस अधिकारी गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। जिसमें पुलिस के द्वारा आमजनो से सीधे संवाद कर लोंगो की मुख्य समस्याओं को जानने का प्रयास किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने उपस्थित लोंगो से एक एक कर चर्चा कर थाना क्षेत्र में सुरक्षा से सम्बंधित जानकारियां ली और जानने का प्रयास किया। कि थाना क्षेत्र में सुरक्षा और शांतिपूर्ण माहौल को बनाए रखने के लिए और क्या सुधार करने की जरूरतें हैं। वहीं आम लोगो के प्रति पुलिस का रवैया कैसा है सहित विभिन्न विषयो में पुलिस ने लोगो से चर्चा की। इस जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित लोंगो ने खुलकर अपनी बातें रखते हुए पुलिस को सुझाव दिए । की शहर के कुछ मुख्य मार्गो पर असामाजिक तत्वों के द्वारा छेड़खानी की घटना आम बात हो गई है, नगर के रानी अवंतिबाई स्टेडियम में शाम के समय शराबियों का डेरा जमा रहता है । जहाँ दौड़ने महिला एवं पुरुष को समस्या है, क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ गाँजे का भी चलन अप्रत्याशित रूप से बढ़ गया हैं। जिसका उपयोग युवा पीढ़ी धड़ल्ले से कर बर्बादी की ओर अग्रसर हो रहे हैं जिस ओर पुलिस का ध्यान देना अति आवश्यक हैं। नागरिकों ने बताया कि बस स्टैंड स्थित प्रतीक्षालय में नशेड़ियों के द्वारा कब्जा कर वहाँ बैठकर गाँजे का सेवन कर बसों के इंतजार में बैठी महिलाओं और स्कूल कालेज की छात्राओं से बत्तमीजी की जाती हैं। नाबालिग बच्चों के द्वारा फर्राटे से शहर की सड़कों पर कर्कश हॉर्न के साथ साइलेंसर से फटाके फोड़ते हुए बाइकों से फ र्राटे भरते हैं । जिससे ध्वनि प्रदूषण तो होता ही दुर्घटनाएँ होने की भी संभावनाएं हमेशा बनी रहती हैं जिस पर रोक लगाई जाना निहायत ही जरूरी हैं। वहीं नगर में चोरियों की घटनाओं में भी बीते कुछ दिनों में चोरियों की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई हैं। जिसके लिए चौक चौराहों पर सीसी टीवी कैमरे लगाया जाना जरूरी हैं। जिले के बाहर के लोंगो का थानाक्षेत्र में लगातार आना बढ़ गया हैं । जो विभिन्न व्यापार के लिए शहर में आकर लाजों और किराए के मकानों में रुकते हैं । ऐसे लोंगो की पूरी जानकारी लाज संचालको एवँ मकान मालिकों के द्वारा पुलिस को नही दी जाती है जो देना आवश्यक हैं । लेकिन इस ओर सम्बंधित लोग ध्यान ना देते हुए लापरवाही बरतते हैं पुलिस भी इस ओर ध्यान नही देती हैं। नगर के संवेदनशील इलाकों में पुलिस की निगरानी रहनी चाहिए । वहीं शहर के कुछ एकांत वाले स्थान है जहां पर असामाजिक तत्व की गतिविधियां बनी रहती है उन स्थानों पर पुलिस की गस्ती जरूरी है।


### आम नागरिकों से जनसंवाद पुलिस की अच्छी पहल है - विवेक पटेल

क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा की पुलिस की ये अच्छी पहल है जो आमजनों के साथ बैठक कर शहर में पुलिस से सम्बंधित समस्याओं के बारे में जानकारी लेकर उसके समाधान प्रयास कर रही हैं। नगर के लोंगो के द्वारा कुछ समस्याओं से अवगत कराया गया है, हम जल्द ही उन्हें पूरा कर देंगे। सबसे बड़ी समस्या एक्सीडेंट से संबंधित आई है हम नगर के कुछ चौक चौराहे में ब्रेकर बनवाएंगे । वहीं शहर के चौक चौहारे में सीसीटीवी कैमरा लगवाने का कार्य प्रारंभ करवाएंगे।

### जनसंवाद के माध्यम से जानी थाना क्षेत्र की समस्या-बिभेन्द्रु व्यंकट टांडिया

थाना प्रभारी बिभेन्द्रु व्यंकट टांडिया ने पद्मेश से चर्चा में बताया कि जन संवाद कार्यक्रम पुलिस मुख्यालय एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना परिसर में आयोजित किया गया था। जिसमें आगामी होली रंग पंचमी रमजान के त्यौहार को लेकर चर्चा की गई। वहीं पुलिस कार्यवाही को किस प्रकार बेहतर करें किस प्रकार की कमी बनी हुई है । और मुख्य रूप से क्षेत्र पुलिस से अपेक्षा क्या करता है इसको जानने का प्रयास किया गया है । ताकि समस्या का समाधान बेहतर तरीके से किया जा सके। इसी को लेकर बैठक आयोजित की गई थी जो काफी सफल रही । जिसमें बहुत लोगों ने समस्या बताई है जिस पर कार्य करने का काम पुलिस विभाग करेगा। इस जनसंवाद कार्यक्रम में विधायक विवेक पटेल ,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज दांदरे, जनपद सदस्य जितेंद्र सिंह राजपूत, पार्षद संदीप मिश्रा, संदीप रूसिया, अभिषेक सुराना, प्रवीण डोंगरे, विवेक ऐडे, मुस्लिम समाज अध्यक्ष इकबाल खान, दीपक जैन, सौरभ पटेल, अनीश बेग,अनिल पिपरेवार, संतोष ठकरेले, देवी गौतम, जावेद कुरैशी, अधिवक्ता जाकिर हुसैन, जमील हुसैन, अशोक वासनिक, उत्तम मेश्राम, उपेंद्र बिसेन, सौरभ बाफना, झामसिंह भगत, हरि क्षीरसागर, नाजिर हुसैन, एजाज कुरेशी, जावेद कुरेशी, मतीन खान, ईश्वरदायल राठौड़ ,गगन पारधी ,गोविल चौरे, संदेश बिसेन सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# रजेगांव के निरंकारी संत समागम में शामिल हुए विधायक पटेल



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत रजेगांव में निरंकारी संत समागम कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में नागपुर से पहुँचे संत अनिल सेलोकर के द्वारा धर्म की ओर चलने की प्रेरणा देते हुए वहाँ मौजूद लोगो को प्रवचन सुनाया । की मनुष्य को हमेशा सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए । मानव को मानवता का ज्ञान होना चाहिए , मानवता के लिए रोशन मीनार बनने की सीख देते हुए सबको प्रभु ज्ञान की रोशनी में लाने और प्यार फैलाने का संदेश दिया। इस दौरान विधायक विवेक विक्की पटेल, अनीश बेग, राजकुमार चौधरी, अमर सिंह सचदेव, भोजलाल दशरे,सत्यप्रकाश साहू, नारायण जीजवानी, राजेंद्र पटले, अजय मसराम,दीपक बिसेन,दुर्गाप्रसाद पारधी, गिरधारी मसराम, जयप्रकाश टेम्भरे, जय चापूकर, प्रकाश हटवानी ,भैयालाल सेन्द्रे, एन एल बघेले, विनय गोमासे, अनिल जंगघेले, गणेश श्रीवास,हरिराम तनवानी मौजूद रहे। विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा की मैं पहले सामान्य व्यक्ति के रूप में आया था। अब आपके आशीर्वाद के बाद मैं विधायक बनकर आया हूँ । अच्छा इंसान बने कौन क्या कर रहा है ,इससे मतलब नही रखें। हमेशा सत्य और धर्म के मार्ग पर चले मैं खुद लोगो से कहता हूँ । संतो के सानिध्य में रहें हमें अच्छा सीखने को मिलता है । हमारा मिशन लोगो की सेवा में लगा रहता है ,संतो के उदेश्य को जनता तक पहुंचाये हमेशा हमारे क्षेत्र में संतो का आशीर्वाद बना रहें।

# बीएमओ डॉ.के पी नागेंद्र को मातृ शोक



खैरलांजी/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज) । खैरलांजी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर के रूप में पदस्थ डॉक्टर खेलेंद्र पॉल नागेंद्र की माता स्वर्गीय श्रीमती शांता बाई स्वर्गीय तुलाराम नागेन्द्र का ७५ वर्ष की उम्र में रविवार की सुबह ५ बजे निधन हो गया। वह अपने पीछे एक पुत्र डॉक्टर खेलेंद्र पॉल नागेन्द्र और दो पुत्रियों का भरा पूरा परिवार छोड़ गई। वे अस्पताल परिसर में स्टॉफ के बीच अपने बहुत ही सरल स्वभाव के लिए जानी जाती थी। वर्तमान में वह अपनी छोटी पुत्री के साथ लालबर्रा में रह रही थी। जहां रविवार की सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। जहां से उनका शव खैरलांजी लाया गया। इसी दिन दोपहर बाद पावन वैनगंगा नदी के घाट खैरी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान नाते रिश्तेदार परिचित इष्ट मित्र गणमान्य नागरिक अस्पताल और स्वास्थ्य विभाग का स्टॉफ व ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस दौरान उनके रिश्तेदारों ने माता जी के संघर्ष के समय को याद करते हुए बताया कि कैसे उन्होने पति के नही रहते हुए भी पुत्र को एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करवाई और डॉक्टर बनाया। इसी प्रकार दोनों पुत्रियों को अच्छी परवरिश और शिक्षा प्रदान करवाई। जिसमें एक पुत्री शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं दे रही है। सभी आयोजित शोक सभा में शोक व्यक्त करते हुए इसे नागेन्द्र परिवार के लिए अपूर्णीय क्षति करार दिया। परिवार को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना परम पिता परमेश्वर से की।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक और कर्मचारी हुये सम्मानित






खैरलांजी/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। खैरलांजी के सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में कार्य करने वाले कर्मचारी और शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संस्था के प्राचार्य के द्वारा पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। जिससे की संस्था के सभी वर्ग के कर्मचारियों में अपने कार्य के प्रति जवाबदेही और निष्ठा का संचार सतत रूप से बना रहे। साथ ही भविष्य में यह कर्मचारी और शिक्षक और भी उत्साह और बड़े हुए मनोबल से कार्य कर सके। इस कड़ी में गणतंत्र दिवस २६ जनवरी २०२४ को सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित समारोह में सत्र २०२३-२४ के लिए बेस्ट टीचर का पुरस्कार विजय कुमार पटले शिक्षक को दिया गया। इसी प्रकार बेस्ट सफाई कर्मी का पुरस्कार रामू लिल्हारे ,बेस्ट सुरक्षा कर्मी का पुरस्कार प्रवीण डोंगरे ,प्राचार्य एस के सहारे के द्वारा प्रदान किया गया। इसी प्रकार शिक्षण सत्र २०२३-२४ में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अन्य शिक्षकों को १ मार्च २०२४ को प्राचार्य एस के सहारे के द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिन शिक्षकों को सम्मानित किया गया उनमें श्रीमती डी आर मर्सकोले ,कैलाश सोनवाने , किशोर कुमार डोंगरे,लक्ष्मण बहेटवार ,कुमारी प्रिया जोमारिया,कुमारी निराशा राहंगडाले,कुमारी संगीता मचाड़े शामिल है।

# झालीवाड़ा से बघोली कच्चा मार्ग जर्जर

## नवीन पक्का मार्ग निर्माण की ग्रामीणों ने की मांग



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत झालीवाड़ा से बघोली कच्चा मार्ग बना हुआ है । जिससे राहगीरों एवं ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जहां मार्ग में छोटे बड़े गड्ढे हो गये है गिट्टी पत्थर बाहर आ गया है । धूल के गुब्बारे उड़ते हुए नजर आ रहे हैं जिसका डामरीकरण कर पक्का मार्ग बनाने की मांग ग्रामीणों के द्वारा की जा रही है। यह मार्ग ग्राम झालीवाड़ा के राजघाट चौक के सामने से हीराटोला होते हुए ग्राम बघोली तक जाता है। जो पूरी तरह कच्चा मार्ग है ,जहां से रोजाना विभिन्न ग्राम के लोग आवागमन करते हैं। ऐसे में किसी भी बड़े वाहन के आने जाने पर धूल के गुब्बारे उड़ाते हैं । जिससे पैदल या मोटर साइकिल से आने जाने वालों को समस्या का सामना करना पड़ता है। जहां पर दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। जिसको देखते हुए इस मार्ग का निर्माण अति आवश्यक हो गया है।

### छात्र छात्राओं के उपयोग का है मार्ग

ग्राम बघोली के लिए पक्के मार्ग बने हुए हैं परंतु बघोली से झालीवाड़ा के लिए कोई पक्का मार्ग नहीं है । जबकि बघोली सहित अन्य पंचायत के ग्रामीण वारासिवनी के लिए इस कच्चे मार्ग का उपयोग करते हैं। तो वहीं मुख्य रूप से बघोली से हीराटोला एवं अन्य ग्रामों के छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में शिक्षा अध्ययन करने के लिए झालीवाड़ा आते हैं । तो वहीं वारासिवनी कॉलेज के लिए भी इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। जिन्हें आने जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

### दुर्घटना की बनी हुई है संभावना

यह मार्ग राजघाट चौक से प्रारंभ होकर हीराटोला और बघोली तक आता है जहां से छोटे बड़े वाहन से गणमान्य नागरिक ग्रामीणजन एवं छात्र छात्रायें आते जाते हैं। ऐसे में बड़े वाहन आने पर धूल के गुब्बारे उड़ने से मोटर साइकिल या साइकिल अनियंत्रित हो जाती है। तो वहीं मार्ग में गड्ढे और निकले हुए पत्थर के कारण भी वाहन अनियंत्रित हो जाते हैं । जिसके कारण लोगों को चोटिल होना पड़ता है और बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। परंतु बरसात के समय यह समस्या विकराल हो जाती है कीचड़ के कारण वाहन तो दूर पैदल चलना दुर्बल हो जाता है।

### पक्का मार्ग बनने से सभी को आने जाने में सुविधा होगी-सुखचंद पखाले



राहगीर सुखचंद पखाले ने बताया कि वह इस मार्ग से आना जाना करते हैं यह कच्चा मार्ग है जो मुरम का बना हुआ है। जहां पर छोटे बड़े गड्ढे हो गए हैं उसके साथ ही गिट्टी भी बाहर आ गई है । जिसके कारण हमारे जैसे आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह मार्ग सीधा लालपुर और रामपायली को जोड़ता है। जो बघोली तब मुरम का है जिस पर समस्या सभी को होती है। यदि यह मार्ग पक्का बना दिया जाता है तो सभी लोग सुरक्षित आवागमन कर सकते हैं।

### इस मार्ग में सबसे ज्यादा समस्या बरसात में होती है-रोहित पारधी



ग्रामीण रोहित पारधी ने बताया कि यह बघोली से झालीवाड़ा जोड़ने वाली सड़क है । जो कच्ची सड़क है इसमें मुख्य रूप से बघोली हीराटोला सहित अन्य ग्राम के बच्चे झालीवाड़ा स्कूल और वारासिवनी कॉलेज जाते हैं। जिन्हें परेशानी होती है और सबसे ज्यादा समस्या बरसात में होती है जब पूरा कीचड़ हो जाता है साइकिल मोटर साइकिल नहीं जा पाती है। अभी गर्मी में गड्ढे और धूल के गुब्बारे के साथ रोड़ पर पत्थर भी बाहर आ गए हैं । जिससे साइकिल मोटर साइकिल स्लिप होने की संभावना बनी रहती है यह मार्ग सीधा रामपायली के लिए निकलता है।

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से पक्का निर्माण किया जाना चाहिए-सुरेन्द्र ठाकरे



राहगीर सुरेंद्र ठाकरे ने बताया कि यह मार्ग कच्चा होना ही समस्या है इस मार्ग के माध्यम से झालीवाड़ा से बकेरा बाईपास मार्ग पड़ता है। जहां पर बहुत ज्यादा गड्ढे हो गए है धूल मिट्टी उड़ रही है जिसे पक्की सड़क बनाई जानी चाहिए। इस दौरान कोई बड़ा वाहन जाता है तो धूल के गुब्बारे से सामने कुछ समझ नहीं आता तो गाड़ी खड़ी करनी पड़ती है । और इस परिस्थिति में कभी कभी मोटर साइकिल स्लिप भी होती है। यह प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत इसका पक्का निर्माण किया जाना चाहिए। करीब २ किलोमीटर की सड़क है ताकि लोग सुरक्षित आगमन कर सके।

### इनका कहना है

दूरभाष पर चर्चा में बताया कि यह मार्ग २ किलोमीटर से अधिक लंबा मार्ग है जो पंचायत स्तर से बनाया जाना संभव नही है। जिसे पीडब्ल्यूडी में शामिल करने के लिए कार्यवाही की जा रही है । ताकि पीडब्ल्यूडी के माध्यम से उक्त मार्ग का निर्माण किया जा सके।

**अशोक पारधी**
**सरपंच ग्राम बघोली**

खैरलांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भोरगढ़ में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

कटंगी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# ईडी और संघीय सिद्धांतों के उल्लघंन की आशंका

धन शोधन के खिलाफ कानून की संरचना ऐसी है कि संघीय सिद्धांतों के संभावित उल्लंघन के बारे में पेचीदा सवाल सामने आने ही हैं। ऐसा ही एक सवाल तमिलनाडु में उठा है, जहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) यह पता लगाने की कोशिश कर रहा है कि क्या राज्य में अवैध बालू खनन भ्रष्टाचार के चलते है और क्या इससे 'हासिल धन' का शोधन किया जा रहा है। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) ईडी को विभिन्न राज्यों में पुलिस द्वारा पंजीकृत अपराधों के धन शोधन के पहलू की जांच करने की इजाजत देता है। या तो अनुमति से अधिक या बिना किसी अनुमति के निकासी के जरिए, बेलगाम अवैध बालू खनन तमिलनाडु में काफी आम है। ईडी द्वारा जारी समन के पालन के लिए जिला कलेक्टर बाध्य हैं, ऐसा फैसला देकर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय कानूनों के तहत जांच में सहयोग के लिए तमिलनाडु के कर्तव्य को रेखांकित किया है। हालांकि, इसका मतलब यह जरूरी होना नहीं है कि, अनियंत्रित खनन के नतीजतन सरकारी खजाने को संभावित नुकसान के आकलन का ईडी का प्रयास उसके अधिकार-क्षेत्र में है। शीर्ष अदालत ने मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है जिसने पहले कलेक्टरों को जारी समन स्थगित कर दिये थे। राज्य सरकार और संबंधित जिला कलेक्टरों ने केंद्रीय एजेंसी द्वारा राज्य की शक्तियों को 'हथियाने' और समनों की वैधता के खिलाफ रिट याचिकाएं दायर की थीं।

शीर्ष अदालत ने अब इन याचिकाओं को पूरी तरह गलत समझ वाला बताया है और कहा है कि हाईकोर्ट का आदेश 'कानून की बिल्कुल गलत समझ' के चलते था। उसने जांच के लिए जरूरी कोई रिकॉर्ड पेश करने या सबूत देने के लिए किसी भी व्यक्ति को तलब करने की ईडी की शक्ति से जुड़ी पीएमएलए की धारा 50 का हवाला दिया है। उसने इस बात का जिक्र किया कि जांच तमिलनाडु में दर्ज प्रथम सूचना रिपोर्टों पर आधारित है और उन मामलों में कुछ धाराएं पीएमएलए के तहत अनुसूचित अपराध हैं। हालांकि, वह हाईकोर्ट के उस तर्क को तवज्जो नहीं देती जो 'विजय मदनलाल चौधरी बनाम भारत संघ' (2022) मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा पीएमएलए को सही ठहराने वाले निर्णय पर आधारित था। हाईकोर्ट का तर्क था कि इन समनों ने संकेत दिया कि 'अपराध से हासिल धन' की बिल्कुल भी पहचान नहीं की गयी है, और जांच यह पता लगाने के लिए 'पानी में मछली टटोलने' से ज्यादा कुछ नहीं थी कि क्या कोई अनुसूचित अपराध हुआ है। हाईकोर्ट ने इस बिंदु पर 2022 के फैसले का हवाला दिया था कि ईडी मामलों को इस कल्पना पर, धारणात्मक आधार पर, आगे नहीं बढ़ा सकती कि कोई अपराध हुआ है। जांच में सहयोग के लिए अधिकारियों से कहना अपने आप में आपत्तिजनक नहीं है, लेकिन यह नहीं भुलाया जा सकता कि ईडी की कम विश्वसनीयता और स्वतंत्रता का स्पष्ट अभाव उसकी कार्रवाइयों को आसानी से आलोचना के निशाने पर ले आते हैं। केंद्र में सत्तासीन लोगों के राजनीतिक विरोधियों द्वारा शासित राज्यों के खिलाफ पक्षपाती होने का आरोप उस पर लगाया जाता है।

# कानून रसूखदारों के लिये सिर्फ खिलौना है!

इसमें कोई दो राय नहीं है कि प्रभावशाली लोग कानून को खिलौना समझ कर खेलते हैं। और व्यवस्था भी उनके इस काम में खूब मददगार साबित होती है। बरसों बरस से देश में ऐसा ही चलता आ रहा है। सख्त से सख्त कानून बनाने और तमाम दूसरे उपायों के बाद भी रसूखदार कानून का आए दिन मजाक उड़ाने से बाज नहीं आते हैं। कानून को बौन साबित करने वाली इस जमात को राजनीतिक संरक्षण हासिल होता है। ऐसे में धनबल और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त ये लोग व्यवस्था की कमियों और छिद्रों के चलते नियम कानूनों को आसानी से गच्चा देते हैं।

आम आदमी की मामूली-सी गलती पर उसे पकड़ने में भरपूर तेजी दिखाने वाली पुलिस को प्रभावशाली और रसूखदार लोगों तक पहुंचने में वक्त लग ही जाता है। पश्चिम बंगाल में इसकी अवधि कुछ ज्यादा ही लंबी हो जाती है। संदेशखाली मामले से चौतरफा निंदा का पात्र बना तृणमूल कांग्रेस का नेता शाहजहां शेख 55 दिनों से फरार रहने के बाद पुलिस की गिरफ्त में आया है! लेकिन तब, जब कलकत्ता उच्च न्यायालय ने ममता सरकार को फटकार लगाई। यदि फटकार नहीं लगी होती तो उसे छुपाए रखा गया होता। वह जिस हनक और रूआब से थाने और अदालत में दाखिल हुआ, उससे यही लगा कि वह कोई शहंशाह है।

पश्चिम बंगाल पुलिस उसके आगे दंडवत और सहमी सी दिखी। उसे सत्ता का संरक्षण प्राप्त था, यह सच्चाई तृणमूल कांग्रेस के इस कथन से छिपने वाली नहीं कि हमने उसे निलंबित कर दिया। यह राजधर्म नहीं, बेशर्मी है कि उसे गिरफ्तार न करने के लिए उच्च न्यायालय के आदेश की गलत व्याख्या तक की गई। यदि ईडी को शक है कि बंगाल पुलिस शाहजहां शेख की मदद कर सकती है तो यह स्वाभाविक है। बड़ी निर्लज्जता से तृणमूल कांग्रेस की सरकार अपने नेता का बचाव करती रही। संदेशखाली की महिलाओं ने जिन शब्दों में अपनी पीड़ा का बयान किया है, उससे किसी पत्थर दिल व्यक्ति का भी दिल पिघल सकता है। लेकिन पश्चिम बंगाल की महिला मुख्यमंत्री का दिल नहीं पसीजा। भारतीय जनता पार्टी के विरोध और हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणियों के बाद शाहजहां को गिरफ्तार किया गया।

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल से प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी दिल्ली शराब घोटाले में पूछताछ के लिए अब तक आठ समन भेज चुका है। जांच एजेंसी के सामने पेश होने की बजाय केजरीवाल ईडी के समन को ही गैर कानूनी बता रहे हैं। वो कानूनी दांव पेंच से जांच से बच रहे हैं। और दिल्ली विधानसभा में खड़े होकर केंद्र की मोदी सरकार से लेकर अपने राजनीतिक विरोधियों पर जमकर अपनी भड़ास निकाल रहे हैं। चूंकि विधानसभा में दिए बयान पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकती। इसी के चलते केजरीवाल ने विधानसभा को अपनी भड़ास निकालने और राजनीतिक विरोधियों पर मनगंढ़त आरोप लगाने का मंच बना रखा है। देश की जनता उनका तमाशा देख रही है।



जिस शराब घोटाले में उनसे पूछताछ होनी है, उसी घोटाले में उनके सबसे खास साथी मनीष सिसोदिया और संजय सिंह तिहाड़ की रोटियां तोड़ रहे हैं। एक संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति किस तरह कानून और संविधान का उपहास उड़ा रहा है, उससे समाज में गलत उदाहण तो पेश हो ही रहा है। वहीं आम आदमी के मन में यह सवाल भी उठता है कि क्यों कानून रसूखदारों सामने कमजोर और असहाय दिखाई देता है? केजरीवाल की तरह तेंलगाना के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी ईडी के समन की अवमानना करते रहे, और खुद को बचाने के सारे यत्न उन्होने किये। बड़ी जदोजहद के बाद ईडी ने उन्हें अपने शिकंजे में लिया। फिलवक्त सोरेन जेल का भोजन पा रहे हैं।

पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट ने हत्या और बलात्कार के मामले में जेल में सजा काट रहे राम रहीम को बार-बार पैरोल दिये जाने पर सवाल उठाया। हाईकोर्ट ने कहा कि क्यों केवल राम रहीम को बार-बार पैरोल मिल रही है? बाकी कैदियों को क्यों नहीं लाभ दिया जाता? रेप के दोषी राम रहीम को इस साल जनवरी में 50 दिन की पैरोल दी गई थी। यह लगभग 10 महीने में उसकी 7वीं और पिछले चार वर्षों में 9वीं पैरोल थी। हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को आदेश दिया है कि अब अदालत की अनुमति के बिना राम रहीम को पैरोल नहीं दी जाएगी। सत्ता, व्यवस्था, कानून के रक्षक और संरक्षक के गठजोड़ से ही राम रहीम जैसे रसूखदार कानून को फुटबाल बनाकर खेलते हैं।

जब तक सत्ता के गलियारों से आपराधिक लोगों को संरक्षण मिलता रहेगा, तब तक ये निर्लज्जता बनी रहेगी। हरेक घटना में किसी न किसी रसूखदार का, किसी न किसी सत्ताधारी का संरक्षण दिखता रहा है। हर बार सत्ता की तरफ से कठोर से कठोर कार्यवाही किये जाने की बात कही जाती है, कुछ दोषियों की गिरफ्तारी भी हो जाती है, जांच करवाए जाने की लीपापोती कर दी जाती है और उसके बाद सब कुछ भूल-भुला लिया जाता है। संदेशखाली जैसी घटनाएं कुछ दिन चर्चा में रहती हैं फिर जनमानस की खोपड़ी से गायब हो जाते हैं. निठारी कांड कितनों को याद है? बिहार मुजफ्फरपुर शेल्टर होम रेप केस कितनों को याद है? कितनों को उसके दोषी की सजा याद है? कुछ दिन बाद ऐसा ही संदेशखाली में को भी लेकर होगा।

प्रभावशाली किस मामले में फंस भी जाते हैं तो उनके चेहरे, बाडी लैग्वेंज, चेहरे से टपकते घमंड और अहंकार को देखकर ऐसा नहीं लगता कि उनको कानून का रत्ती भर भी भय है। पुलिस प्रशासन को तो वो अपना चाकर समझते हैं। कहीं न कहीं व्यवस्था भी उनकी चाकरी करती दिखाई देती है। न्याय व्यवस्था भी ऐसी है कि प्रभावषाली लोगों को जमानत देने में देर नहीं करती। आधी रात को भी उनके मामले सुन लिए जाते हैं। हालांकि देश की अदालतों में करोड़ों मुकदमे लंबित हैं। और आम व्यक्ति को न्याय पाने के लिए वर्षों प्रतीक्षा करनी पड़ती है। भ्रष्टाचार व अन्य गंभीर मामलों में दर्जनों रसूखदार आसानी से जमानत पाकर आराम की जिंदगी बिता रहे हैं। चारा घोटाले में सजा पाए लालू प्रसाद यादव स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के चलते जमानत पर हैं। राजनीति में उनकी सक्रियता बताती है कि अब वो स्वस्थ हैं। और अगर वो स्वस्थ हैं तो वो जमानत पर क्यों हैं? अगर रसूखदारों को जेल जाना भी पड़ा तो वहां भी उनके मनमुताबिक ऐशो आराम जारी रहता है। ऐसे सैकड़ों उदाहरण है। दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन के जेल की कोठरी में कथित तौर पर मालिश कराने का वीडियो देश ने देखा है। यूपी के चर्चित नेता और माफिया मुख्तार अंसारी की पंजाब की जेल में कांग्रेस की सरकार ने जो मेहमाननवाजी की उसे कौन भूल पाएगा।

देशवासी भूले नहीं होंगे जब एक रसूखदार दामाद ने मैंगो पीपल कहकर आम आदमी का जिस तरह मजाक उड़ाया था, बॉलीवुड के एक गायक ने फुटपाथ पर सोने वाले बेघर लोगों को कुत्ते कहकर उसी अहंकार का परिचय दिया था। किसी नेता या रसूखदार को जब जांच एजेंसी पकड़ती है तो वो विजय मुद्रा बनाकर हवा में हाथ लहराता है। मानो उसने कोई महान काम किया है। गिरफ्तारी के समय या जांच के लिए जाते वक्त नेताओं और रसूखदारों के हाव भाव ऐसे होते है मानो वो एहसान करने जा रहे हैं। और उन्होंने कोई गलत काम नहीं किया, उनको तो राजनीति के चलते फंसाया गया है। जांच एजेंसी के आफिस के बाहर नेता के समर्थकों का धरना, प्रदर्शन अप्रत्यक्ष तौर पर जांच एजेंसी को डराने, धमकाने और प्रेशर डालने का कृत्य है।

वहीं किसी रसूखदार को सजा मिलने पर जिस तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आती हैं, वे स्तब्ध करने वाली होती हैं। उनमें अपने विशिष्ट होने का अहंकार और न्यायालय की अवमानना के साथ-साथ संवेदनहीनता की पराकाष्ठा भी सुनाई पड़ती है। खुद को कानून से ऊपर समझने वाले किसी रसूखदार ने अगर कोई गैर कानूनी काम किया है तो देर सबेर कानून उनके किए की सजा देगा ही, लेकिन उस उच्चवर्गीय अहंकार पर अंकुश लगाने की भी जरूरत है, जो अपने गलत कामों को सही सिद्ध करने के हठ में अमानवीय हो जाता है।

**-आशीष वशिष्ठ**

# भारत में तृतीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर ने चौंकाया है

वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही के दौरान सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर ने भारत सहित विश्व के समस्त आर्थिक विश्लेशकों को चौंका दिया है। इस दौरान, भारत में सकल घरेलू उत्पाद में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हासिल हुई है जबकि प्रथम तिमाही के दौरान वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत एवं द्वितीय तिमाही के दौरान 7.6 प्रतिशत की रही थी। पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत रही थी। साथ ही, क्रेडिट रेटिंग संस्थान इकरा ने इस वर्ष तृतीय तिमाही में 6 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान एवं भारतीय स्टेट बैंक ने भी 6.9 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया था। कुल मिलाकर, लगभग समस्त वित्तीय संस्थानों के अनुमानों को झुठलाते हुए सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत की रही है। हम सभी के लिए हर्ष का विषय तो यह है कि विनिर्माण इकाईयों की वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही में 11.6 प्रतिशत हो गई है तथा निर्माण के क्षेत्र में वृद्धि दर 9.5 प्रतिशत की रही है। साथ ही, खनन के क्षेत्र में वृद्धि दर 1.4 प्रतिशत से बढ़कर 7.5 प्रतिशत की रही है। यह तीनों ही क्षेत्र रोजगार सृजन के क्षेत्र माने जाते हैं। अत: देश में अब रोजगार के नए अवसर भी निर्मित हो रहे हैं। विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाईयों में वृद्धि दर आकर्षक रही है। कृषि का क्षेत्र जरूर, विपरीत मानसून एवं अल नीनो के प्रभाव के चलते, विपरीत रूप से प्रभावित हुआ है एवं कृषि के क्षेत्र में वृद्धि दर 0.2 प्रतिशत ऋणात्मक रही है। हालांकि वित्तीय वर्ष 2019-20 से लेकर 2022-23 तक कृषि के क्षेत्र में औसत वृद्धि दर 3 प्रतिशत प्रतिवर्ष से अधिक की रही है। परंतु, प्रकृति के आगे तो किसी की चलती नहीं है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के तृतीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद के विशेष रूप से उद्योग क्षेत्र एवं सेवा क्षेत्र में वृद्धि दर के आंकड़ों को देखकर तो अब यह विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि भारत आगे आने वाले वर्षों में 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष की विकास दर हासिल करने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है एवं अगले लगभग 4 साल के अंदर ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, वर्तमान में भारत विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। साथ ही, भारतीय शेयर बाजार भी बाजार पूंजीकरण के मामले में वर्तमान में विश्व में चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। क्योंकि, भारत में आर्थिक विकास की तीव्र गति को देखते हुए विदेशी निवेशक एवं विदेशी निवेश संस्थान, दोनों ही भारतीय पूंजी बाजार में अपने निवेश को निश्चित ही बढ़ाएंगे। भारत में वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही में अनुमानों से कहीं अधिक वृद्धि दर हासिल करने के पीछे दरअसल हाल ही के समय में आर्थिक क्षेत्र के साथ साथ सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्रों में हो रहे परिवर्तन भी मुख्य भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं, इस ओर सामान्यत: विदेशी अर्थशास्त्रियों एवं वित्तीय संस्थानों का ध्यान शायद नहीं जा रहा है। हाल ही के समय में भारत में अब विभिन्न त्यौहार अत्यधिक उत्साह के साथ मनाए जा रहे हैं। इन त्यौहारों के मौसम एवं शादियों के मौसम में भारतीय परिवारों, विशेष रूप से मध्यम वर्गीय एवं उच्च वर्गीय परिवारों के खर्च में अपार वृद्धि हो रही है। इस खर्च का पूरा पैसा भारतीय अर्थव्यवस्था में आ रहा है, जिससे आर्थिक वृद्धि दर में तेजी दिखाई देने लगी है। वर्ष 2023 में दीपावली त्यौहार के दौरान लगभग 4 लाख करोड़ रुपए की राशि भारतीय परिवारों द्वारा खर्च की गई थी। शादियों के दौरान भारतीय परिवारों द्वारा अतिरिक्त खर्च किया जाना भी केवल भारत की ही विशेषता है, अन्य देशों में शादियों के दौरान इस प्रकार के खर्च नहीं होते हैं। दूसरे, भारत में हाल ही के समय में धार्मिक पर्यटन में अपार वृद्धि देखने में आई है, क्योंकि इन क्षेत्रों की आधारभूत संरचना में आमूल चूल सुधार हुआ है। पर्यटन के बढ़ने से न केवल रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी अपार बल मिल रहा है। अयोध्या, वाराणसी, उज्जैन, हरिद्वार, वृंदावन आदि धार्मिक स्थलों पर पर्यटकों की अपार वृद्धि दिखाई दे रही है। अयोध्या में तो प्रभु श्रीराम के मंदिर के शिलान्यास के बाद से लगातार औसतन प्रतिदिन 2 लाख से अधिक पर्यटक अयोध्या पहुंच रहे हैं। इससे न केवल स्थानीय बल्कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी बल मिल रहा है। हालांकि केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक क्षेत्र में लगातार किए जा रहे सुधारों के चलते एवं पूंजीगत खर्च में लगातार की जा रही बढ़ौतरी से भी भारतीय अर्थव्यवस्था को गति मिल रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में केंद्र सरकार द्वारा 10 लाख करोड़ रुपए की राशि इस मद पर खर्च की गई है जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में इस मद पर 7.5 लाख करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई थी। वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में पूंजीगत खर्च की राशि को बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपए कर दिया गया है। दूसरे, भारत में कर (प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष) के संग्रहण में भी अपार सुधार दिखाई दे रहा है। कर ढांचे को आसान बनाकर सम्बंधित नियमों के अनुपालन में सुधार कर, कर संग्रहण में 20 प्रतिशत के आसपास की वृद्धि हासिल की गई है। देश में अनौपचारिक क्षेत्र भी तेजी से औपचारिक क्षेत्र में बदल रहा है, इससे कर संग्रहण के साथ साथ रोजगार के अवसर भी औपचारिक क्षेत्र में अधिक निर्मित हो रहे हैं तथा विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को अतिरिक्त आर्थिक लाभ मिलते दिखाई दे रहे है। विशेष रूप से कोरोना महामारी के खंडकाल के बाद से (वित्तीय वर्ष 2022 से वित्तीय वर्ष 2024 के बीच) भारत में औसत प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद में 38,257 रुपए की वृद्धि दर्ज हुई है एवं अब यह प्रति व्यक्ति 2 लाख रुपए को पार कर गई है। इस दौरान प्रति व्यक्ति बचत एवं पूंजी निर्माण में भी वृद्धि दृष्टिगोचर है। भारत में सकल बचत की दर वित्तीय वर्ष 2023 में 30.2 प्रतिशत से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2024 में 32.3 प्रतिशत से अधिक रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है, जो वित्तीय वर्ष 2014 के बाद से सबसे अधिक दर रहने वाली है। अब देश में पूंजी का उपयोग अधिक दक्षता के साथ किया जा रहा है। जिससे क्रमिक पूंजी-उत्पाद अनुपात में पर्याप्त सुधार हुआ है। यह अनुपात दर्शाता है कि अतिरिक्त उत्पाद के निर्माण में कितनी अतिरिक्त पूंजी की आवश्यकता होने वाली है। वित्तीय वर्ष 2012 में क्रमिक पूंजी-उत्पाद अनुपात 7.5 प्रतिशत था जो वित्तीय वर्ष 2023 में घटकर 4.4 प्रतिशत हो गया है। अत: देश में वर्तमान बचत दर को देखते हुए भारत आसानी से 8 प्रतिशत प्रति वर्ष की विकास दर हासिल कर सकता है। कुल मिलाकर, अब भारतीयों को आर्थिक क्षेत्र में लगातार अच्छे समाचार मिलने लगे हैं क्योंकि भारत रोजाना किसी न किसी क्षेत्र में नित नए रिकार्ड बनाता दिखाई दे रहा है। इस प्रकार, अब भारतीयों को नित नए रिकार्ड सुनने की आदत बना लेनी चाहिए।

**-प्रहलाद सबनानी**

# बंगाल पर दहाड़,मणिपुर पर ख़ामोशी ?

लोकसभा के आम चुनावों का बिगुल बज चुका है। राजनेताओं ने चुनावी सभायें,रैलियां व रोड शो करने शुरू कर दिये हैं। साम्प्रदायिक व जातीय ध्रुवीकरण,लोभ-लालच,सुनहरे सपने दिखाने,धार्मिक भावनायें भड़काने, विपक्षी नेताओं को अपमानित करने उन्हें डराने धमकाने व ख़रीदने का दौर जारी है। सत्तारूढ़ दल जहां हर सूरत में स्वयं को सत्ता में बनाये रखना चाहता है वहीँ विपक्ष, सत्ता हासिल करने के लिये कोई भी अवसर गंवाना नहीं चाहता। केंद्रीय सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी की ओर से एक बार फिर चुनाव प्रचार की कमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संभाल ली है। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में चुनावी बिगुल फूंकने के बाद पिछले दिनों बंगाल राज्य का दौरा किया। उन्होंने यहां कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास व लोकार्पण किया। इसके बाद पीएम मोदी ने यहां जनसभा की और जैसी कि उम्मीद थी उन्होंने संदेशखाली हिंसा के मामले पर बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने यहां तक कहा कि %संदेशखाली की घटना पर ममता बनर्जी की सरकार को शर्म आनी चाहिए%। ख़बरों के अनुसार तृणमूल कांग्रेस के नेता शेख़ शाहजहां पर आरोप है कि उसने संदेशखाली में महिलाओं पर यौन अत्याचार किये और आदिवासियों की ज़मीनें हड़प लीं। यदि यह आरोप सही है तो निश्चित रूप से आरोपी किसी भी दल या समुदाय का क्यों न हो उसके विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई की जानी चाहिये और क़ानून के मुताबिक़ उसे सज़ा ज़रूर मिलनी चाहिये। फ़िलहाल आरोपी शेख़ शाहजहां को गिरफ़्तार भी किया जा चुका है और तृणमूल कांग्रेस से उसे छः वर्षों के लिये निष्कासित भी किया जा चुका है।

परन्तु अपने बंगाल दौरे पर प्रधानमंत्री संदेशखाली प्रकरण को भी साम्प्रदायिक रंग देने से बाज़ नहीं आये। चूँकि आरोपी का नाम शेख शाहजहां है इसलिए उन्होंने अपनी सार्वजनिक सभा में यह कहा कि कहा कि - %आज बंगाल की जनता यहां




की मुख्यमंत्री दीदी से पूछ रही है कि क्या %कुछ लोगों का वोट% आपके लिए संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से भी ज़्यादा अहम हो गया है ? %कुछ लोगों के वोट% से उनका सीधा इशारा मुस्लिम मतों की तरफ़ था। उन्होंने संदेशखाली प्रकरण पर केवल बंगाल की तृणमूल कांग्रेस को ही नहीं घेरा बल्कि इसी बहाने ढ्ढ. ह्न. ष्ठ. ढ्ढ.ए. पर भी यह कहते हुये निशाना साध दिया कि - %इंडी गठबंधन के बड़े-बड़े नेता संदेशखाली पर आंख, कान, मुंह सब बंद करके बैठे हैं ?% मोदी ने कांग्रेस और ढ्ढ. ह्न. ष्ठ. ढ्ढ.ए. गठबंधन को भ्रष्टाचारियों, परिवारवादियों और तुष्टीकरण करने वालों का साथ देने वाला तथा तृणमूल कांग्रेस को बंगाल में अपराध और भ्रष्टाचार का एक नया मॉडल पैदा करने वाला दल बताया। साथ ही उन्होंने राम मंदिर मुद्दे को भी यह कहकर भुनाने की कोशिश की कि %हम सभी का सौभाग्य है कि 5 सदियों के इंतज़ार के बाद प्रभु श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजे हैं%।

भाजपा काफ़ी लम्बे समय से बंगाल में साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण कर सत्ता पर क़ाबिज़ होने की कोशिश कर रही है। राज्यों में सुशासन की दुहाई देते हुये भाजपा ने %डबल इंजन की सरकार % जैसा एक नया शगूफ़ा छोड़ा है। केवल भाजपा या उसके नेता ही नहीं बल्कि देश का मीडिया भी इस समय संदेशखाली प्रकरण को बढ़ा चढ़ाकर पेश करने इसे साम्प्रदायिक रंग देने व ममता बनर्जी को एक %विलेन% के रूप में पेश करने में व्यस्त है। परन्तु बड़ा आश्चर्य है कि न तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आज तक मणिपुर की हिंसक घटनाओं पर कोई प्रतिक्रिया देते सुना गया न ही मुख्य धारा का मीडिया मणिपुर की घटनाओं को तवज्जोह दे रहा है। ग़ौर तलब है कि 3 मई 2023 यानी दस महीनों से %डबल इंजन% की सरकार वाला राज्य मणिपुर सुलग रहा है। पूरा राज्य साम्प्रदायिक हिंसा की चपेट में है वहां गृह युद्ध जैसे हालात हैं। क्या मंत्री क्या अधिकारी क्या पुलिस ऑफ़िसर तो क्या सैन्याधिकारी क्या थाना तो क्या मंत्री निवास कुछ भी सुरक्षित नहीं। पुलिस थानों से हथियार तक लूटे जा चुके। इन्हीं हिंसक झड़पों के दौरान सैकड़ों चर्च और एक दर्जन से अधिक मंदिरों को भी तोड़ दिया गया। कई गांव के गांव आग के हवाले कर दिये गये। इसी डबल इंजन की सरकार वाले राज्य मणिपुर से दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने और उनके साथ यौन उत्पीड़न करने की वीडियो ने पूरे देश को शर्मसार किया। प्राप्त सूचनाओं के अनुसार वहां प्रत्येक व्यक्ति शस्त्रधारी हो चुका है। मणिपुर हिंसा पर ख़ामोशी बरतने वाले प्रधानमंत्री ने मणिपुर की दो कुकी महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने और उनके साथ यौन उत्पीड़न करने के घटना पर मानसून सत्र के पहले दिन मीडिया को संबोधित करते हुए केवल इतना कहा कि इस घटना ने 卐भारत को शर्मसार कर दिया है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। मणिपुर की बेटियों के साथ जो हुआ उसे कभी माफ़ नहीं किया जा सकता卐। मणिपुर में इस समय लाखों लोग घर से बेघर हो चुके हैं सैकड़ों लोगों की जानें जा चुकी हैं। अनेक महिलाओं के साथ बलात्कार हुये हैं ।

परन्तु चूँकि मणिपुर में मामला बहुसंख्यक मैतेई और अल्पसंख्यक कुकी समुदाय के बीच का है। यहां जातीयता का संघर्ष है धर्म का नहीं। मणिपुर में भाजपा का शासन है और राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह स्वयं मैतेई समुदाय से हैं। मणिपुर की 60 विधानसभा सीटों में से 40 सीटों पर मैतेई समुदाय का दबदबा है क्योंकि उनकी जनसंख्या कुल आबादी की 53 प्रतिशत है। शेष कुकी या नागा जैसे समुदाय अल्पसंख्यक श्रेणी में आते हैं। परन्तु चूँकि यहां %शेख शाहजहां% नामधारी कोई चरित्र सामने नहीं इसलिये न तो राज्य की भाजपा सरकार पर कोई इलज़ाम है न ही तुष्टीकरण के कोई आरोप न ही भ्रष्टाचार व परिवारवाद व अपराधीकरण की कोई शिकायत। गोया जिस मणिपुर की हिंसा की चर्चा पूरे विश्व में हुई,जिस मणिपुर की घटना से पूरी दुनिया में देश की बदनामी हुई वर्तमान सत्ता के लिये वह मणिपुर नहीं बल्कि बंगाल का संदेशखाली प्रकरण बड़ी चिंता का विषय है। जबकि हक़ीक़त यह है कि गत दस महीनों में शायद ही कोई दिन ऐसा बीता हो जिस दिन मणिपुर से हिंसा,हत्या,आगज़नी या बलात्कार की ख़बरें न आई हों। परन्तु प्रधानमंत्री से लेकर मीडिया तक और सत्ता के चाटुकार लेखक पत्रकार व समीक्षक सभी बंगाल के संदेशखाली मुद्दे पर तो ख़ूब दहाड़ रहे हैं परन्तु उन्हीं पर मणिपुर हिंसा को लेकर कुछ इस तरह की ख़ामोशी छाई हुई है मानो मणिपुर भारत का राज्य ही न हो ? राजनीति में दोहरे मापदण्ड अपनाने का इससे बड़ा दूसरा उदाहरण और क्या हो सकता है ?

**- तनवीर जाफ़री**

## विदेशी निवेशकों ने फरवरी में बाजार में 1,539 करोड़ का निवेश किया

नई दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के रुख में एक बड़ा बदलाव देखा गया है। एफपीआई ने फरवरी में भारतीय शेयर बाजारों में 1,500 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। इससे पिछले महीने जनवरी में उन्होंने शेयरों से जमकर निकासी की थी। कंपनियों के बेहतर तिमाही नतीजों तथा सकारात्मक आर्थिक वृद्धि के बीच एफपीआई एक बार फिर भारतीय शेयर बाजार में निवेश कर रहे हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार इसके अलावा एफपीआई ने फरवरी में ऋण या बांड बाजार में 22,419 करोड़ रुपये डाले हैं। बाजार के जानकारों ने कहा कि मार्च के लिए भी एफपीआई का परिदृश्य सकारात्मक नजर आ रहा है। अर्थव्यवस्था में मजबूती तथा कॉरपोरेट जगत के बेहतर प्रदर्शन की वजह से भारतीय शेयरों के प्रति एफपीआई का आकर्षण कायम रह सकता है। आंकड़ों के मुताबिक एफपीआई ने फरवरी में भारतीय शेयर बाजार में 1,539 करोड़ रुपये का निवेश किया है। जनवरी में उन्होंने शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये निकाले थे। बाजार के जानकारों का कहना है कि वैश्विक आर्थिक माहौल में सुधार ने एफपीआई को भारत जैसे उच्च वृद्धि वाले बाजारों में निवेश के लिए प्रेरित किया है। घरेलू मोर्चे पर जीडीपी के तीसरी तिमाही के आंकड़े मजबूत रहे हैं, जिससे विदेशी निवेशकों का आकर्षण बढ़ा है। अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल काफी ऊंचा है। फिर भी एफपीआई ने भारतीय शेयरों में शुद्ध निवेश किया है। एफपीआई पिछले कुछ महीनों से जेपी मॉर्गन सूचकांक में भारत सरकार के बांड को शामिल करने की घोषणा से प्रभावित होकर ऋण बाजार में निवेश कर रहे हैं। उन्होंने बांड बाजार में फरवरी में 22,419 करोड़ रुपये, जनवरी में 19,836 करोड़ रुपये, दिसंबर में 18,302 करोड़ रुपये, नवंबर में 14,860 करोड़ रुपये और अक्टूबर में 6,381 करोड़ रुपये का निवेश किया है। कुल मिलाकर इस साल अब तक एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार से 24,205 करोड़ रुपये निकाले हैं। इस दौरान उन्होंने ऋण बाजार में 42,000 करोड़ रुपये डाले हैं।

## अगले सप्ताह तीन कंपनियों के आईपीओ खुलेंगे

नई दिल्ली। अगले सप्ताह गोपाल स्नैक्स सहित तीन कंपनियां के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) खुल रहे हैं। इनसे सामूहिक रूप से 1,325 करोड़ रुपये की राशि जुटने की उम्मीद है। सप्ताह के दौरान दो और कंपनियों आरके स्वामी और जेजी केमिकल्स के भी आईपीओ आएंगे। मर्चेंट बैंकिंग सूत्रों ने बताया कि मार्च के महीने में बेंगलुरु के लक्जरी फर्नीचर ब्रांड स्टेनली लाइफस्टाइल्स और क्रिस्टल इंटिग्रेटेड सर्विसेज का भी निर्गम आने की उम्मीद है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि मजबूत वृहद आर्थिक परिस्थितियों तथा हाल में सूचीबद्ध हुए शेयरों से मिले बेहतर रिटर्न की वजह से आईपीओ गतिविधियों में तेजी देखने को मिल रही है। इस साल अब तक 16 कंपनियों ने आईपीओ के जरिये 13,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। वहीं मुक्का प्रोटींस का 224 करोड़ रुपये आईपीओ चार मार्च को बंद होगा। बीते साल 2023 में 58 कंपनियों ने आईपीओ से 52,637 करोड़ रुपये जुटाए थे। राजकोट की कंपनी गोपाल स्नैक्स का 650 करोड़ रुपये का आईपीओ बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित होगा। आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 381 रुपये से 401 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। गोपाल स्नैक्स का आईपीओ छह मार्च को खुलकर 11 मार्च को बंद होगा। एकीकृत विपणन सेवा कंपनी आरके स्वामी का 423.56 करोड़ रुपये का आईपीओ चार मार्च को खुलकर छह मार्च को बंद होगा। आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 270-288 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। आईपीओ के तहत 173 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे, जबकि इसमें 87 लाख तक इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी शामिल होगी। जिंक ऑक्साइड विनिर्माता जेजी केमिकल्स के आईपीओ में 165 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसके अलावा इसमें 86.2 करोड़ रुपये की 39 लाख शेयरों की बिक्री पेशकश शामिल है। कंपनी का आईपीओ पांच मार्च को खुलकर सात मार्च को बंद होगा। आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 210 से 221 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है।

## भारत-नेपाल में शुरू होगी डिजिटल भुगतान सेवा, नए दिशा-निर्देश जारी

नई दिल्ली। भारत में नेपाल के राजदूत शंकर प्रसाद शर्मा ने भारतीय रिजर्व बैंक के नए दिशानिर्देशों की सराहना करते हुए कहा कि नए निर्देशों से भारत-नेपाल के बीच डिजिटल वित्तीय सेवाओं का विस्तार होगा। अब नेपाल के लोग प्रति डिजिटल लेनदेन के जरिये 2 लाख रुपए भारत से नेपाल भेज सकते हैं। इसके अलावा वॉक-इन ग्राहक प्रति लेनदेन 50,000 रुपए भेज सकते हैं। उन्होंने बताया कि नेपाल में यूपीआई की सुविधा के लिए यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस-नेपाल क्लियरिंग हाउस लिमिटेड का जल्द उदघाटन किया जाएगा। इसके बाद भारत-नेपाल के बीच नकदी ले जाने असुविधा खत्म हो जाएगी। नेपाली खाताधारकों को प्रति लेनदेन 2 लाख रुपए भेजने की अनुमति दी गई है। इसके अलावा ग्राहक साल में 12 बार व्यक्तिगत रूप से 50,000 रुपए की राशि नेपाल भेज सकते हैं। जून 2023 में, एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) और नेपाल क्लियरिंग हाउस लिमिटेड (एनसीएचएल) ने भारत के यूपीआई और नेशनल पेमेंट्स इंटरफेस को एकीकृत करके दोनों देशों के बीच सीमा पार डिजिटल भुगतान की सुविधा शुरू करने का एलान किया था। इसे नेपाल में एनपीआई नाम दिया जाएगा।

## सरसों और मूंगफली तेल तिलहन के भाव मजबूत रहे

नई दिल्ली। दिल्ली के तेल-तिलहन बाजार में खाद्य तेलों की कम आपूर्ति के बीच शनिवार को सरसों और मूंगफली तेल तिलहन के दाम मजबूत रहे। जबकि विदेशों में डीओसी के निर्यात के कमजोर दाम के कारण सोयाबीन तिलहन कीमतों में गिरावट रही। सोयाबीन तेल, कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल कीमतें पूर्वस्तर पर बंद हुई। शनिवार को तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे- सरसों तिलहनङ्क 5,350-5390 रुपए प्रति क्विंटल। मूंगफलीङ्क 6,075-6,350 रुपए प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात)ङ्क 14,850 रुपए प्रति क्विंटल। मूंगफली रिफाइंड तेल 2,225-2,500 रुपए प्रति टिन। सरसों तेल दादरी- 10,125 रुपए प्रति क्विंटल। सरसों पक्की घानी- 1,720-1,820 रुपए प्रति टिन। सरसों कच्ची घानी- 1,720 -1,825 रुपए प्रति टिन। तिल तेल मिल डिलिवरीङ्क 18,900-21,000 रुपए प्रति क्विंटल।

## आज का राशिफल



मेष -आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलती रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपकी दी गई सलाह लोगों के बहुत काम आएगी और अधिकारी भी उस पर अमल अवश्य करेंगे। आप अपनी सुख सुविधाओं की वस्तुओं पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे, जिसके कारण बाद में आपको धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। आपकी बिजनेस की कुछ लंबे समय से रुकी हुई योजनाएं फिर से गति पकड़ सकती हैं, जो आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करेंगे।

वृषभ राशि- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको अपनी वाणी और व्यवहार में सकारात्मकता बनाए रखना होगी, तभी आप लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब रहेंगे। आपके मित्रों की संख्या में भी इजाफा होगा और आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है। आपका किसी नए घर, मकान या दुकान आदि को खरीदने की इच्छा भी पूरी होगी। आप अपने घर को रिनोवेट करने की योजना बना सकते हैं, जिसकी आप लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे थे।

मिथुन राशि- मिथुन राशि के जातक को आज का दिन मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हो सकती है। राजनीति में कार्यरत लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता है और आप किसी को बिना मांगे सलाह देने से बचें, नहीं तो बाद में आपको उसके लिए पछतावा होगा। संतान के करियर को लेकर आप कोई महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए तरक्की के नए-नए मार्ग खोलेगा। आप अपनी आय को बढ़ाने के प्रयासों में तेजी लाएंगे और बिजनेस में आ रही समस्याओं को लेकर आप अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं। माताजी का कोई पुराना रोग फिर से उभर सकता है, जो आपको परेशान करेगा। आपको अत्यधिक तले भुने भोजन से परहेज रखे, नहीं तो पेट संबंधित समस्याएं घर कर सकती हैं।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपके घर किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा, लेकिन आपकी कोई पुरानी गलती परिवार के सदस्यों के सामने आ सकती है, जिसके कारण आपके माता-पिता आपसे नाराज हो सकते हैं। आपको उन्हें मनाने के पूरी कोशिश करनी होगी।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए बहुत ही तोलमोल कर बोलने के लिए रहेगा। आप अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम बनाए रखें। आपके रुके व्यवहार के कारण परिवार के सदस्य भी प्रसन्न रहेंगे। किसी पारिवारिक कलह को लेकर आपका मन दुखी रहेगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप किसी की गलत बात को लेकर हां मे हां ना मिलाएं।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी बडे पद की प्राप्ति हो सकती है, लेकिन जो जातक विदेशों में व्यापार करते हैं, उन्हें सावधान रहने की आवश्यकता है। आपके भाई या बहन के विवाह में आ रही बाधा भी दूर होगी। आपको अपने मित्र की किसी गलत बात पर हां में हां मिलने से बचना होगा।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपके लंबे समय से रुके हुए काम पूरे होंगे और बिजनेस में यदि आप किसी को साझेदार बनाने के लिए सोच विचारकर रहे थे, तो उसके लिए साझेदारी बना सकते हैं। आपको संतान पक्ष की ओर से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए लेनदेन के मामले में सावधानी बरतने के लिए रहेगा। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो उसमें आप लिखापढ़ी करके दे, तो आपके लिए अच्छा रहेगा। आपका कोई प्रॉपर्टी खरीदने का सपना पूरा हो सकता है, लेकिन उसमें आप किसी को साझेदार ना बनाएं।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए अपने आय और व्यय में तालमेल बनाकर चलने के लिए रहेगा। आपके बढ़ते खर्च आपको परेशान करेंगे, लेकिन आप किसी संपत्ति का सौदा बहुत ही देखभाल कर करें और उसके चल अचल पहलुओं को स्वाधीनता से जांच लें। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए भागदौड भरा रहने वाला है जिसके कारण आप परेशान रहेंगे, लेकिन आप अपने से ज्यादा औरों के कामों पर ध्यान लगाएंगे, जो आपको परेशानी देंगे। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलता दिख रहा है। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आपको घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हो सकती है।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा और कार्यक्षेत्र में आप टीमवर्क के साथ काम करेंगे, जिसमें आपको अपने जूनियर्स का पूरा साथ मिलेगा। व्यापार में आप अपने कामों में निरंतर आगे बढ़ेंगे। मित्रों का साथ व सहयोग आप पर बना रहेगा। आप किसी से धन उधार लेने से बचे। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मेल मिलाप करने आ सकता है। आपको किसी भी विपरीत परिस्थिति में भी धैर्य बनाए रखना होगा और कुछ नये अनुबंधों का आप लाभ उठाएंगे। किसी सरकारी योजना में धन लगाना आपके लिए अच्छा रहेगा।

## शब्दजाल - 7468

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | चि | न्ना | स्वा | मी | शि | ज | ब | न | र | ट |
| दा | रा | यू | न | आ | वा | ग्री | द | इ | ह | फि |
| वा | व | ना | पू | ने | जी | थ | न | ग | क | रो |
| न | ची | न | ते | श | ज | का | म | पा | त | ज |
| खे | त | ई | ड | न | गा | र्ड | न | ग | र्क | शा |
| ड़े | अ | म | सु | ल | अ | पू | न | मो | र | ह |
| ती | जं | सी | मे | ता | प | नु | श | हा | ज | को |
| क | ल | ग | रि | वि | ल | नी | प | ली | न | ट |
| ब्रे | बो | र्न | य | या | चि | क | री | म | प | ला |
| ज | ग | त | न | ज | ज | त्र | टो | जी | र्य | त |
| बे | बी | लो | नि | या | ल | ज | र | रा | त | थ |

शब्दजाल में 10 'खेल स्टेडियम' के नाम ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं


ईडन गार्डन, शिवाजी, वानखेड़े, ग्रीनपार्क, फिरोजशाह कोटला, चिन्नास्वामी, मोहाली, नेशनल, ब्रेबोर्न, तालकटोरा

### शब्दजाल - 7467 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मि | म | मा | गौ | त | म | बु | द्ध | गु | क | वि |
| हा | हा | सू | ह | का | ल | जी | स | ल | को | ज |
| त्मा | वी | रा | द | अं | त | त | र | मो | ल | अ |
| गां | र | दा | णा | ल | क | वा | दा | ह | व | र |
| धी | स्वा | न | ष | प्र | म | डे | र | म्म | सी | विं |
| दि | मी | य | स | जि | ता | क | प | द | गु | दो |
| ने | ह | बु | मां | या | म | प | टे | र | रु | घो |
| वी | पू | सु | ल्ता | न | पं. | सौ | ल | ट | ना | ष |
| मों | रे | त | सू | ह | रे | ने | ने | जे. | न | र |
| गि | ल | च | त्त | र | ट | क | ह | न | क | थ |
| या | अ | क | ब | र | बा | इ | र | रू | ह | धी |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6412



**ऊपर से नीचे:-**

१. संजयदत्त, इंद्रकुमार, मनीषा की फिल्म-२
२. बॉबी देओल, रानी की 'मिलने से डरता है दिल' गीत वाली फिल्म-३
३. 'गुड मार्निंग इंडिया' गीत वाली फिल्म-२
४. कमल हासन, श्रीदेवी की 'ऐ जिंदगी गले गला ले' गीत वाली फिल्म-३
५. राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
६. 'दिल में छुपा के प्यार का' गीतवाली फिल्म-२
७. 'जो तुमको हो पसंद' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
८. देव आनंद, माला सिन्हा की 'जारे जारे उड़ जारे पंछी' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'भैया मेरे पापा को' गीत वाली मनोज बाजपेयी, रवीना टंडन की फिल्म-२
१२. अजय, मास्टर सत्यजीत, अलका की 'एक तेरा साथ हमको' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'चोरों को सारे नजर' गीत वाली फिल्म-२,३
१६. नाना, अजय, फरदीन, रेखा, उर्मिला की 'ये सर्द आहें मेरी' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आज उनसे पहली मुलाकात होगी' गीत वाली राकेश रोशन, हेमा की फिल्म-३,२
१८. राकेश रोशन, जयाप्रदा की 'तुम संग प्रीत लगाई सजना' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'तुम्हे जिंदगी के उजाले मुबारक' गीत वाली धर्मेन्द्र, मीना कुमारी की फिल्म-३
२३. प्रशांत, ऐश्वर्या राय की फिल्म-२
२७. 'मैं राजू दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'शोले' में धर्मेन्द्र के किरदार का नाम ?-२
३०. अमिताभ वाली संजय लीला की फिल्म जिसमें रानी मुखर्जी मूक-बधिर बनी है-२

**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, सलमान, हेमा, महिमा की फिल्म-४
४. बी.आर. चोपड़ा की फिल्म 'निकाह' की नायिका कौन थी-३
६. अशोककुमार, संजीवकुमार, सुमिता सान्याल की फिल्म-४
७. फिल्म 'चाँद का टुकड़ा' में श्रीदेवी के साथ नायक कौन था-४
९. अयूब खान, आयशा जुल्का की 'ओ सरफि री ओ' गीत वाली फिल्म-३
११. 'अंख लड़ती है तो लड़ने दे' गीत वाली संजयदत्त, मनीषा रवीना की फिल्म-२
१२. अर्जुन रामपाल, जायेदखान, अमीषा की 'मैं इश्क उसका' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
१५. जॉन अब्राहम, उदिता गोस्वामी की 'अपनी चाहतों पे' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'एरी रे एरी क्या है पहेली' गीत वाली ऋतिक, जैकी, करीना की फिल्म-२
२०. अक्षय, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की 'तेरा ये देख के' गीत वाली फिल्म-३
२२. फिल्म 'पूरब और पश्चिम' का निर्माता निर्देशक, नायक कौन था-३
२४. सुनीलदत्त, वहीदा, आशा पारेख की 'इतना ना मुझसे तू प्यार बढ़ा' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'चप्पा चप्पा चरखा' गीत वाली चंद्रचूड़सिंह, अरशद वारसी, रवि गोसाई, तब्बू की फिल्म-३
२६. 'मिलती है जिंदगी में' गीत वाली फिल्म 'आँखें' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
२८. फिल्म 'राजाजी' में गोविंदा के साथ नायिका कौन थी-३
३१. अमिताभ, शशि, स्मिता की 'आज रपट जायें तो' गीत वाली फिल्म-३,३

### फिल्म वर्ग पहेली- 6411

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ल | च | ल | | जी | व | न | मृ | त्यु |
| व | | मे | | भू | त | | | त्यु | |
| स | हे | ली | | मि | | खा | न | दा | न |
| | रा | | शि | का | र | | सी | ता | |
| धू | म | | वा | | क्ष | | ब | | बे |
| प | | खे | | ता | क | त | | | ता |
| | गो | ल | मा | ल | | ला | ट | सा | ब |
| पा | पी | | शू | | जो | श | | या | |
| की | | शं | क | र | | | घा | | स्व |
| जा | नू | | | ज | मा | न | त | | र्ग |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**04 मार्च 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.53 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मेष | 08.24 बजे से |
| मंगल | मकर में | वृष | 10.04 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.02 बजे से |
| गुरु | मेष में | कर्क | 14.16 बजे से |
| शुक्र | मकर में | सिंह | 16.32 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 18.44 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 20.54 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 23.09 ब.से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | धनु | 01.25 बजे से |
| | | मकर | 03.30 बजे से |
| | | कुंभ | 05.17 बजे से |

**सोमवार** 2024 वर्ष का 64 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अष्टमी 08.50 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** ज्येष्ठा 16.21 बजे को समाप्त। **योग** वज्र 16.06 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 08.50 बजे तदनन्तर तैतिल 20.33 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 23.1 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 06° 20'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871908
**जूलियन दिन** 2460373.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सावान
**तारीख** 22
**विशेष** जानकी जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: सेवा ही सच्चा धन है

सबसे बड़ा धनकाशी के एक सेठ के दो बेटे थे। एक दिन सेठ की मृत्यु हो गई। क्रियाकर्म संपन्न हो जाने के बाद छोटे बेटे ने अपने बड़े भाई से कहा, 'भइया, जिस बक्से में पिताजी का सारा धन सुरक्षित है, उसे अब खोलना चाहिए।' तभी बड़ी बहू ने कहा, 'पहले यह तय कर लिया जाए कि किसके हिस्से में कितना धन आएगा।' इस पर छोटे भाई ने कहा, 'आप ही तय कर दीजिए।' बड़ी बहू ने कहा, 'तुम्हारे बड़े भाई ने पिताजी की सेवा सबसे अधिक की है इसलिए धन का बड़ा हिस्सा हमें मिलना चाहिए।' छोटी बहू बोली, 'यह कैसे हो सकता है, मैंने पिताजी की सेवा में रात-दिन एक किए। इसलिए धन का बड़ा भाग हमारा होगा।' बड़ी बहू ने कहा, 'आप ने तो उनका खाना पीना हराम कर दिया था। मेरे पति ही उनको जेब खर्च देते थे। कपड़े सिलवाते थे।' छोटी बहू ने कहा, 'आप ने उन्हें हमेशा नौकरों की तरह समझा। उनकी चारपाई उस कोठरी में लगवा दी, जिसमें घर का कबाड़ रखा जाता है।' दोनों बहुओं में बहस जब बढ़ गई तो बड़े भाई ने कहा, 'तुम दोनों ने क्या तमाशा मचा रखा है। कोई सुनेगा तो क्या कहेगा। हमें ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिए जिससे पिताजी की आत्मा को दुख पहुंचे।' छोटे भाई ने इसका समर्थन किया और कहा, 'आप ईमानदारी से जो फैसला करेंगे, वह हमें स्वीकार होगा।' बड़े भाई ने निर्णय सुनाया, 'हम सारा धन बराबर-बराबर बांट लेंगे।' बक्सा खोला गया तो उसके अंदर एक और बक्सा रखा मिला। उसे खोला गया तो एक और छोटा बक्सा मिला। जब उसे भी खोला गया तो उसमें से एक थैली निकली। थैली के अंदर सिर्फ कागज का एक पुर्जा था। बड़े भाई ने उसे पढ़ा। उसमें लिखा था, 'तुम दोनों ने मेरी सेवा की है, वही तुम्हारा सच्चा धन है। इसे ही बराबर-बराबर बांट लो और अगली पीढ़ी के लिए सुरक्षित कर दो। सेवा ही सबसे बड़ा धन है।'

## सूडोकु नवताल- 6721

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6720 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

## शब्द पहेली - 7936



**बाएँ से दाएँ**

1. दैत्य, असुर-3
3. रुकावट, बाधा-4
6. सम्मान-2
7. नियंत्रण, घोड़े की रास-3
8. मूल, कंद-2
9. सलाह, मशवरा-2
10. मोटा आटा-2
12. सलाह देने वाला-5
14. जलाना-3
17. माला का मोती-3
19. उग्रवाद, हिंसा वाद-5
22. शराब, मदिरा-2
24. दुख, कष्ट-2
25. चेतना, ध्यान-2
27. सालन, रसा-3
28. घ्राणेंद्रिय, इज्जत-2
29. राजकुमार (उर्दू-4)
30. अस्तित्व, प्राण तत्व-3

**ऊपर से नीचे**

1. खैरात, दक्षिणा-2
2. गोलाकार-5
3. नश्वर, जो कभी न मरे-3
4. प्रतिदिन-2
5. हृदय स्पंदन-4
6. विचार-3
9. मार्ग, रास्ता-2
11. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
13. बब्बर शेर (अंग्रेजी-3)
15. सीरा, एक मिष्ठान्न-3
16. पतंग के पेच लड़ाना-5
17. बेसुध, अलमस्त-4
18. कार्य-2
20. जरा, थोड़ा-2
21. दरवाजा खटखटाना-3
23. इन्होंने कृष्ण को पाला था, कृष्ण की दूसरी मां-3
26. उकसावा, बढ़ावा-2
28. मैदे की एक प्रकार की रोटी-2

### शब्द पहेली - 7935 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न | ट | व | र | ना | ग | र | | |
| | क्र | | म | | ज | | का | |
| ज | र | | जा | हि | रा | | जी | त |
| ब | | ज | न | | ज | मा | | ल |
| र | च | ना | | | | ज | वा | ब |
| द | | ना | स | | दा | रा | | गा |
| स्त | र | | मा | न | ना | | ख | र |
| | थ | | धा | | पा | | ल | |
| | | स | न | स | नी | फै | ल | ना |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## इस सप्ताह वैश्विक रुख, वृहद आर्थिक आंकड़े तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

नई दिल्ली। इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों की दिशा वैश्विक बाजारों के रुख, विदेशी निवेशकों की गतिविधियों और घरेलू मोर्चे पर वृहद आर्थिक आंकड़ों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। पिछले सप्ताह उम्मीद से बेहतर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के आंकड़ों से बाजार में रिकॉर्ड तेजी आई। इस सप्ताह शेयर बाजार में कम सत्रों में कारोबार होगा। शुक्रवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहेंगे। बाजार के जानकारों ने कहा कि प्रमुख घटनाक्रम जैसे पांच मार्च को अमेरिका के सेवा पीएमआई आंकड़े, आठ मार्च को अमेरिका के बेरोजगारी के आंकड़ों पर बाजार की नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल के दाम में भी तेजी आ रही है जो बाजार के मूड को प्रभावित कर सकते हैं। हालांकि, अभी बाजार में तेजी की रफ्तार कायम है। घरेलू मोर्चे पर बात की जाए, तो सेवा क्षेत्र के लिए खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) के आंकड़े मंगलवार को आएंगे। बाजार विश्लेषक कहते हैं कि इस सप्ताह बाजार वैश्विक और घरेलू आर्थिक आंकड़ों, एफआईआई/डीआईआई के निवेश के रुख, कच्चे तेल के भंडार, डॉलर के मुकाबले रुपए की चाल और वैश्विक बाजारों के रुख पर प्रतिक्रिया देगा। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 663.35 अंक चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 165.7 अंक के लाभ में रहा। शनिवार को सेंसेक्स 60.80 अंक चढ़कर 73,806.15 के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 73,994.70 के अपने सर्वकालिक रिकॉर्ड स्तर को छू गया। वहीं निफ्टी 39.65 अंक बढ़कर 22,378.40 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 22,419.55 के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बीएसई और एनएसई ने प्राथमिक साइट पर प्रमुख व्यवधानों या विफलता से निपटने के लिए अपनी तैयारियों की जांच को शनिवार को इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में एक विशेष कारोबारी सत्र का आयोजन किया था।

## फोर्ड टाटा के साथ कर सकती है संयुक्त कारोबार

नई दिल्ली । फोर्ड भारत में वापसी की खबरें सामने आ रही हैं। एक रिपोर्ट से ये भी पता चला है कि कंपनी इलेक्ट्रिक वाहन और हाइब्रिड कार लाने के लिए टाटा मोटर्स के साथ समझौता कर सकती है। टाटा वर्तमान में भारत की अग्रणी इलेक्ट्रिक कार निर्माता है, जिससे फोर्ड को यहां कारोबार शुरू करने में मदद मिल सकती है। वहीं टाटा को अमेरिका में अपनी कारें लॉन्च करने का मौका मिलेगा। कारों की बिक्री में कमी और घाटे के कारण फोर्ड ने 2021 में भारत में अपना कारोबार बंद कर दिया था। कंपनी के पास भारत में साणंद और चेन्नई में 2 प्लांट हैं। साणंद प्लांट टाटा मोटर्स को बेच दिया है, जबकि चेन्नई प्लांट अभी भी फोर्ड के पास है। हालांकि, इस प्लांट को बेचने को लेकर अमेरिकी कंपनी जेएसडब्ल्यू ग्रुप के साथ अंतिम दौर में भी पहुंच गई, लेकिन बाद में फोर्ड ने अपना विचार बदल दिया।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से 7 कंपनियों का मार्केट कैप 65,302 करोड़ बढ़ा

नई दिल्ली। पिछले सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 65,302.5 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक फायदे में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और आईसीआईसीआई बैंक रहे। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी बैंक का बाजार पूंजीकरण बढ़ गया। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसीआई) की बाजार हैसियत में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 19,881.39 करोड़ रुपये बढ़कर 14,85,912.36 करोड़ रुपए हो गया। आईसीआईसीआई बैंक ने सप्ताह के दौरान 15,672.82 करोड़ रुपए जोड़े और उसका बाजार मूल्यांकन 7,60,481.54 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एसबीआई की बाजार हैसियत 12,182.1 करोड़ रुपए बढ़कर 6,89,917.13 करोड़ रुपए और एचडीएफसी बैंक की 7,178.03 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 10,86,464.53 करोड़ रुपए हो गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 5,051.63 करोड़ रुपए बढ़कर 5,67,626.01 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। भारती एयरटेल के मूल्यांकन में 4,525.14 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई और यह 6,38,721.77 करोड़ रुपए रहा। आईटीसी की बाजार हैसियत 811.39 करोड़ रुपए बढ़कर 5,14,451.76 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। इस रुख के विपरीत एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 19,892.12 करोड़ रुपए घटकर 6,54,763.76 करोड़ रुपए रह गया। इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 9,048.17 करोड़ रुपए घटकर 6,86,997.15 करोड़ रुपए पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 3,720.44 करोड़ रुपए घटकर 20,16,750.44 करोड़ रुपए रह गई।

## ओला ने फरवरी में बेचे 35,000 इलेक्ट्रिक स्कूटर

नई दिल्ली । ओला इलेक्ट्रिक के लिए फरवरी का महीन अच्छा रहा है। कंपनी ने पिछले महीने में 35,000 इलेक्ट्रिक स्कूटरों की बिक्री की है, जो अब तक की सबसे अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार बिक्री में करीब 100 प्रतिशत की तेजी देखी गई है। कंपनी की भारतीय बाजार में लगभग 42 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। ओला इलेक्ट्रिक ने पिछले 3 महीनों में एक लाख से अधिक इलेक्ट्रिक स्कूटर बेचे हैं। दिसंबर, जनवरी और फरवरी में कंपनी ने हर बार 30,000-30,000 से अधिक की बिक्री की है। दिसंबर 2023 में पहली बार कंपनी ने 30,000 का आंकड़ा पार किया था और अब तक ये लगातार जारी है। आने वाले महीनों में ओला इलेक्ट्रिक स्कूटरों की बिक्री में और बढ़ोतरी देखी जा सकती है। गौरतलब है कि ओला ने पिछले महीने अपनी एस1 सीरीज पोर्टफोलियो की कीमत में 25,000 रुपये की कटौती की है, जिससे बुकिंग में वृद्धि देखने को मिली।

# जन संवाद कार्यक्रम से पुलिस एवं पब्लिक के बीच बनेंगे बेहतर संबंध

## लांजी थाने में आयोजित हुआ पुलिस जनसंवाद कार्यक्रम






**लांजी ( पद्मेश न्यूज )। रविवार 3 मार्च को लांजी पुलिस थाना परिसर में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जन संवाद कार्यक्रम एसडीओपी सतेन्द्र घनघोरिया, व्यापारी संघ अध्यक्ष गौरीशंकर सातपुते, नगर परिषद उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर, पार्षद मोनू सौरभ पशीने, प्रमोद अग्रवाल, डॉ प्रदीप गेडाम, पत्रकार दिनेश रामटेक्कर, थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी की प्रमुख उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।**

### सायबर और ऑनलाईन धोखाधड़ी से बचें-एसडीओपी

जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीओपी सतेंद्र घनघोरियां ने ऑनलाईन और सायबर ठगी के विषय में अपनी बात रखी और लोगों को इससे बचने की सलाह दी। खासकर उन्होने क्षेत्र की बालिकाओं और युवतियों को सोशल मीडिया से दोस्ती एवं शादी विवाह के प्रस्ताव को तुरंत स्वीकार न करने की बात कही तथा विवेक से निर्णय लेने के लिये प्रेरित किया। उन्होने कहा कि हाल के वर्षों में देश में फिशिंग अटैक यानी आनलाइन धोखाधड़ी की घटनाएं बढ़ी है। जालसाज वाट्सएप, टेलीग्राम, एसएमएस या ई.मेल के जरिये मैसेज भेजकर लोगों को प्रलोभन देते हैं और लोग उनके जाल में फंस अपनी महत्वपूर्ण वित्तीय जानकारी दे देते हैं। यह प्रलोभन लाटरी जीतने, इनाम निकलने, कोई नई सुविधा मुफ्त मिलने, बैंक खाता बंद होने के रूप में हो सकते हैं। इनसे बचने के लिए हमेशा सावधानियां बरतनी चाहिए। उन्होने कहा कि आज हमारे देश में टैक्नालॉजी का बहुत विस्तार हुआ है जिसके फायदे के साथ-साथ नुकसान भी बहुत हैं जो इन सुविधाओं के विषय में पूरी जानकारी नहीं रख पाते उन्हें नुकसान उठाना पड़ जाता है। लोगो के सुझाव सुनने के बाद लांजी एसडीओपी सत्येंद्र घनघोरिया ने कहा कि पुलिसकर्मी और पुलिस थाना आम जनता के लिए ही है पुलिस हमेशा जनता की मदत व सुरक्षा के लिए मुस्तैद है किसी को भी कहीं गलत कार्य होते दिखता या सूचना मिलती है तो तत्काल पुलिस को बताएं।

### सर्पदंश और सड़क दुर्घटनाओं में न करें देरी-प्रदीप गेडाम

जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित बीएमओ प्रदीप गेडाम ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा की सर्पदंश की घटनाओं में अक्सर ग्रामीण क्षेत्रो से आने वाले मरीज झाड़ फूंक पर विश्वास करते हुए देरी करते है और अस्पताल नहीं आते जिससे मरीज को समुचित इलाज नहीं मिल पाता और उसकी मृत्यु हो जाती है। श्री गेडाम ने कहा की सर्पदंश में वही व्यक्ति झाड़फूंक में बचते है जिन्हें किसी जहरीले सर्प ने नहीं काटा हो और वे झाड़फूंक पर विश्वास करने लगते है जबकि ऐसा नहीं। सर्पदंश में झाड़फूंक से कोई भी ठीक नहीं होता सिर्फ अस्पताल में उचित समय पर चिकित्सक से इलाज कराने से ही सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति ठीक हो सकता है। उन्होने कहा की सड़क दुर्घटनाओं में हमेशा लोग घायल को ले जाने के लिये सरकारी वाहन का इंतजार करते हैं जबकि ऐसे समय में सभी को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए अपने ही वाहन से घायल व्यक्तियों को उपचार के लिये अस्पताल पहुंचा देना चाहिए जिससे उन्हें त्वरित उपचार मिल सके।

### सड़क निर्माण कार्य शीघ्र किया जाए -गौरीशंकर सातपुते

नगर के सालेटेकरी मार्ग पर डिवाइडर का कार्य किया जा रहा है, जिसके लिए ठेकेदार द्वारा विगत दो माह से पटरी खोदकर छोड़ दिया गया है। यह नगर का व्यवस्तम मार्ग है एवं आगे शिवरात्रि पर्व है, जिससे इस मार्ग पर भारी आवागमन बना रहेगा। जिससे मार्ग पर दुर्घटना होने की संभावना बनी रहेगी। नगर परिषद को चाहिए कि मार्ग का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए।

जन संवाद कार्यक्रम में यातायात सिंगनल, सीसीटीवी कैमरे सहित रात्रि 10 बजे के बाद बजने वाले डीजे पर प्रतिबंध लगाने पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर बबीता पशीने, सुचिता एड़े, मोहन बल्लारखेड़े, शिवप्रसाद सहारे, आकाश गोस्वामी, संतोष आवरे, अशोक पालीवाल, संजय टेंभरे, पवन कश्यप, राजू रामटेक्कर, गणेश प्रसाद दुबे, मनीष अग्रवाल, घनश्याम धरते, राहुल रावते, अशोक मर्सकोले, संजय नारनौरे, शिवप्रसाद सहारे, डोलनसिंह गागरिन, राजेश सुलाखे सहित अन्य गणमान्यजनों की उपस्थित रही।

# बेटे ने मां को उतारा मौत के घाट

## पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

लांजी (पद्मेश न्यूज)। थाना अंतर्गत ग्राम दहेगांव से 2 मार्च की रात्रि में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां बेटे ने अपनी जन्म देने वाली मां की निर्मम हत्या कर दी। लांजी पुलिस ने खून से लथपथ हालत में वृद्ध महिला का शव बरामद कर उसे पीएम के लिए लांजी अस्पताल भिजवाया। वहीं हत्यारे बेटे को मौके से ही हिरासत में लिया। पुलिस ने आरोपी परदेशी मलगाम के विरूद्ध आईपीसी की धारा 302 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतिका जैनाबाई के दो बेटे हैं, बड़ा बेटा परदेशी व छोटा बेटा सुभाष हैं, जो रोजी मजदूरी करते थे। घटना 2 मार्च दिन शनिवार की रात करीब 08 बजे की है। लांजी थाना क्षेत्र के दहेगांव में वृद्धा जैनाबाई पति भावदास मलगाम 65 घर में सोई थी। इस दौरान उनका बड़ा बेटा परदेशी पिता भाउदास मलगाम उम्र 26 वर्ष घर आया और उससे विवाद करने लगा। इसके बाद उसने धारदार हथियार से वृद्धा पर हमला कर गला रेत दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान घर पास रहने वाले लोग जब मौके पर पहुंचे तो वृद्धा जैनाबाई का खून से लथपथ शव पड़ा था, उसकी गर्दन पर गंभीर चोट के निशान थे। इसके बाद उन्होंने पुलिस को मामले की सुचना दी। इधर, जानकारी लगते ही थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी के निर्देश पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जहां से उन्होंने जैनाबाई के शव को पीएम के लिए अस्पताल पहुंचाया और आरोपी बेटे परदेसी मलगाम को अपने साथ लेकर थाने पहुंची। साथ ही पुलिस ने इस हत्या में प्रयुक्त हथियार तथा खून से सने कपड़े बरामद कर लिए गए। पुलिस आरोपी से हत्या के बारे में पूछताछ कर हिरासत में लिया गया। 3 मार्च को पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया।



### इनका कहना हैं

दहेगांव में वृद्ध महिला की हत्या की जानकारी मिलते ही पुलिस अमला मौके पर पहुंच कर मृत महिला के बेटे को हिरासत में लिया गया, साथ ही शव का पंचनामा की कार्यवाही के पश्चात पीएम के लिए भेजा गया। वहीं छोटे बेटे से पूछताछ में बताया कि परदेशी मानसिक रूप से विक्षिप्त होने से अकसर मां से विवाद करते रहता था और उसी के तहत उसने घटना कारित की हैं। इसके पहले भी परदेशी ने आत्महत्या करने की कोशिश की थीं। आरोपी को न्यायालय में पेश कर अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया हैं। वहीं शव का पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया हैं।



**सतेन्द्र घनघोरिया**
**एसडीओपी लांजी**

# लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत भाजपा पदाधिकारियों ने किया घर-घर जनसंपर्क

लांजी ( पद्मेश न्यूज ) ।आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी चुनावी मोड पर लगातार जनता से जुड़ने कार्यक्रम कर रही है। मोदीजी की गारंटी को लेकर कार्यकर्ता जनसंपर्क कर रहे है। गांव चले अभियान, नारी शक्ति वंदन, दीवार लेखन के साथ लाभार्थी संपर्क अभियान के माध्यम से प्रत्येक बूथ पर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं




का लाभ लेने वाले लाभार्थीयों से मिलकर उनके अनुभव को साझा करना है। मोदी सरकार ने जो कहां वे सभी कार्य पूर्ण ईमानदारी से किया। मोदी सरकार इस बार 400 पार के साथ केंद्र में तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने संकल्पित है। गरीब, युवा, महिला और किसान का सामाजिक, आर्थिक और नैतिक उत्थान प्राथमिकता में है। मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है, और अपनी तीसरी पारी में भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था तक पहुंचाने के लिए सभी क्षेत्रों का विकास को लेकर दूरगामी कार्य कर रही हैं। केंद्रीय संगठन और प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार आज भाजपा मंडल लांजी में लाभार्थी संपर्क अभियान की बैठक लोकसभा विस्तारक दीपक कामड़े , विधानसभा विस्तारक कुसुम बिरला की प्रमुख उपस्तिथि में संपन्न हुई। बैठक में लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत प्रत्येक बूथ में विस्तारक प्रवास करेंगे और बूथ में निवासरत लाभार्थीयों से संपर्क केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करेंगे। लांजी मंडल के नगर केंद्र के बूथ क्रमांक 256 और 258 में लाभार्थी संपर्क किया गया। और मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर उनके जीवन में क्या बदलाव आया व मोदी सरकार से आप और क्या चाहते हैं लाभार्थियों ने अपना अनुभव साजा किया। उक्त बैठक में आलोक चौरसिया भाजपा मंडल अध्यक्ष लांजी, विजय गोस्वामी, अमित घोंघडे, देवेश ऐडे, मोना कौर सिद्धू, मोहन पिछोड़े, किशोर रामटेक्कर, गौरव बैंस, बबलू खानोरकर, राकेश रामटेक्कर, योगेंद्र दहीकर, मंडल पदाधिकारी और कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# 21 मार्च को सावरी में मनाया जावेगा गौरव दिवस समारोह

लाँजी (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र के ग्राम सावरी में 3 मार्च को ग्राम पंचायत भवन में अवंती साधना मंच की बैठक आयोजित हुई । उक्त बैठक बिरनपुर के पूर्व सरपंच सोहनलाल नागपुरे की अध्यक्षता में एवं वारी सरपंच ऋषि दशरिया, बेनेगांव सरपंच संतोष बुढ़ावने के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुई। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के छायाचित्र का पूजन कर बैठक की शुरुआत की गई। अवंती साधना मंच के अध्यक्ष आशाराम कुशले द्वारा बैठक का चर्चा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। बैठक में ग्राम सावरी के अवंती बाई चौक पर 21 मार्च को गौरव दिवस समारोह 2024 का भव्य आयोजन किए जाने का सर्वसम्मत निर्णय लिया गया। लोधी गौरव वीरांगना अवंती बाई का बलिदान 20 मार्च को हुआ। जिसे अवंती साधना मंच द्वारा गौरव-दिवस के रूप में सतत् आयोजित किया जाता है। किन्तु मुख्यालय में इस तिथि पर मुख्य समारोह आयोजित होने के चलते इसकी तिथि एक दिन बढ़ा दी गई। पूर्व में मंच द्वारा लिए गये निर्णय के अनुसार गौरव दिवस समारोह 2024 का आयोजन लाँजी के अवंती बाई स्टेडियम में होना था किंतु गार्डनिंग का कार्य पूर्ण न हो पाने के कारण अवंती बाई स्टेडियम के प्रांगण में स्थापित वीरांगना की अष्टधातु प्रतिमा का अनावरण नहीं हो पाया है । जिसके चलते कार्यक्रम स्थल परिवर्तित किया गया। अब इस समारोह का वृहद आयोजन ग्राम पंचायत सावरी के अवंती बाई चौक पर होगा । उक्त समारोह यशोधरा नीलांबर वर्मा विधायक खैरागढ़ (छ.ग.), राजकुमार कर्राहे विधायक लाँजी, अनुभा मुंजारे विधायक बालाघाट, रमेश भटेरे पूर्व विधायक लाँजी व आई.आर.एस. लोकेश लिल्हारे कमिश्नर जी. एस. टी. जबलपुर की गरिमामयी उपस्थिति व लाँजी क्षेत्र में निवासरत सभी समाजों के अध्यक्षों के प्रमुख आतिथ्य में आयोजित होगा। बैठक में अवंती साधना मंच द्वारा संचालित परिवार पंजीयन कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई । इससे संबंधित प्रगणकों की कार्य के दौरान आने वाली विभिन्न समस्याओं व शंकाओं का भी निराकरण किया गया। गौरव दिवस समारोह में वर्ष-2022 -23 की राज्य अथवा केंद्रीय बोर्ड द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा में 85त्न या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही 20 मार्च 2023 से समारोह दिवस तक की अवधि में नव-नियुक्त अधिकारियों, कर्मचारियों व इसी अवधि में सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारियों को भी सम्मानित किए जाने का सर्वसम्मत निर्णय लिया गया। साथ ही पंजीयन कार्य को उत्कृष्ट ढ़ग से सम्पादित करने वाले प्रगणकों को भी इस समारोह के दौरान सम्मानित किया जाना प्रस्तावित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से डॉक्टर साहेब दास दशरिये, डी. आर. लिल्हारे सेवानिवृत्ति शिक्षक, डी. आर. उपराड़े, भवन दास दशरिया उपाध्यक्ष, कृष्ण कुमार महिश्वरे उपाध्यक्ष, डॉक्टर टोमेश्वर बापूरे अध्यक्ष लोधी महासभा लाँजी, मोतीचंद कलपूरे, विजय कुमार कुशले, पुनाराम पिछोरे, विजय कुमार दशरिया, भजनदास नागपुरे, झंकार बढ़घैया पूर्व सरपंच ककोड़ी, तोषण मस्करे, धेडूलाल लिल्हारे, सोहनलाल नागपुरे, टिकेश्वर कर्राहे, लीलाधारी बानोठे, लीलाराम लिल्हारे, भागीरथ ढ़ेकवारे, धर्म भूषण बनोटे, धनराज लिल्लारे, मनोज नगपुरे सहित बड़ी संख्या में मंच कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे। बैठक का सफल संचालन सह सचिव प्रमोद धामने द्वारा किया गया।




**प्लाट बेचना है**
करूणा नगर बूढ़ी, बालाघाट में 27×56 के दो डायवर्टेड प्लाट बेचना है। शासकीय कर्मचारी को फायनेंस सुविधा उपलब्ध
मो. 9827105126

**प्लॉट बेचना है**
गोंगलई मे गोंदिया रोड़ से लगा हुआ प.ह.नं. 19 मे रकबा 0.0023 हे. 39म 65X2535 वर्गफीट डायवर्सन युक्त प्लॉट बेचना है।
संपर्क करें 9993754780

**लांजी में "पद्मेश"**
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

**भानेगांव में "पद्मेश"**
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

**बोलेगांव में "पद्मेश"**
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# वन विभाग ने सोन नदी से रेत का अवैध उत्खनन करते ट्रैक्टर किया जप्त

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी क्षेत्र वन संपदाओं से अच्छादित है वहीं इन वन क्षेत्रों में नदी- नाले भी है जहां पर लगातार अवैध उत्खनन एवं परिवहन की शिकायतें लगातार प्राप्त होती रहती है। वर्तमान में वनों के अन्दर बनने वाले मार्ग पुल-पुलियाओं में अधिकतर मटेरियल इन्ही नदी- नालों से ले जाया जाता है। जंगलों में कार्य करने वाले ठेकेदार हो या मटेरियल सप्लायर्स अधिकतर ये लोग अवैध उत्खनन एवं परिवहन कर ही मार्गो का निर्माण करते दिखाई देते हैं। ऐसे अनेकों शिकायतें अधिकारियों सहित अन्यत्र पंहुच रही है। जिसको लेकर समय-समय पर कार्यवाही भी की जाती है लेकिन फिर भी अवैध खनन एवं परिवहन करने वाले अपना कार्य जारी ही रखते है। ऐसा ही एक मामला लांजी वन परिक्षेत्र पूर्व लांजी( सामान्य) अंतर्गत बिजागढ़ वृत के कछारगढ़ बीट की वन सीमा सीमा से होकर गुजरने वाली सोन नदी से अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर परिवहन करने की सूचना मुखबीर से प्राप्त होने पर उपवन मंडल अधिकारी लांजी( सामान्य) राकेश कुमार अकड़ने के निर्देशन में वन परिक्षेत्र अधिकारी पूर्व लांजी (सामान्य) अभिषेक जाट के मार्गदर्शन में तथा परिक्षेत्र सहायक बिजागढ़ व्रत आशीष नागेश्वर वनपाल के नेतृत्व में वन परिक्षेत्र पूर्व (सामान्य) के समस्त स्टाफ एवं वन सुरक्षा समिति देवरबेली वन सुरक्षा समिति नलेझरी के अध्यक्ष, समिति के सदस्यों व सुरक्षा श्रमिकों के सहयोग से टीम गठित कर सूचना कि निशान देही स्थल पर रवाना हुए और कछारगढ़ बीट के कक्ष क्रमांक 604 की सीमा से लगे सोन नदी में एक ट्रैक्टर ट्राली सहित जप्ती करने के पूर्व ट्रैक्टर ड्राइवर तथा हमाल गश्ती दल को देखकर मौका स्थल से फरार हो गए। उक्त वाहन को जप्त कर भारतीय वन अधिनियम 1927 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए वन अपराध का प्राथमिक सूचना प्रतिवेदन क्रमांक 15419/03 दिनांक 2 मार्च 2024 जारी कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया तथा ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित को मौका स्थल से लाकर वन परिक्षेत्र पूर्व लांजी सामान्य के प्रांगण में सुरक्षित रखा गया।




# डॉ ऐश्वरीलाल धुवारे पंचतत्व में विलीन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। किरनापुर क्षेत्र के ग्राम कोकना निवासी स्थाई पुलिस पटेल डॉ ऐश्वरीलाल शिवलाल धुवारे का लगभग 84 वर्ष की आयु में 3 मार्च की अलसुबह 3.30 बजे निधन हो गया। आप अपने पीछे चार पुत्र व एक पुत्री का भरा पूरा परिवार छोड़ इस दुनिया से विदा हो गए। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मोक्षधाम कोकना में 3 मार्च को दोपहर 2 बजे किया गया। अंतिम यात्रा में रिश्तेदारों, ग्राम के गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।? साथ ही परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है।



# मप्र के 20 जिलों में बारिश और ओले का अलर्ट, कई इलाकों में फसलों को किया तहस-नहस

भोपाल। अलग-अलग स्थानों पर बनी तीन मौसम प्रणालियों के प्रभाव से मध्य प्रदेश के विभिन्न शहरों में वर्षा होने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में पिछले 24 घंटे के दौरान रविवार को प्रदेश के 21 शहरों में वर्षा दर्ज की गई। नौगांव में सबसे ज्यादा 34 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई तो ग्वालियर में 24.4, दतिया में 17.2, टीकमगढ़ में 11, गुना में 8.4, उमरिया में 7.6, सीधी में 5.8, पचमढ़ी में 4.6, सतना में 3.8, नरसिंहपुर एवं सिवनी में तीन मिलीमीटर वर्षा हुई। 12 जिले छतरपुर, टीकमगढ़, अशोकनगर, गुना, शिवपुरी, मुरैना, दतिया, ग्वालियर, श्योपुरकलां, रायसेन, निवाड़ी एवं पन्ना में कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी हुई।

मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, वातावरण में नमी मौजूद रहने के कारण सोमवार को ग्वालियर व शहडोल संभाग के जिलों के अलावा आलीराजपुर, धार, मुरैना, श्योपुर कलां, रीवा, मैहर, डिंडौरी, कटनी, छिंदवाड़ा, सिवनी, दमोह, पांढुर्ना, मंडला, बालाघाट, पन्ना, छतरपुर एवं टीकमगढ़ जिले में वर्षा हो सकती है। हालांकि धीरे-धीरे मौसम साफ होने के भी आसार हैं, जिसके चलते रात के तापमान में कुछ कमी दर्ज होने लगेगी।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक, वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान के पास हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। इसके प्रभाव से पंजाब एवं उससे लगे पाकिस्तान पर बना प्रेरित चक्रवात अब कम दबाव के क्षेत्र में परिवर्तित हो गया है। इसके अतिरिक्त दक्षिण-पश्चिमी मध्य प्रदेश से लेकर कर्नाटक तक एक द्रोणिका बनी हुई है।



### कई जिलों में बारिश

मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि द्रोणिका की वजह से अरब सागर से लगातार नमी आने के कारण प्रदेश के उत्तरी क्षेत्र के जिलों में वर्षा हो रही है। कहीं-कहीं तेज रफ्तार से हवाएं चलने के साथ ओले भी गिर रहे हैं। इन मौसम प्रणालियों के सक्रिय बने रहने के कारण उत्तर प्रदेश से लगे मध्य प्रदेश के जिलों में कहीं-कहीं वर्षा हो रही है। हालांकि मौसम प्रणालियों के कमजोर पड़ने के बाद सोमवार से धीरे-धीरे मौसम साफ होने लगेगा, साथ ही हवाओं का रुख बदलने के कारण रात के तापमान में गिरावट होने की संभावना है।

# बर्बाद फसलों को लेकर सडक़ों पर बैठे किसान, किया चक्काजाम

## सिंधिया बोले, विपदा में मैं अपने परिवारजनों के साथ


गुना। अंचलभर में शनिवार शाम से लेकर रविवार रातभर रूक-रूक कर बारिश होती रही। इसके पूर्व शनिवार को जिले में तेजी हवा आंधी के साथ हुई बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को हुए भारी नुकसान हुआ है। पूरी तरह बर्बाद फसलों का सर्वे कराकर जल्द मुआवजे की मांग को लेकर रविवार को अशोकनगर रोड पर तीन जगह किसानों ने चक्काजाम लगा दिया। इस दौरान किसानों ने मावन, बेंहटाघाट, इमझरा में रोड पर आकर जाम लगा दिया। इस दौरान काफी देर तक यहां किसानों ने जिला प्रशासन और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान किसानों ने चेतावनी दी कि यदि बर्बाद फसलों का जल्द सर्वे कराकर मुआवजा नहीं दिया गया तो आगामी चुनावों में वह नेताओं को सबक सिखाएंगे। इधर गुना लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि मैं परिवारजनों के साथ खड़ा हूँ। उन्होंने किसानों को आश्वासन देते हुए लिखा कि गुना, अशोकनगर और शिवपुरी जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों मे ओलावृष्टि की सूचना मिली है। विपत्ति की घड़ी मे मेरे तीनों जिलों के परिवारजनों के साथ खड़ा हूँ। इस संबंध में मैने प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए हैं कि क्षतिग्रस्त फसलों का जल्द सर्वे कर प्रभावित किसानों को राहत प्रदान की जाये। उल्लेखनीय है कि अंचलभर में बारिश और ओलावृष्टि के बाद मुआवजा और कर्ज माफी की मांग उठने लगी है। रविवार को गुना-अशोकनगर रोड मावन पर क्षेत्र के कई गांवों के सैंकड़ों किसानों ने चक्काजाम कर दिया। करीबन आधे घंटे तक चले इस प्रदर्शन में किसानों ने ट्रेक्टरों एवं दो पहिया वाहनों से सडक़ पर चक्का जाम कर दिया। सूचना मिलते



ही मौके पर पहुंचे एडीएम, एसडीएम और तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह किसानों को समझाइश और आश्वासन देकर चक्काजाम को खुलवाया और यातायात को शुरू कराया गया। मावन,पगारा क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों में ओलावृष्टि से फसलें खराब हो गई हैं। आफत की बारिश के बाद अब किसानों ने मुआवजा और कर्ज माफी की मांग को तेज कर दिया है। फसलों का नुकसान देख शनिवार शाम को ही किसानों ने पगारा के पास चक्काजाम कर दिया था। वहीं रविवार सुबह से किसानों ने एक बार फिर मावन पर गुना-अशोकनगर रोड पर चक्काजाम किया। सैंकड़ों किसान सडक़ पर बैठे। मावन के अलावा इमझरा में भी किसानों द्वारा मुख्य मार्ग पर चक्काजाम किया गया। किसानों में इस बात को लेकर नाराजगी दिखी कि फसलों को हुए भारी नुकसान के बावजूद कोई भी अधिकारी या जनप्रतिनिधि किसानों और खराब फसलों की सुध लेने नहीं पहुंचा। शासन स्तर से भी सर्वे, मुआवजा संबंधी आदेश जारी नहीं हुए। किसानों की मांग है कि खराब फसलों का सर्वे कराकर मुआवजा दिया जाए एवं किसानों का कर्ज माफ हो। इस दौरान किसानों ने जमकर नारेबाजी की और चुनाव बहिष्कार करने की चेतावनी दी। चक्काजाम के दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। कई वाहन दूसरे मार्गो से निकाले गए। उल्लेखनीय है कि शनिवार शाम को जिले के अधिकांश क्षेत्रों में तेज हवा आंधी के साथ बारिश हुई। इस दौरान मावन, पगारा क्षेत्र के चौरोल, रिछैरा, गोरा, चक्का, बरखेड़ा, ढेकनी, इमझरा सहित कई गांवों में ओलावृष्टि होने से किसानों की फसलें पूरी तरह खराब हो गई। सबसे ज्यादा धनिया की फसल को नुकसान हुआ। वहीं कटाई के बाद खेतों में पड़ी फसल खराब हो गई। बेर के आकार के ओले गिरने से खेतों में खड़ी गेहूं सहित अन्य फसलों को भी नुकसान हुआ।

## लोकसभा टिकट को लेकर साध्वी प्रज्ञा की दो टूक, न मांगा था, न मांगूगी

भोपाल। सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने टिकट कटने पर अपनी प्रतिक्रया देते हुए कहा है कि मैंने न कभी टिकिट मांगा था, और न ही मांगूंगी। दरअसल भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। इसमें 195 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। इस लिस्ट में मध्यप्रदेश की 29 लोकसभा सीटों में से 24 पर प्रत्याशी घोषित किए हैं, जबकि 5 सीटों को अभी भी होल्ड पर रखा है। इस दौरान बीजेपी ने छह सीटों पर मौजूदा सांसदों के टिकट काटे हैं, जिसमें भोपाल से सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर का नाम भी शामिल है। इस पर अब उनकी प्रतिक्रिया सामने आई है। बीजेपी नेता और



भोपाल सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि 'मैनें साल 2019 के लोकसभा चुनाव में भी टिकट नहीं मांगा था। अब भी नहीं मांगूंगी, मुझे टिकट कटने का अफसोस नहीं है। मेरा लक्ष्य भारत को विश्वगुरू बनाना है।'

गौरतलब है कि इस बार बीजेपी ने साध्वी प्रज्ञा की जगह आलोक शर्मा को टिकिट दिया है। इस पर साध्वी प्रज्ञा ने कहा कि भोपाल में अब आलोक शर्मा का स्वागत है। उन्हें विजय का आशीर्वाद देती हूं। भोपाल में काम करने का बहुत स्कोप है। टिकिट का फैसला संगठन करता है, जो भी निर्णय है वह सर्वोपरि है। हम 29 सीटें जीतेंगे। प्रज्ञा ने कहा कि मैं जिन मुद्दों पर चुनाव लड़ी उन मुद्दों पर भोपाल ने पूरा समर्थन दिया। कांग्रेस की सरकार थी। विधर्मी (दिग्विजय सिंह) भगवा और हिन्दुत्व को आतंक कहने वाले व्यक्ति को मेरे द्वारा हराया गया। ये ईश्वर की इच्छा थी। यहां धर्म का ध्वज फहराया। मैं हिन्दुत्व के सम्मान के लिए हमेंशा लड़ती रहती हूं।

## हरदा फटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट का फरार आरोपी इंदौर में गिरफ्तार

इन्दौर। हरदा फटाका फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट के मामले में फरार आठवें आरोपी को पुलिस ने इन्दौर में गिरफ्तार कर लिया है । 6 फरवरी को हरदा के बैरागढ़ में फटाका फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट के मामले में फरार एक आरोपी इंदौर में होने की सूचना पर हरदा पुलिस का दल शनिवार को इन्दौर आया और प्रदीप पिता संतोष गोयल निवासी नर्मदा कॉलोनी को इंदौर से गिरफ्तार कर हरदा ले गया। जहां उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है । बता दें कि हरदा फटाखा फैक्ट्री में हुए इस ब्लास्ट के मामले में हरदा पुलिस राजू अग्रवाल उसके भाई सोमेश अग्रवाल पार्टनर अभिषेक आयुष मैनेजर रफीक खान सुपरवाइजर अमन और आशीष को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है ।

## सहायक ग्रेड .2 बाबू सहित दो बेटे और साले को भेजा जेल शासन की करोड़ों रुपए की राशि अपनों के खाते में कि थी ट्रांसफर

खरगोन। कसरावद ब्लॉक के विकासखंड कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड- 2 बाबू सहित चार सहयोगियों को शासकीय राशि की बंदरबांट करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में जिला कोषालय अधिकारी ने शिकायत की थी, जिसकी लंबी जांच के बाद पुलिस ने गिरफ्तारी की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 19जुलाई 2023 कोवरिष्ट जिला कोषालय अधिकारी आनंद पटले ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें राजेश कुमार गुप्ता सहायक ग्रेड- 2 विकासखण्ड कार्यालय कसरावद द्वारा गलत तरीके से शासन की राशि 1,38,51,352 रुपये अपने स्वयं के व अपने लडके तथा साले के खातों में ट्रांसफर करने की शिकायत दर्ज कराई थी। यह फर्जीवाडा सन् 2018.19 से 2023 तक के कार्यकाल के दौरान किया गया था। विभागीय जांच करने पर उक्त गडबडी सामने आने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। विवेचना के दौरान आरोपी राजेश कुमार पिता रामचंद्र गुप्ता , लेखा शाखा प्रभारी कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कसरावद निवासी शाहपुरा गोगावां को गिरफ्तार कर न्यायालय कसरावद में पेश किया जहां से आरोपी उपजेल कसरावद में भेजा गया है। उक्त मामले में आरोपी राजेश के बेटे चेतन, हिमांशु व उसके साले पंकज गुप्ता पिता पंढरीनाथ गुप्ता निवासी झिरनिया को भी आरोपी बनाया गया है। इन्हें भी न्यायालय ने जेल भेज दिया है।

## 4 घंटे बर्फ की सिल्ली पर लिटाया, मुंह में पेशाब किया, फिर छोड़ा

शिवपुरी। शिवपुरी के करेरा में एक युवक को बर्फ की सिल्ली में 4 घंटे तक लिटा कर रखा गया। उसके बाद उसके मुंह पर पेशाब किया। बाद में कार में बिठाकर उसे सूने रास्ते पर छोड़ कर आरोपी भाग गए थे। इस मामले का जब वीडियो वायरल हुआ, तब प्रताड़ित युवक पुलिस में रिपोर्ट कराने पहुंचा।

दिनारा निवासी किसान सागर पुत्र कालीचरन उम्र 28 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। 29 जनवरी को करेरा के मुंगावली तिराहे पर वह खड़ा हुआ था। तभी कार में धर्मेंद्र यादव आकाश यादव सौरभ यादव और विजेंद्र यादव आए। उन्होंने जबरन मुझे कर में बैठाया। कार में बिठाकर वह करोठा में आकाश यादव की बर्फ फैक्ट्री पर लेकर गए। जहां 4 घंटे तक मुझे बर्फ की सिल्ली में लिटाकर रखा। मेरे मुंह में पेशाब किया। उसका वीडियो भी बनाया। रात 2 बजे मुंगावली तिराहे पर फेंक कर चले गए थे। शिवपुरी के पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदोरिया ने थाना प्रभारी को निर्देशित किया है, युवक के बयान लेकर दोषियों के ऊपर कार्रवाई करें। इस घटना का जब वीडियो वायरल हुआ उसके बाद हड़कंप मचा। आरोपियों का आतंक होने से कोई उनके खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज नहीं कराता है। यदि वीडियो वायरल नहीं हुआ होता, तो यह मामला भी दब जाता।

## जंगल के धार्मिक स्थलों पर पूजापाठ कर सकेंगे आदिवासी

भोपाल। राज भवन के जनजाति प्रकोष्ठ ने वन विभाग को निर्देश जारी किए हैं। निर्देश के अनुसार जंगलों में स्थित धार्मिक स्थलों पर वनवासी और आदिवासियों को पूजा करने से नहीं रोका जाएगा। जंगल के अंदर जो हाट बाजार, अंत्येष्टि स्थल या धार्मिक स्थल हैं। उन में आदिवासी बिना किसी रोक-टोक के जा सकेंगे।

वन विभाग द्वारा टाइगर रिजर्व के धार्मिक स्थलों का सर्वे कर चिन्हित कर रखा है। वन विभाग द्वारा आदिवासियों के जाने पर रोक लगाई जाती थी। हाल ही में नोरादेही अभ्यारण के अंदर से कावड़ यात्रा निकालने की अनुमति वन विभाग ने नहीं दी थी। जिसके कारण यह मामला राज भवन तक पहुंचा था।

पिछले दिनों राज भवन में हुई बैठक में मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने आदिवासी हितों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। उसमें एक निर्णय यह भी था।

## भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जीने की राह सीखें - मुख्यमंत्री

भोपाल। भगवान कृष्ण के जीवन से हम सभी को जीवन जीने की राह सीखनी चाहिए। जन्म के पूर्व माता-पिता का जेल में होना, भाई-बहनों की हत्या होना, जन्म के बाद ही उफनती जमुना नदी पार करना, माँ के आंचल से दूर हो जाना जैसी विषम परिस्थितियों में भी भगवान श्री कृष्ण ने विश्व के सामने पूरे सम्मान और गरिमा के साथ जीवन जीने का उदाहरण रखा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लखनऊ के गुदौरा मैदान में यादव महाकुंभ को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति में भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण ने मर्यादा के अंदर जीवन जीना सिखाया है। हम सभी को उनके द्वारा स्थापित उच्च आदर्शों का अपने जीवन में पालन करना चाहिए।

भगवान श्रीकृष्ण ने अपने जीवन में आई हर मुसीबत और परीक्षा का निडर होकर सामना किया और सफल हुए। भगवान ने अपने जीवन काल में लगातार संघर्ष करते हुए समाज को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। भगवान श्री कृष्ण ने श्रीमद् भागवत गीता के माध्यम से पूरे विश्व में धर्म के मार्ग पर



चलने का संदेश दिया है। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने यादव समाज के सभी बंधुओ और उत्तर प्रदेश के आमजनों को मध्यप्रदेश आने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्थित भगवान श्री राम और भगवान श्री कृष्ण से संबंधित सभी स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा। भगवान श्री कृष्ण की शिक्षा स्थली उज्जैन, रुक्मिणी हरण स्थल अमझेरा, भगवान श्रीकृष्ण की रजोभूमि बदनावर और भगवान श्रीकृष्ण एवं सुदामा का मैत्री स्थल स्वर्णगिरी पर्वत के साथ भगवान श्रीराम की पवित्र नगरी चित्रकूट को तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने शाल और श्रीकृष्ण जी की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया। यादव समाज की ओर से प्रतिनिधियों ने बड़ी पुष्प माला पहनाकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यादव महाकुंभ में देश और प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए सामाजिक बंधुओ का हृदय से आभार व्यक्त किया।

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, राजेश्वरानंद जी महाराज, यादव महासभा के उपाध्यक्ष और प्रदेश के समाज के अध्यक्ष जगदीश यादव, महेंद्र सिंह यादव, कृष्ण जन्मभूमि के मुख्य पक्षकार प्रशांत राव और मनीष यादव सहित बड़ी संख्या में यादव समाज के प्रतिनिधि, सदस्य और आमजन उपस्थित रहे।)

## न्याय यात्रा लेकर आएंगे राहुल गांधी

गुना। कांग्रेस नेता और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मध्यप्रदेश में प्रवेश कर चुकी है। 4 मार्च की सुबह राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा बदरवास, याना होते हुए गुना जिले में प्रवेश करेगी। गुना और अशोकनगर जिले के कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा याना में राहुल गांधी का स्वागत किया जाएगा। याना के बाद यात्रा गुना पहुंचेगी, जहां बमोरी विधायक ऋषि अग्रवाल के एबी रोड स्थित निवास से राहुल गांधी का शहर में रोड शो शुरू होगा। विधायक के निवास से रेलवे ओवरब्रिज तक राहुल गांधी का रोड शो होगा। इसके बाद यात्रा आगे बढ़ते हुए राघौगढ़ पहुंचेगी। स्थानीय कांग्रेस नेताओं द्वारा राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर बीते कई दिनों से तैयारियां की जा रही हैं।

## मध्यप्रदेश के पूर्व वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुखराज सिंह भाजपा में शामिल

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं न्यू जॉइनिंग टोली के संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा के समक्ष प्रदेश कार्यालय में रविवार को पूर्व वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी, राज्य सूचना आयुक्त एवं विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित सुखराज सिंह ने भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यो से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष ने अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी परिवार लगातार





बढ़ रहा है। जिसके अंतर्गत आज मध्यप्रदेश के पूर्व वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी, राज्य सूचना आयुक्त एवं विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित सुखराज सिंह ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। सिंह की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मैं भाजपा परिवार में उनका स्वागत करता हूं। सुखराज सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकासोन्मुखी नीतियों से प्रभावित होकर समाज की सेवा के लिए मैंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। पार्टी मुझे जो भी दायित्व देगी मैं पूरी निष्ठा के साथ उसका निर्वहन करूंगा। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल एवं एस.एस. उप्पल उपस्थित रहे।

## याचिकाकर्ताओं को सहायक प्राध्यापक चयन परीक्षा में शामिल करें

### हाई कोर्ट ने निर्देश के साथ किया याचिका का निराकरण

जबलपुर। हाई कोर्ट ने एक याचिका का इस निर्देश के साथ निराकरण कर दिया कि यदि मप्र लोकसेवा आयोग सहायक प्राध्यापक चयन परीक्षा आयोजित करता है तो याचिकाकर्ताओं सहित अन्य समान प्रकृति के अभ्यर्थियों को शामिल करे। न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान याचिकाकर्ता बुरहानपुर निवासी पिनु चौहान, सुनील चौहान और खंडवा निवासी मुकेश गौर व नरेंद्र नीलकंठ की ओर से अधिवक्ता अर्पण जे पवार ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ताओं ने 18 जनवरी, 2024 को नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। लिहाजा, जिस तरह राज्य स्तरीय परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों के लिए



जिस तरह चयन परीक्षा की तिथि बढ़ाई गई थी और पोर्टल खोला गया था, उसी तरह मप्र लोक सेवा आयोग भी पोर्टल खोलकर पांच वर्ष के अंतराल से हो रही सहायक प्राध्यापक परीक्षा में बैठने का अवसर दे। बहस के दौरान हाई कोर्ट को अवगत कराया गया कि सहायक प्राध्यापक के चयन के लिए परीक्षा तिथि पूर्व में तीन बार बढ़ाई गई थी। नवंबर, 2023 में तिथि इसलिए बढ़ाई गई ताकि राज्य स्तरीय परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी भी चयन परीक्षा में शामिल हो सके। सहायक प्राध्यापक चयन परीक्षा की तिथि तीन मार्च, 2024 निर्धारित की गई थी लेकिन विगत सप्ताह इसे फिर से अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया गया। इस स्थिति के मद्देनजर हाई कोर्ट ने सुनवाई के बाद आदेश दिया कि यदि मप्र लोकसेवा आयोग 31 मार्च, 2024 के उपरांत सहायक प्राध्यापक की चयन परीक्षा आयोजित करता है तो याचिकाकर्ताओं सहित समान प्रकृति के अन्य अभ्यर्थियों को शामिल करे।

## फीस नियामक आयोग ने तय की, हॉस्टल फीस

भोपाल। मध्य प्रदेश एडमीशन एंड फीस रेगुलेटरी कमेटी ने वर्ष 2024- 25 के लिए हॉस्टल फीस तय की है। अधिकतम फीस 7500 प्रति सेमेस्टर प्रति छात्र तय की गई है। कोई भी कॉलेज इससे ज्यादा हॉस्टल फीस नहीं ले पाएगा। रेगुलेटरी कमिटी द्वारा ट्रांसपोर्टेशन की फीस भी तय की है। ?6000 प्रति सेमेस्टर वाहन फीस तय की गई है।

यह फीस सभी इंजीनियरिंग कॉलेज, डिप्लोमा कालेज, एमबीए कॉलेज, एमसीए कॉलेज एवं अन्य पाठ्यक्रमों के लिए निर्धारित की गई है ।फीस कमेटी ने स्पष्ट किया है, लेट फीस के रूप में ?25 प्रतिदिन अधिकतम ?500 प्रतिमाह से ज्यादा कॉलेज फीस नहीं वसूल कर सकेंगे। इसी तरह छात्र यदि तीन माह तक फीस नहीं चुका पाता है। ऐसी स्थिति में ?2000 अधिकतम लेट फीस ली जा सकती है। यह सीमा 6 माह से अधिक नहीं होगी। फीस नियामक आयोग द्वारा जो फीस तय की गई है ।उससे ज्यादा फीस नहीं ली जा सकती है। सभी कॉलेजों को इसका पालन करना अनिवार्य है।

## 10 साल बाद नये सिरे से विभागीय जांच के आदेश अवैधानिक

जबलपुर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने कहा कि पहली जांच रिपोर्ट गुम होने पर 10 साल बाद नए सिरे से जांच के आदेश देना अवैधानिक है। इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती। इस मत के साथ जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने कलेक्टर छिंदवाड़ा द्वारा दी गई विभागीय जांच के आदेश को निरस्त कर दिया। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता को सभी सेवानिवृत्ति लाभ दिए जाएं। यह भी कहा कि विभाग चाहे तो पुरानी विभागीय जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई के लिए स्वतंत्र है।

छिंदवाड़ा निवासी अजय कुमार दुबे की ओर से अधिवक्ता मोहनलाल शर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने बतायाकि याचिकाकर्ता असिस्टेंट रजिस्ट्रार कार्यालय में सब ऑडिटर के पद पर पदस्थ थे। याचिकाकर्ता के खिलाफ शिकायत पर वर्ष 2008 में विभागीय जांच शुरू की गई। वर्ष 2016 में जांच रिपोर्ट गुम हो गई। बाद में छिंदवाड़ा कलेक्टर ने वर्ष 2018 में पुन- जांच के आदेश दे दिए। दलील दी गईकि याचिकाकर्ता सेवानिवृत्त हो चुका है। ऐसे में वर्ष 2008 में लगे आरोपों पर 10 साल बाद नए सिरे से जांच के आदेश नहीं दिए जा सकते।

## केन्ट प्रशासन को अतिरिक्त जवाब पेश करने निर्देश

जबलपुर। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रवि मलिमठ व जस्टिस विशाल मिश्रा की खंडपीठ ने सदर में कटंगा रोड पर अवैध रूप से गुमटी निर्माण और आवंटन में अनियमितता से जुड़े मामले में पूर्व आदेश के पालन में प्रस्तुत स्टेटस रिपोर्ट पर असंतोष जताया। कोर्ट ने कहा कि रिपोर्ट से ऐसा प्रतीत होता हैकि कैंट प्रशासन ने आदेश का पूरा पालन नहींकिया है, कुछ मुद्दों पर याचिकाकर्ता ने विरोध जताया है। चीफ जस्टिस की युगल पीठ ने कैंट प्रशासन को अतिरिक्त जवाब पेश करने के निर्देश दिए। मामले पर अगली सुनवाई 4 सप्ताह बाद होगी।

कटंगा निवासी नरेश भाटिया की ओर से अधिवक्ता कृतिका इंदुरख्या व मौसम पासी ने पक्ष रखते हुये दलील दी कि उक्त मामले में हाईकोर्ट ने 5 सितंबर 2019 को विस्तृत आदेश पारित किया था, जिसका पालन नहीं हुआ। वर्ष 2018 में भाटिया ने जनहित याचिका दायर कर आरोप लगाया थाकि सर्वे क्रमांक 444 में कटंगा रोड स्थित क्लास-बी की जमीन पर अवैध रूप से 45 गुमटियां बनाई गई थीं। कैंट बोर्ड के अधिकारियों व पार्षदों पर व्यापक अनियमितताएं करने और पैसे का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया था। हाईकोर्ट ने इस मामले में दोषी अधिकारियों व पार्षदों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे। चार साल बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने पर अवमानना याचिका दायर की गई। पूर्व में इस मामले में बार-बार केवल स्टेटस पेश करने और पालन प्रतिवेदन के लिए अतिरिक्त मोहलत मांगने पर कोर्ट ने कैंट सीईओ अभिमन्यु सिंह समेत 4 अफसरों पर 10-10 हजार रुपए की कॉस्ट लगाई थी।

# ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड को हराया

## ग्रीन ने लगाया शतक, लियोन ने लिए दस विकेट

वैलिंगटन। स्पिनर नाथन लियोन की धातक गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में मेजबान टीम न्यूजीलैंड को 172 रनों से हरा दिया। इस मैच में न्यूजीलैंड टीम को जीत के लिए 369 रनों का लक्ष्य मिला था जिसका पीछा करते हुए पूरी मेजबान टीम चौथे ही दिन अपनी दूसरी पारी में 196 रनों पर ही आउट हो गयी। लियोन ने इस मैच में कुल 10 विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस जीत के साथ ही दो मैचों की इस सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम 1-0 से आगे हो गयी है। इस मैच की पहली पारी में 383 रन बनाने के बाद कंगारू टीम दूसरी पारी में 164 रन ही बना पाई थी। वहीं न्यूजीलैंड को पहली पारी में 179 रन पर आउट हो गयी थी इस प्रकार कंगारुओं को 204 रनों की बढ़त मिल गयी थी। इस कारण उसकी बढ़त बढ़कर 268 हो गयी और मेजबान टीम को 369 रनों का लक्ष्य मिला। इसके बाद मेजबान टीम दूसरी पारी में 196 रनों पर आउट हो गयी।

इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की जीत की कैमरून ग्रीन की भी काफी भूमिका रही। ग्रीन ने नाबाद 174 रन की पारी खेलकर अपनी टीम को बढ़त दिलायी। इसी कारण टीम पहली पारी में 383 रन ही बना पायी। वही लियोन ने 4 विकेट लेकर कीवी बल्लेबाजी को ध्वस्त कर दिया। मेजबान टीम की ओर से केवल ग्लेन फिलिप्स ही 71 रन बना पायी। इस प्रकार पूरी टीम 179 रनों पर ही आउट हो गयी। पहली पारी में 204 रन की बड़ी बढ़त की से कीवी टीम पहले ही दबाव में आ गयी।




इस मैच में मेजबान टीम की ओर से फिलिप ने बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी में भी बेहतरीन खेल दिखाते हुए 5 विकेट लेकर अपनी टीम को वापसी कराने का प्रयास किया। फिलिप ने दूसरी पार में मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया को 164 रन पर ही आउट कर दिया। वहीं पहली पारी में असफल होने के बाद मेजबान टीम के बल्लेबाज दूसरी पारी में भी रन नहीं बना पाये। केवल रचिन रवींद्र ही 59 रन तक पहुंच पाये। वहीं ऑस्ट्रेलिया के लिए लियोन ने पहली पारी में 43 रन देकर 4 जबकि दूसरी पारी में 65 रन देकर 6 विकेट लिए थे।

## गांगुली बोले, पांच मार्च तक वापसी करेंगे ऋषभ

नई दिल्ली । आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स के सलाहकार सौरव गांगुली ने कहा है कि आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 5 मार्च तक मैदान पर वापसी करेंगे। इससे ऋषभ के प्रशंसकों में खुशी की लहर है। इस क्रिकेटर ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अभ्यास की अपनी तस्वीरें भी साझा की थीं। इस वह अच्छे शॉट लगाने के साथ विकेटकीपिंग भी करते दिखे। गांगुली ने कहा, इस युवा ने वह सब कुछ किया है जिससे वह फिट हो सकें। यही कारण है कि एनसीए से वह अब वापस आ जाएंगे। साथ ही कहा कि ऋषभ की आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स टीम की कप्तानी पर भी बात होगी। हम चाहेंगे कि उन्हें किसी भी तरह की मुश्किल न हो। उनका करियर अभी काफी लंबा चलने वाला है। इसलिए उनपर किसी भी प्रकार का दबाव नहीं डाला जाएगा।



वहीं कुछ दिन पहले ही दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिंकी पोंटिंग ने कहा था कि ऋषभ को पूरा भरोसा है कि वह खेलने के लिए फिट होंगे हालांकि हम अभी तक उन्हें लेकर निश्चित नहीं हैं। आपने सोशल-मीडिया पर कई ऐसी वीडियो और तस्वीरें देखी होंगी जिसमें वह अच्छी तरह से चलते दिखाई दे रहे हैं पर पहले मैच में अभी केवल छह सप्ताह का समय है। इसलिए, हमें भरोसा नहीं है कि इस साल वे विकेटकीपिंग कर पाएंगे या नहीं। दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाजी लाइनअप उसकी ताकत रही है।

## ईशान ने इंग्लैंड सीरीज के लिए अपने को उपलब्ध नहीं बताया था

मुम्बई । घरेलू क्रिकेट की उपेक्षा करने के कारण बीसीसीआई केन्द्रीय अनुबंध से बाहर किये गये ईशान किशन को लेकर आजकल सबसे ज्यादा चर्चाएं हो रही हैं। इस मामले में कुछ पूर्व क्रिकेटरों ने उनका समर्थन किया है जबकि कुछ बीसीसीआई के कदम को सही मानते हैं।

वहीं अब एक रिपोर्ट के अनुसार इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज के दौरान भारतीय क्रिकेट टीम प्रबंधन ने ईशान से संपर्क किया था। माना गया कि ईशान ने इस दौरान कहा था कि वह थकान के कारण अभी खेल नहीं सकते हैं। इसी कारण बीसीसीआई को ध्रुव जुरेल को बुलाना पड़ा। ध्रुव ने अवसर का लाभ उठाते हुए अच्छा प्रदर्शन कर टीम में जगह बना ली।

## टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक को अपने करियर का सबसे यादगार क्षण मानते हैं मनप्रीत

नई दिल्ली । भारतीय हॉकी टीम के मिडफील्डर मनप्रीत सिंह ने कहा कि वर्ष 2020 में टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतना उनके लिए किसी सपने के सच होने के समान था। मनप्रीत के अनुसार करियर में अब तक का सबसे सुखद और यादगार क्षण 41 साल बाद ओलंपिक पदक हासिल करना था। मनप्रीत के अनुसार उन्होंने कभी सोचा नहीं था कि वह भारतीय हॉकी टीम तक पहुंच पायेंगे। मनप्रीत ने 10 फरवरी को भुवनेश्वर के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में अपना 350 मैच खेला था। मनप्रीत ने अपने करियर के 5 सबसे यादगार क्षणों को याद करते हुए कहा कि टोक्यो में 2020 ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीतना उनके लिए सबसे बड़ी बात रही। इस मैच में भारतीय टीम ने जर्मनी को 5-4 से हराया था।

उन्होंने कहा कि ओलंपिक में कांस्य पदक जीतना एक अविश्वसनीय एहसास था। जब



से मैंने राष्ट्रीय टीम के लिए खेलना शुरू किया तब से यही मेरा सपना रहा है। जब हमने आखिरकार 41 वर्षों के बाद हॉकी में ओलंपिक पदक जीता तो मुझे बहुत गर्व महसूस हुआ। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और यह हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगी। मनप्रीत का दूसरा सबसे यादगार पल 2014 में कोरिया में आयोजित 17वें एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना था। भारत ने शूटआउट में पाकिस्तान को 4-2 से हराकर जीत हासिल की, निर्धारित समय समाप्त होने तक दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर थीं। उनका तीसरा सबसे यादगार क्षण ग्लासगो, स्कॉटलैंड में आयोजित राष्ट्रमंडल खेल 2014 में रजत पदक जीतना था। फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से 0-4 से हार के कारण भारत स्वर्ण पदक नहीं जीत पाया था।

मनप्रीत ने अपने करियर में अब तक 44 गोल किए हैं, लेकिन वह एशियन गेम्स हांगझू 2022 के फाइनल में जापान के खिलाफ अपने गोल को सबसे बेहतर मानते हैं।

# दूसरे सेमीफाइनल में छत्तीसगढ़ वॉरियर्स को हराया

नई दिल्ली। सुरेश रैना और पवन नेगी की शानदार साझेदारी से वीवीआईपी उत्तर प्रदेश टीम इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग (आईवीपीएल) के फाइनल में पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश की टीम ने दूसरे सेमीफाइनल में छत्तीसगढ़ वॉरियर्स को 19 रनों से हराया। इस मैच में पवन नेगी और सुरेश रैना के बीच 142 रनों की साझेदारी हुई। अब आईवीपीएल फाइनल में उत्तर प्रदेश का मुकाबला मुंबई चैंपियंस से होगा। इससे पहले एक अन्य सेमीफाइनल में मुंबई ने रेड कार्पेट दिल्ली को हराकर फाइनल में प्रवेश किया

दूसरे सेमीफाइनल में वीवीआईपी उत्तर प्रदेश ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 203 रन बनाये।पवन ने 50 गेंद पर 94 रन बनाये। वहीं कप्तान रैना ने 33 गेंदों पर 58 रनों की पारी खेली। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए छत्तीसगढ़ वॉरियर्स की टीम ने शुरुआत अच्छी की पर मध्यक्रम में पारी लड़खड़ाने के कारण टीम 2 विकेट पर केवल 184 रन ही बना सकी। पहले खेलने उतरी उत्तर प्रदेश की शुरुआत भी खराब रही। पहले ओवर में ही टीम ने अपने दो विकेट गंवा दिए। इसके बाद कप्तान सुरेश रैना और पवन नेगी ने पारी संभाली। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 142 रन बनाये। रैना और नेगी के बाद अंत के ओवरों में परविंदर सिंह ने 16 गेंद पर 33 रन बनाए और उत्तर प्रदेश का स्कोर 200 पार पहुंचाया। इसके बाद जीत के लिए मिले 203 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ वॉरियर्स को नमन ओझा और जतिन सक्सेना ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 96 रन बनाये। इसके आउट होने के बाद विकेट तो कोई नहीं गिरा पर बल्लेबाज तेजी से रन नहीं बना पाये जिससे छत्तीसगढ़ को हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में आईवीपीएल के पहले सीजन में अब खिताबी मुकाबला वीवीआईपी उत्तर प्रदेश और मुंबई चैंपियंस के बीच खेला जाएगा।




## हमारा लक्ष्य विश्व की सर्वश्रेष्ठ हॉकी टीम बनना - हार्दिक

नई दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा है कि उनकी टीम अभी आगामी पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में लगी है। इसके लिए, उनकी टीम का लक्ष्य विश्व की सर्वश्रेष्ठ टीम बनना है। हार्दिक के अनुसार पिछले साल एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी खिताब जीतने से उनकी टीम को बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा मिली थी। अब हमारा लक्ष्य इस बार भी अपने इस खिताब को बनाये रखना रहेगा।




भारतीय टीम को एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी और एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने के कारण पहले ही पेरिस ओलंपिक के लिये टिकट मिल गया था। टीम ने इसके अलावा एफआईएच प्रो हॉकी लीग में भी बेहतर प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया था। एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी का अगला सत्र चीन में आठ से 17 सितंबर तक होगा।

हार्दिक ने कहा, 'मुझे लगता है कि भविष्य में बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के लिये टीम ने उस टूर्नामेंट को मंच की तरह लिया है। हम इस बार भी खिताब बरकरार रखने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा, 'हमें विश्व की सर्वश्रेष्ठ टीम बनना है और इसके लिए लगातार जीत हासिल करना जरूरी है। हार्दिक ने कहा, 'चेन्नई में एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी शानदार टूर्नामेंट में हमारा अनुभवी काफी अच्छा रहा था। तब हम नए मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन की शैली के अनुरूप ढल रहे थे और स्वर्ण पदक जीतकर टीम ने साबित भी किया था कि हम सही दिशा की ओर हैं।

## ऑस्ट्रेलिया में शेफील्ड शील्ड मैच में बल्लेबाज को सिर पर लगी गेंद

होबार्ट। ऑस्ट्रेलिया में जारी शेफील्ड शील्ड टूर्नामेंट में बल्लेबाज विल पुकोवस्की को सिर में गंभीर चोट लगने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया में आया है। पुकोवस्की को ये चोट तस्मानिया के खिलाफ शेफील्ड शील्ड मैच में विक्टोरिया की ओर से खेलने के दौरान लगी। तब तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे पुकोवस्की ने एक भी रन नहीं बनाया था। रिले मेरेडिथ की एक बाउंसर उनके हेलमेट पर लगी। यह दूसरी ही गेंद थी। वह इससे पहले भी कई बार सिर में चोट लगने का शिकार हुए हैं। मेरेडिथ की उठती हुई गेंद उनके हेलमेट के बाएं हिस्से में लगी।

पुकोवस्की चोट लगने के बाद घुटनों के बल बैठ गए। उन्हें तत्काल ही चिकित्सा मदद मुहैया कराई गई। इसके बाद उन्होंने मैदान छोड़ दिया। उनकी जगह टीम में कैंपबेल कलावे को स्थानापन खिलाड़ी के रूप में शामिल किया गया।

## मिडफील्डर पॉल पोग्बा का करियर खतरे में पड़ा

पेरिस। यूवेंट्स के स्टार फुटबॉलर ड्रुइडपॉल पोग्बा का करियर खतरे में पड़ता नजर आ रहा है। इसका कारण है कि मिडफील्डर पोग्बा पर हाल में टेस्टोस्टेरॉन के लिए पॉजिटिव पाये जाने के बाद चार साल का प्रतिबंध लगा दिया गया है। पोग्बा ने इस मामले में इटली की डोपिंग रोधी एजेंसी के साथ समझौते से इनकार कर दिया। जिसके बाद यह मामला देश की डोपिंग रोधी अदालत के सामने उठा। वहीं इस मामले में डोपिंग रोधी अदालत ने इस स्टार फुटबॉलर पर अधिकतम प्रतिबंध लगाया है। पोग्बा हालांकि इस फैसले के खिलाफ स्विट्जरलैंड स्थिति खेल पंचाट में अपीलकर सकते हैं। इस सजा से पोग्बा का करियर खत्म हो सकता है क्योंकि वह अगले महीने 31 साल के हो जाएंगे। विश्व डोपिंग रोधी संहिता के अंतर्गत अगर कोई खिलाड़ी साबित कर देता है कि उसने जानबूझकर डोपिंग नहीं की, या फिर किसी तरह की मिलावट के कारण ऐसा हुआ तो ऐसे मामलों में डोपिंग की सजा कम की जा सकती है। पोग्बा पर टेस्टोस्टेरॉन का पॉजिटिव पाये जाने के बाद ये प्रतिबंध लगाया गया।

## रजत को धर्मशाला टेस्ट में मिलेगा एक और अवसर

मुम्बई । बल्लेबाज रजत पाटीदार इस सीरीज में अबतक खेले गये तीन मुकाबलों में रन नहीं बना पाये हैं। इसके बाद भी उनको इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में होने वाले पांचवे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट में टीम में जगह मिलना तय है। इसका कारण ये है कि अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली पांचवे टेस्ट से भी बाहर हैं। भारतीय क्रिकेट टीम को पहले ही सीरीज में 3-1 की अपराजेय बढ़त मिल गयी है। ऐसे में इस मैच के परिणाम से कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसी कारण टीम जीत एक बार फिर इस बल्लेबाज को अवसर देना चाहती है।




एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज को जीत चुकी है। धर्मशाला में मैच के परिणाम का प्रभाव नहीं पड़ेगा। कोहली ने निजी कारणों की वजह से सीरीज से नाम वापस लिया था। इसी कारण उनकी जगह पर रजत को अवसर मिला था।

विशाखापत्तनम में उनको टेस्ट डेब्यू करने का मौका मिला और अब तक तीनों ही मुकाबले में वह अंतिम ग्यारह में शामिल रहे पर रन नहीं बना पाये। ऐसे में माना जा रहा था कि रजत की जगह पर घरेलू क्रिकेट में रन बनाने वाले देवदत्त पडिक्कल को उतारा जा सकता है।

वहीं प्रबंधन रजत को एक और मौका देने के पक्ष में है क्योंकि उनको इस खिलाड़ी की प्रतिभा पर काफी भरोसा है। प्रबंधन का मानना है कि एक बार उनके बल्ले से रन आ गए तो वह अपने असली रंग में नजर आएंगे।

## रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में मुम्बई के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पायी तमिलनाडु टीम

नई दिल्ली । रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में मुम्बई के खिलाफ खेलते हुए तमिलनाडु की टीम अपनी पहली पारी में असफल रही और 146 रनों पर ही आउट हो गयी। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए तमिलनाडु की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने 17 रन पर ही अपने चार विकेट खो दिये। इसके बाद मध्यक्रम में विजय शंकर, वाशिंगटन सुंदर ने पारी को संभाला और उसे 146 तक पहुंचाया। तमिलनाडु की ओर से सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन अपना खाता भी नहीं खोल पाये। वहीं एन जगदीशन 4, प्रदोष पॉल 8, कप्तान साई किशोर 1 तो बाबा इंदरजीत 11 ही रन बना पाए पर विजय शंकर ने 109 गेंदों पर 44 और सुंदर ने 138 गेंदों पर 43 रन बनाकर टीम को संभाला।

वहीं मुंबई की ओर से शार्दुल ठाकुर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 48 रन देकर 2 विकेट लिए। इसी प्रकार मोहित अवस्थी ने 23 रन देकर एक विकेट लिया। वहीं तुषार देशपांडे ने 24 रन देकर तीन विकेट लिए। मुशीर खान ने 2 जबकि तनुष कोटिया ने 2 विकेट लिए।

## आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स की उपकप्तानी करेंगे पूरन

मुम्बई। 22 मार्च से शुरु हो रहे आईपीएल के 17 वें सत्र के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स ने वेस्टइंडीज के क्रिकेटर निकोलस पूरन को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए उपकप्तान बनाया है। पूरन काफी अच्छे बल्लेबाज हैं और उन्होंने कैरेबियाई टीम की ओर से कई मैच विजेता पारियां खेली हैं। टीम ने पूरन को उपकप्तान बनाये जाने की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए दी है। टीम ने एक तस्वीर भी जारी की है जिसमें कप्तान केएल राहुल के साथ पूरन नजर आ रहे हैं। साथ ही लिखा है कि, पूरन को उपकप्तान बनाया गया है। पूरन लखनऊ के साथ साल 2023 से ही बने हुए हैं। इससे पहले वह पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस की टीम में रहे थे। लखनऊ ने नीलामी में पूरन को 16 करोड़ रुपए में खरीदा था। इसके बाद उन्हें 2024 में भी बनाये रखा जाएगा। पूरन इससे पहले 2022 में सनराइजर्स हैदराबाद के साथ थे। सनराइजर्स ने उन्हें 10.75 करोड़ रुपये में खरीदा था। पूरन एक अनुभवी खिलाड़ी हैं। उन्होंने आईपीएल में अभी तक 62 मैच खेलते हुए 1270 रन बनाए हैं। पूरन ने टूर्नामेंट में 6 अर्धशतक भी लगाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 77 रन रहा है। उन्होंने गेंदबाजी में भी 6 विकेट भी लिए हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय करियर की बात करें तो पूरन ने 80 टी20 मैचों में 1848 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 11 अर्धशतक भी लगाए हैं। आईपीएल का पहला मैच चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला जाएगा।



## गावस्कर ने पहले वाले बयान को लेकर सफाई दी, कोई भी धोनी नहीं बन सकता

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने हाल ही में युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल की तारीफ करते हुए उसे अगला महेन्द्र सिंह धोनी बताया था। वहीं अब उन्होंने इसी मामले में सफाई दी है। गावस्कर ने कहा कि कोई भी धोनी की तरह नहीं बन सकता। गावस्कर ने जुरेल की तुलना धोनी से रांची टेस्ट के बाद की जब इस युवा खिलाड़ी ने भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। जुरेल ने पहली पारी में 90 रनों की शानदार पारी खेली, वहीं दूसरी पारी में दबाव में आकर भारत को जीत दिलाई।




जुरेल भी गावस्कर की प्रशंसा से उत्साहत हुए थे। उन्होंने मैच के बाद कहा था, गावस्कर जैसे दिग्गज को मेरे बारे में बात करते हुए सुनना एक अच्छा एहसास है।

हालांकि पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने गावस्कर के बयान को गलत बताते हुए कहा था कि कोई दूसरा धोनी नहीं बन सकता। उनका कहना था कि जुरेल अभी युवा हैं। इसलिए उनकी तुलना धोनी से नहीं करें।

इसी के बाद गावस्कर ने कहा, जिस तरह से वह खेल के बारे में सोचता है, जिस तरह से वह स्थिति का आकलन करता है और उसके अनुसार बल्लेबाजी करता है, वह मुझे एमएस धोनी जैसा महसूस कराता है। वह बीच-बीच में छक्का मारता था और फिर स्ट्राइक रोटेट करने के लिए एक और दो रन की तलाश करता रहता है। कीपिंग में भी, जिस तरह से उन्होंने उस थ्रो को पकड़कर बेन डकेट को रन आउट किया और फिर जिमी एंडरसन का शानदार कैच लिया जो रिवर्स स्वीप के लिए गए थे। जब उनकी उम्र के थे तो उनके पास भी ऐसी ही जागरूकता दिखाते थे और इसीलिए मैंने कहा था कि जुरेल धोनी की तरह हैं।

## रणजी ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में मप्र ने विदर्भ को 170 रनों पर समेटा

नागपुर । मध्य प्रदेश ने यहां रणजी ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल मैच में विदर्भ को पहली पारी में 170 रनों पर ही आउट कर दिया। मध्य प्रदेश की ओर से आवेश खान ने चार विकेट जबकि कुलवंत खेजरोलिया और वेंकटेश अय्यर ने दो-दो विकेट लिए। इसके बाद मध्य प्रदेश की टीम ने अपनी पहली पारी में दिन का खेल समाप्त होने के समय तक एक विकेट खोर 47 रन बना लिए थे। आउट होने वाले एकमात्र बल्लेबाज यश दुबे 11 रन रहे। दिन का खेल खत्म होने तक हिमांशु मंत्री 26 रन और हर्ष गवली 10 रन बनाकर खेल रहे थे।

मध्य प्रदेश ने विदर्भ के खिलाफ मुकाबले में स्पिनरों को कुछ ही ओवर दिये। बाएं हाथ के स्पिनर कुमार कार्तिकेय ने विदर्भ के अंतिम बल्लेबाज उमेश यादव का विकेट लिया। वहीं अन्य स्पिनरों को गेंदबाजी नहीं मिली। विदर्भ की ओर से केवल करुण नायर ही कुछ हद तक मप्र के गेंदबाजों का सामना कर पाये। करुण ने 105 गेंद में नौ चौके लगाकर 63 रन बनाये। तेज गेंदबाज आवेश ने सलामी बल्लेबाज ध्रुव शोरे को 13 रनों पर ही आउट कर दिया। इसके बाद विदर्भ की टीम ने लगातार विकेट खोये। अर्थव तायडे और अमन मोखाडे के बीच 36 रन की साझेदारी हुई पर इसके बाद कोई अन्य जोड़ी रन नहीं बना पायी।

विदर्भ की उम्मीदें करूण के आउट होते ही टूट गयीं। इसके बाद गेंदबाजी में भी विदर्भ के गेंदबाज प्रभावित नहीं कर पाये।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालाघाट**

**ई-टेंडरिंग निविदा आमंत्रण**

बालाघाट जिले के विकासखण्ड खैरलॉजी में हैण्डपंपो के संधारण कार्य की मुहरबंद निविदा प्रपत्र "अ 2.10" (प्रतिशत दर) मे एम.पी. टेण्डर्स पद्धति के माध्यम से लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से आमंत्रित की जाती है जो कि एम.पी. टेण्डर्स सिस्टम पोर्टल के http://mptenders.gov.in द्वारा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार निविदा प्रकिया की जावेंगी ।

निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

| ई-टेण्रिग पद्धति कमांक | निविदा कमांक/ आमंत्रित दिनांक | कार्य की अनुमानित लागत (राशि रू. लाख मे) | धरोहर राशि राशि (अर्नेस्ट मनी) रू. मे | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. मे) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | निविदा प्रपत्र कय करने की एवं दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | ऑन लाईन खुलने की तिथि | पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | | 9 |
| 2024_PHED_337494_1 | 131/26.02.2024 | 18.42 | 36850/- | 2000/- | 1 वर्ष | 11.03.2024 | 13.03.2024 | लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन |

निविदा आमंत्रण सूचना, विस्तृत विवरण एवं Key dates की जानकारी वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है ।

नोट :-

1- सभी इच्छुक ठेकेदार ई-टेंडरिंग पोर्टल (http://mptenders.gov.in) में पंजीयन करायें ।


2- " निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनो को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा । यह संशोधन केवल http://mptenders.gov.in पर ही प्रकाशित किये जायेगें "

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क केडिट कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाईट पर भुगतान कर केवल ऑन लाईन पर ही कय किये जा सकतें है ।

विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाईट पर देखी जा सकती है ।

जी-25309/23

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,
बालाघाट (म.प्र.)
(07632-241131)


विकसित, प्रगतिशील और
उन्नत मध्यप्रदेश के निर्माण की
प्रार्थना
राम–राज्य के पावन मूल्यों और आदर्शों को आत्मसात कर
विकसित और प्रगतिशील मध्यप्रदेश के निर्माण का पवित्र संकल्प लेकर
प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद लेने
मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल का अयोध्या धाम प्रस्थान
4 मार्च, 2024 - पूर्वाह्न 11:30 बजे - भोपाल
मध्यप्रदेश की ऐतिहासिक और पुरातन नगरी उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य ने 2000 वर्ष पूर्व अयोध्या में कराया था, 43 से अधिक मंदिरों का निर्माण
देश ने 500 साल के अनवरत संघर्ष के बाद पाया प्राण-प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक अवसर
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में प्राण-प्रतिष्ठा पर उत्सवमय हुआ पूरा देश
राम–राज्य के सपने को करेगी साकार – डबल इंजन सरकार
D11227/23
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

# पुलिस जनसंवाद कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने पुलिस से किया सीधा संवाद

## शहर की छोटी से बड़ी समस्या रखी पुलिस के समक्ष पुलिस अधिकारियों ने समस्या के निराकरण का दिया आश्वासन

बालाघाट( पद्मेश न्यूज ) । पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जिले में पुलिस व्यवस्था बनाए रखने और पुलिस और जनता के बीच आपसी रिश्ते कायम रहे और जनता पुलिस पर भरोसा करें इस हेतु पुलिस जन संवाद कार्यक्रम का जिले के सभी थानों में आयोजन किया गया, इसी प्रकार कोतवाली थाने में भी शहर की समस्याओं को जानने के लिए पुलिस ने पुलिस जनसंवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शहर के सभी पार्षद नगर पालिका अध्यक्ष सहित ग्राम पंचायत के सरपंच व जनप्रतिनिधि इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए और सभी ने अपने-अपने क्षेत्र व वार्डो में हो रही समस्या को पुलिस के सामने रखा , किसी ने बताया कि इन दिनों शहर में हो रही चोरियां और असामाजिक तत्वों द्वारा खुले में शराब का सेवन करना एवं छोटी से लेकर बड़ी समस्याओं को पुलिस अधिकारियों के समक्ष रखा, तो वहीं पुलिस अधिकारियों द्वारा भी छोटी से छोटी समस्याओं को लेकर जल्द ही उनके निराकरण करने की बात पुलिस जन संवाद कार्यक्रम के तहत कही गई। आपको बता दे की कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ करने व जनता-पुलिस के बीच स्वस्थ्य संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक मप्र के निर्देश पर जिलेभर के थानों में रविवार को पुलिस व जनता के बीच सीधा संवाद कार्यक्रम हुआ। कोतवाली सहित विभिन्न थानों में पुलिस अफसरों ने जनता, व्यापारी, जनप्रतिनिधियों से न सिर्फ उनकी समस्याएं व शिकायतें सुनीं, बल्कि अपराधों से बचने के लिए लोगों को सतर्क रहने की सलाह भी दी। कोतवाली थाना में डीआईजी ( बालाघाट रेंज) मुकेश कुमार श्रीवास्तव, एएसपी विजय डावर, सीएसपी अंजुल अयंक मिश्रा, कोतवाली टीआई निरीक्षक प्रकाश वास्कले, यातायात थाना प्रभारी आकाश शर्मा ने जनता की समस्याएं सुनीं। थाना तिरोड़ी में हुए जनसंवाद में एसपी समीर सौरभ ने लोगों की समस्याएं जानीं और उन्हें दूर करने के लिए अधीनस्थ अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। सबसे अधिक शिकायतें शहर व उप नगरीय क्षेत्रों में शराबखोरी की रहीं। जनप्रतिनिधियों व लोगों ने खुलेआम गांजा व शराब पीने की समस्या से पुलिस अधिकारियों को रूबरू कराया।




### खुले में शराब पीने वालों पर हो कार्यवाही

अहाते बंद होने के बाद खुले शराब पीने के मामले अधिक देखे जा रहे हैं। जनसंवाद कार्यक्रम में भी अधिकतर समस्याएं इसी विषय पर रहीं। खगेश कावरे, योगराज लिल्हारे सहित अन्य लोगों ने शराब दुकानों में तथा दुकान के आसपास शराब पीने की घटनाओं को रोकने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोग सड़कों के किनारे, स्कूल परिसर जैसे सार्वजनिक स्थलों में शराब पीते हैं। वार्ड क्रमांक-28 में तो अवैध रूप से शराब पिलाने की दुकान (बार) खुल गई है। इसके बाद महिलाओं व युवतियों के साथ अभ्रदता होती है। इतना ही नहीं, कई इलाकों में पान दुकानों में अवैध शराब बिक रही है, जिस पर अंकुश लगाना जरूरी है।

### शहर में बिगड़ रही है यातायात व्यवस्था

जनसंवाद में पार्किंग के अभाव में बिगड़ता यातायात का मुद्दा भी छाया रहा। लोगों का कहना रहा कि गुजरी बाजार से लेकर शहर के प्रमुख मार्गों के किनारे दुकानों में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण गाड़ियां सड़क किनारे खड़ी करनी पड़ती है। इससे ट्रैफिक चरमरा जाता है। प्रमुख चौक-चौराहों पर यातायात का बल पर्याप्त न होने के कारण जाम व विवाद की स्थिति बनती है। रेलवे ओवरब्रिज के लिए यातायात को परिवर्तित किया गया है, लेकिन जिन मार्गों को परिवर्तित किया है, उसकी स्थिति खराब है। नवेगांव से गोंगलई होते हुए डेंजर रोड की हालत खराब होती जा रही है।

### रात्रि गश्त बढ़ाने का छाया रहा मुद्दा

कार्यक्रम में बालाघाट अनुभाग सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों में बढ़ रही चोरियों को रोकने के लिए लोगों ने अपील की। बढ़ती चोरियों के विषय पर पुलिस अधिकारियों ने मुखबिर तंत्र को और मजबूत करने तथा गश्ती बढ़ाने की जरूरत को महसूस किया। हालांकि, पुलिस ने हाल ही में हुई चोरी के मामलों को सुलझाने की बात भी कही।

### पुलिस के द्वारा रात्रि कालीन गस्त बढ़ाई जाए- भारती सुरजीत ठाकुर

इस जनसंवाद कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष भारती सुरजीत ठाकुर द्वारा बताया गया कि निश्चित ही आज शहर में निर्माण कार्य के चलते यातायात को लेकर थोड़ी समस्या उत्पन्न हो रही है किंतु यह समस्या कुछ दिन बाद दूर हो जाएगी, किंतु जिस प्रकार से शहर में और उनके स्वयं के वार्ड में चोरी जैसी घटनाएं लगातार हो रही है उससे कहीं ना कहीं पुलिस को ध्यान देने की आवश्यकता है वह चाहती हैं कि पुलिस के द्वारा रात्रि कालीन गस्त बढ़ाई जाए और जो भी कार्यवाही पुलिस और नगर पालिका प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान से हो उसके लिए वह प्रयासरत है और उनके द्वारा भी शहर में जो अच्छा होगा वह करने का प्रयास किया जायेगा है।

### पुलिस के द्वारा सतत कार्रवाई की जाएगी- मुकेश कुमार श्रीवास्तव

डीआईजी मुकेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया गया कि उन्होंने सभी की समस्या को सुना और समझा है और निश्चित ही अब पुलिस द्वारा जो भी समस्या शहर के जनप्रतिनिधियों द्वारा रखी गई है उन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए रात्रि कालीन गस्ती बढ़ाई जाएगी, तो वहीं यातायात को लेकर और काम किए जाएंगे एवं जिस प्रकार से सार्वजनिक स्थलों पर शराब का सेवन किया जाता है उन पर पुलिस के द्वारा सतत कार्रवाई की जाएगी और जो जो भी बिंदु जनप्रतिनिधियों द्वारा जन संवाद कार्यक्रम में रखे गए हैं उन पर त्वरित ही टीम बनाकर काम किए जाएंगे और इसके बाद एक बार और जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जो भी बिंदु छूट जाते है उन पर भी काम किया जाएगा।

# अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में करीब आधा दर्जन लोग घायल

## सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में कराया गया भती

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में थाना व ग्राम नवेगांव निवासी 26 वर्षीय पुलिस आरक्षक निलेश सिंह पिता मोहन सिंह ठाकुर ,22 वर्षीय आशीष पिता उमेलाल झूलेश्वर , थाना लालबर्रा ग्राम मुरझाड़ वार्ड नंबर 11 निवासी 20 वर्षीय नितिन पिता लालचंद नगपुरे, थाना कटंगी ग्राम चिकमारा निवासी 20 वर्षीय तपेश पिता यशवंत पारधी थाना लालबर्रा ग्राम सिकंदरा निवासी 59 वर्षीय आशाराम पिता हुकुमचंद मरठे , और नेवरगांव निवासी 60 वर्षीय रामकिशन पिता नारु खैरवार के नाम का समावेश है। जिनका जिला अस्पताल में उपचार जारी है।**



### मोटरसाइकिल की ठोस से महिला घायल

सड़क दुर्घटना का पहला मामला भरवेली थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम हीरापुर मुण्डीमाई के समीप का है जहां एक बाईक चालक ने महिला को टक्कर मारकर घायल कर दिया।घायल महिला का नाम ग्राम खुटिया निवासी 45 वर्षीय सुकवन्ता पति सुंदरलाल कोलते बताया गया है।जहां सड़क दुर्घटना में घायल होने पर उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहा उसका उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर करीब 1-30 बजे खुटिया निवासी सुंदरलाल कोलते अपनी पत्नि सुकवन्ता के साथ सोनेवानी रूपझर समधी के गांव जाने के लिये घर से निकले थे। जो हीरापुर मुण्डीमाई के पास बैहर की ओर जाने वाली बस को रोककर बस में बैठने जा रहे थे कि तभी उकवा की ओर से आ रहे एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सुकवन्ता को ठोस मार दी। जिसे चोट आने पर उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है।

### अज्ञात मोटरसाइकिल की ठोस से पुलिस आरक्षक और उसका दोस्त घायल

सड़क दुर्घटना का दूसरा मामला ग्रामीण थाना क्षेत्र नवेगांव का है जहां अज्ञात मोटरसाइकिल की ठोस से एक पुलिस आरक्षक सहित उसका दोस्त मोटर साइकिल सहित सड़क पर गिरने से घायल हो गए। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घायलों में ग्रामीण थाना नवेगांव निवासी 26 वर्षीय नितेश सिंह पिता मोहन सिंह ठाकुर और 22 वर्षीय आशीष पिता उमेलाल झुलेश्वर के नाम का समावेश है। जिनके सड़क दुर्घटना में घायल होने पर उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार जारी है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार निलेश पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर पदस्थ है।बीती रात करीब 9-30 बजे वहां अपने दोस्त आशीष झुलेश्वर के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर बालाघाट से अपने घर नवेगांव जा रहा था जैसे ही वे मोटरसाइकिल से नवेगांव चौक पहुंचे वैसे ही गोंदिया की तरफ से आ रहे एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने तेज रफ्तार से लापरवाही पूरक वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को ठोस मार दी। जिससे दोनों दोस्त सड़क पर गिरकर घायल हो गए। जहां स्थानीय लोगों ने उन्हें 108 एंबुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उनका उपचार जारी है ।

### अज्ञात वाहन की ठोस से 20 वर्षीय युवक घायल

सड़क दुर्घटना का तीसरा मामला लालबर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम खामघाट और मुरझड़ के बीच का बताया जा रहा है। जहां अज्ञात मोटरसाइकिल की ठोस से एक 20 वर्षी युवक गाड़ी सहित सड़क पर गिरने से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है।इस सड़क हादसे में घायल हुए युवक का नाम थाना लालबर्रा ग्राम मुरझड़ वार्ड नंबर 11 निवासी 20 वर्षीय नितिन पिता लालचंद नगपुरे बताया गया है। जिसका जिला अस्पताल में उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुरझड़ निवासी नितिन नगपुरे खेती-बाड़ी का काम करता है ।जो बीती शाम अपने दोस्त लक्ष्मी लिल्हारे के साथ करीब 6-30 बजे लालबर्रा से वापस अपने घर जा रहा था। जब वह खामघाट और मुर्झर के बीच पहुंचा तभी किसी अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे ठोस मार दी।जिससे नितिन और उसका दोस्त लक्ष्मी लिल्हारे सड़क पर गिर गए। जहां इस हादसे में नितिन को गंभीर रूप से चोट आई है। जिसे निजी वाहन से जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है जहा उसका उपचार जारी है।

### अज्ञात मोटरसाइकिल की ठोस से चिकमारा निवासी तपेश घायल

सड़क दुर्घटना का चौथा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मोती नगर चौक का है जहां बीती रात अज्ञात मोटरसाइकिल के ठोस से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है। घायल युवक का नाम थाना कटंगी ग्राम चिकमारा वार्ड नं 11निवासी 20 वर्षीय तपेश पिता यशवंत पारधी बताया गया है। जिसका जिला अस्पताल में उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चिकमारा निवासी तपेश किसी काम से नगर के मोती नगर की तरफ गया था। जहां बीती रात करीब 8 बजे चौक के समीप एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार से मोटरसाइकिल चलाते हुए उसे ठोस मार दी,जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उसका उपचार जारी है।


### मोटरसाइकिल के बीच हुई भिड़ंत में दो घायल

सड़क दुर्घटना का पाँचवा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली वार्ड नंबर 4 देवटोला का है जहां दो मोटरसाइकिल के बीच हुई भिड़ंत में दो लोग घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में थाना लालबर्रा ग्राम सिकंदरा निवासी 59 वर्षीय आशाराम पिता हुकुमचंद मरठे और नेवरगांव निवासी 60 वर्षीय रामकिशन पिता नारु खैरवार के नाम का समावेश है। जिनका जिला अस्पताल में उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिकंदरा निवासी आशाराम आटा चक्की चलाता है जो अपने रिश्तेदार के घर जाने के लिए बालाघाट आया था जहां बालाघाट बस स्टैंड में नेवरगांव निवासी रिश्तेदार रामकिशन खैरवार से उसकी मुलाकात हुई।दोनों मिलकर अमेडा निवासी उनकी बहन कल्पना के घर जा रहे थे। आशाराम गाड़ी चला रहा था, जबकि रामकिशन पीछे बैठा था। वे मोटरसाइकिल से देवटोला नहर के पास पहुंचे ही थे कि सामने से जा रही एक मोटरसाइकिल चालक ने अचानक अपनी मोटरसाइकिल बाय से दाए की तरफ मोड़ दी, जिससे पीछे से आ रही आशाराम की मोटरसाइकिल सामने की मोटरसाइकिल से टकरा गई और मोटरसाइकिल में सवार दोनों रिश्तेदार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार जारी है।

# रेलवे पटरी पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

बालाघाट( पद्मेश न्यूज ) । शनिवार की देर रात बालाघाट से गोंदिया रेल मार्ग स्थित नवेगांव से गोंगलई के बीच रेलवे पटरी मे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि मृतक अज्ञात व्यक्ति की उम्र करीब 40 से 45 वर्ष के बीच है।जिसके सिर में चोट के निशान मिले है। हालांकि मृतक व्यक्ति कौन था, कहां से आया था, और कहां का रहने वाला था फिलहाल इसकी जानकारी नहीं लग पाई है। वही उस अज्ञात व्यक्ति ने आत्महत्या की है या फिर उसकी हत्या कर शव रेलवे ट्रैक पर फेंका गया है इसका भी फिलहाल खुलासा नहीं हो पाया है ।जिसकी जांच ग्रामीण थाना नवेगांव पुलिस द्वारा की जा रही है ।बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगों ने जब रेलवे ट्रैक पर पड़ा अज्ञात व्यक्ति का शव देखा, तो इसकी जानकारी उन्होंने आसपास के लोगों को दी। काफी देर तक शव की शिनाख्त नहीं होने पर स्थानीय लोगों ने इस पूरे मामले की जानकारी नवेगांव पुलिस को दी जहां मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची ग्रामीण थाना पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर पंचनामा सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही पूरी की वही शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये शव जिला अस्पताल पहुचाया। जहां मृतक की पहचान न होने और उसके परिजनों का पता न चलने के कारण अज्ञात शव जिला अस्पताल के मरच्यूरी कक्ष मे सुरक्षित रखवा दिया गया है। उधर पुलिस अज्ञात मृतक के परिजनों के बारे में पतासाजी कर रही है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से टकराने के कारण सिर में गंभीर चोट आने से मौत हो गई होगी। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना कर रही है।







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.१, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट